RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 289
नई दिल्ली, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



यह जीत हार्दिक के लिए उपलब्धि से कम नहीं
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# देवास को 56.2 करोड़ डॉलर नहीं देगी एंट्रिक्स

● दिल्ली उच्च न्यायालय से केंद्र को मिली राहत

● आईसीसी के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश को किया रद्द



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली हाईकोर्ट** ने सोमवार को मध्यस्थता संबंधी एक आदेश को रद्द कर दिया जिसमें इसरो के एंट्रिक्स कारपोरेशन को ब्याज के साथ 56.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हर्जाना देवास को देने का निर्देश दिया गया था। यह राशि 2011 में एक करार को 'गैरकानूनी रूप से' समाप्त करने के लिए दी जानी थी। हाईकोर्ट ने भुगतान संबंधी आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि यह 'पेटेंट अवैधता और धोखाधड़ी' से जुड़ा है, तथा भारत की लोक नीति के खिलाफ है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने एंट्रिक्स द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह कानून के तहत दायर याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें 14 सितंबर, 2005 को इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गठित मध्यस्थता न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

हाईकोर्ट ने 17 जनवरी, 2022 के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र किया जिसमें कहा गया था कि एंट्रिक्स और देवास के बीच वाणिज्यिक संबंधों के बीज देवास की धोखाधड़ी से जुड़े थे और उन बीजों से उगने वाले पौधों का हर हिस्सा, जैसे समझौता, विवाद, मध्यस्थता आदेश आदि, सभी फर्जीवाड़ा के जहर से संक्रमित है। एंट्रिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, भारत सरकार की एक पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक एवं विपणन शाखा के रूप में एंट्रिक्स, दुनिया भर में अपने अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को अंतरिक्ष उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराती है।

### क्या है देवास-एंट्रिक्स डील मामला

**देवास** मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड को सितंबर 2015 में इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स मध्यस्थता पैनल ने 56.2 करोड़ डॉलर का हर्जाना देने का अदेश दिया था, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि एंट्रिक्स ने देवास के लिए सैटेलाइट बनाने के कॉन्ट्रैक्ट को अनुचित तरीके से रद्द कर दिया था। एक अमेरिकी अदालत ने अक्टूबर 2020 में आईसीसी के हर्जाने के फैसले को बरकरार रखा था। इसरो की वाणिज्यिक शाखा एंट्रिक्स ने 2011 में व्यवसाय के साथ एक सैटेलाइट व्यवस्था को रद्द कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक दशक लंबा कानूनी विवाद हुआ। नतीजतन, देवास के शेयरधारक देवास को 1.2 अरब डॉलर का इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स मध्यस्थता हर्जाना देने का दबाव बना रहे हैं।

# भारत-चीन बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे

● लद्दाख में सीमा पर तनावपूर्ण हालात के बावजूद रूस में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/मास्को

**लद्दाख** सीमा की कुछ चौकियों पर पिछले दो वर्षों से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के बावजूद भारत और चीन अगले महीने रूस में शुरू होने वाले सैन्य अभ्यास में भाग ले सकते हैं। इस अभ्यास में कई देश अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। रूस में यह मेगा ड्रिल ऐसे समय हो रही है जब कई महीने से उसकी सेना यूक्रेन से युद्ध लड़ रही है। आठ दिवसीय वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास एक सितंबर से सुदूर पूर्व और जापान के सागर में विभिन्न स्थानों पर शुरू होगा, जिसमें 140 से अधिक विमान और 60 युद्धपोत शामिल होंगे। यहां कई देशों के 50,000 से अधिक सैनिक मौजूद रहेंगे। भले भारत और चीन के इस सैन्य अभ्यास में शामिल होने की संभावना है, लेकिन रूस के 13 स्थानों पर फैले इस अभ्यास में दोनों देशों के एक साथ अभ्यास करने की संभावना नहीं है।

रूस के सरकारी स्वामित्व वाली तास समाचार एजेंसी ने एक बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि पूर्वी सैन्य जिलों में रूसी संघ और उसके सहयोगियों की सैन्य सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से युद्धक अभियानों के विभिन्न परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए वोस्तोक 2022 रणनीतिक कमान और स्टाफ अभ्यास की परिकल्पना की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास पूर्वी सैन्य जिले के सात प्रशिक्षण मैदानों और ओखोटस्क सागर और जापान सागर के समुद्री एवं तटीय क्षेत्रों में आयोजित होगा। इसमें सेनाएं रक्षा और आक्रमण दोनों तरह का अभ्यास करेंगी। मंत्रालय ने यह भी कि इस अभ्यास में चीन, भारत, लाओस, मंगोलिया, निकारागुआ, सीरिया समेत कई पूर्व-सोवियत देशों के सैनिक हिस्सा लेंगे। यह रणनीतिक युद्ध अभ्यास विभिन्न देशों के 50,000 से अधिक सैनिकों और 5,000 से अधिक आयुध और सैन्य हार्डवेयर विशेष रूप से 140 विमानों, 60 लड़ाकू जहाजों, गनबोट और सहायक जहाजों को एक साथ काम करने का मौका देगा। इस अभ्यास में शामिल हो रही रूस की सैन्य टुकड़ी में पूर्वी सैन्य जिले के मिलिट्री कमांड सेंटर और सैनिक, एयरबोर्न बल इकाइयां, लंबी दूरी के सैन्य परिवहन विमान होंगे। मंत्रालय ने कहा कि सैन्य अभ्यास कमांडरों और मुख्यालयों के कौशल में महारत हासिल करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। युद्धाभ्यास मिलिट्री कमांड सेंटर की समुद्री क्षेत्रों में युद्धक ऑपरेशन की योजना, सैनिकों को सभी रसद समर्थन, कमान



नियंत्रण जैसी तैयारियों को भी परखेगा। इस अभ्यास के सामरिक कार्यक्रम रूस और उसके सहयोगी देशों की सैन्य टुकड़ियों द्वारा व्यावहारिक ऑपरेशन के विभिन्न परिदृश्यों पर आधारित हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि रूसी और चीनी नौसैनिक बल समुद्री मार्गों और समुद्री आर्थिक क्षेत्रों की रक्षा के लिए जापान सागर में संयुक्त अभियान चलाएंगे। पिछले साल, भारत ने रूस में आयोजित जेडएपीएडी-2021 सैन्य अभ्यास में भाग लिया था, जिसमें चीन और पाकिस्तान सहित 17 देश शामिल हुए थे। इस महीने की शुरुआत में चीनी रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने इस अभ्यास में भाग लेने के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। इसका उद्देश्य इस अभ्यास में शामिल होने वाले देशों की सेनाओं के साथ व्यावहारिक और मैत्रीपूर्ण सहयोग को मजबूत करना एवं रणनीतिक समन्वय के स्तर को बढ़ाना है। यूक्रेन युद्ध एवं लद्दाख में उपजे गतिरोध की ओर इशारा करते हुए बयान में कहा गया कि इस सैन्य अभ्यास का वर्तमान अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थितियों से कोई वास्ता नहीं है। चीन ने यह भी कहा था कि इस अभ्यास में भारत, बेलारूस, ताजिकिस्तान, मंगोलिया और अन्य देश भी शामिल हो रहे हैं। संयोग से, वोस्तोक-22 से अलग भारत अमेरिका और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के कई नाटो देशों के साथ तीन सप्ताह के अभ्यास पिच ब्लैक-22 में भी भाग लेगा। इस सैन्य अभ्यास में 17 देश भाग ले रहे हैं, जिसमें लगभग 100 विमान और 2,500 सैन्यकर्मी युद्धक क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। बीते 19 अगस्त से शुरू हुआ यह अभ्यास 8 सितंबर तक चलेगा।

### देमचोक में भारतीय चरवाहों को रोकने का मामला सुलझा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख के कुछ स्थानों पर टकराव के बीच हाल ही में चीनी सैनिकों ने देमचोक को अपना क्षेत्र बताते हुए भारतीय चरवाहों को रोक दिया था। इस मुद्दे को दोनों सेनाओं के स्थानीय कमांडरों के हस्तक्षेप के बाद सुलझा लिया गया, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव न बढ़े। देमचोक में दोनों देशों की सेनाओं का भारी जमावड़ा है और वहां राजनयिक और सैन्य स्तर की वार्ता जारी है। ताजा घटना इसी स्थान पर 21 अगस्त को उस समय हुई जब चीन के सैनिकों ने कुछ भारतीय चरवाहों को चीनी क्षेत्र होने का दावा करते हुए रोक दिया था। यह स्थान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के देमचोक के सीएनएन जंक्शन के पास है। सूत्रों के अनुसार इस मामले को लेकर दोनों देशों के बीच कोई टकराव नहीं हुआ। सूत्रों ने कहा कि पहले भी इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी देखने को मिली थीं जब भारतीय चरवाहों को चीनी सैनिकों ने उस हिस्से में आने से रोका था। वर्ष 2019 में चरवाहों के साथ भी मारपीट की थी। भारतीय चरवाहे हर साल वहां जाते हैं क्योंकि यह उनके पशुओं के चरने के लिए पारंपरिक चारागाह और क्षेत्र है। सूत्रों के अनुसार ताजा घटना को लेकर दोनों सेनाओं के स्थानीय कमांडरों के बीच बैठक के बाद इस मुद्दे का समाधान किया गया। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों ने दोनों देशों के बीच निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए। देमचोक एक संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि 2016 में दोनों सेनाओं के बीच उस समय आमना-सामना हुआ था जब चीनी सेना ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत एक सिंचाई नहर के निर्माण पर आपत्ति जताई थी। वर्ष 2018 में, चीनी सैनिक देमचोक में भारतीय क्षेत्र में 500 मीटर से अधिक अंदर तक घुस आए थे और चराई के मैदान में भारतीय चरवाहों द्वारा लगाए गए तंबुओं को भी उखाड़कर फेंक दिया था।

# विस में आप-भाजपा का रातभर शक्ति प्रदर्शन

● सत्ता पक्ष ने 1400 करोड़ का आरोप लगा मांगा एलजी का इस्तीफा, विपक्ष दे रहा सिसोदिया को बर्खास्त किए जाने पर जोर

● केजरीवाल ने विधानसभा में पेश किया विश्वास मत प्रस्ताव



दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम आदमी** पार्टी और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच तनातनी उस समय और बदतर स्थिति में पहुंच गई जब सत्ताधारी पार्टी के विधायकों और विपक्षी भाजपा ने सोमवार रात विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन करने के लिए बैठ गए। रात के अंधेरे में अलग-अलग जगह बैठे विधायक हाथों में अपनी मांगों से संबंधित तख्तियां थामे हुए थे। आप विधायक उपराज्यपाल सक्सेना के खिलाफ जांच की मांग कर रहे हैं, जिन्होंने 2016 में केवीआईसी के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कथित रूप से चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने के लिए केवीआईसी कर्मचारियों पर दबाव डाला था। आप विधायकों ने आरोप लगाया कि ये नोट केवीआईसी के नहीं थे। दूसरी ओर, भाजपा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग के साथ-साथ विपक्षी विधायकों को सदन से बाहर करने के डिप्टी स्पीकर की कार्रवाई का विरोध कर रही है।

इस बीच, राज निवास के सूत्रों ने उपराज्यपाल के खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वे मंगलवार को इस बारे में विस्तृत ब्योरा जारी करेंगे। सूत्रों ने कहा कि सक्सेना ने खुद केवीआईसी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी जब उन्हें पुराने नोटों को बदलने में अनियमितता के आरोपों का पता चला। सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने वेल में आकर आरोप लगाया कि जब सक्सेना केवीआईसी के अध्यक्ष थे तो इस संस्थान में 1,400 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। उन्होंने कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों से जांच और एलजी पद से सक्सेना के इस्तीफे की मांग की।

भाजपा ने सक्सेना का बचाव करते हुए कहा कि आप नेता आबकारी घोटाले का पर्दाफाश करने के लिए उनसे बदला लेने को ये आरोप लगा रहे हैं। भाजपा के रोहिणी विधायक विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में संवाददाताओं से कहा कि जब से एलजी के रूप में वीके सक्सेना ने पदभार संभाला है, वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण और आबकारी नीति जैसे कई मुद्दों पर सरकार से सवाल कर रहे हैं। अब आप नेता उनसे बदला लेने और अपने घोटाले से जनता का ध्यान हटाने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं। विधानसभा में सोमवार को भारी हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के विधायक वीके सक्सेना की गिरफ्तारी की मांग को लेकर काफी (शेष पेज 8)

# यमुना में मूर्ति विसर्जित करते डूबे पांच युवक, योगी ने जताया शोक

**नोएडा( पीएनएस )।** यमुना नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक किशोर समेत पांच युवकों की डूबने से मौत हो गई है। डूबने वाले पांचों युवक नोएडा के गांव सलारपुर के रहने वाले थे। घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना रविवार को डीएनडी फ्लाईवे के नीचे हुई। नोएडा पुलिस के अनुसार घटना में सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रहने वाले अंकित सिंह (20), अर्पित (16), वीरेंद्र (23), ललित (20) और ऋतुराज श्रीवास्तव (20) की मौत हो गई। ये सभी लोग डीएनडी फ्लाईवे के नीचे यमुना नदी में भगवान कृष्ण की मूर्ति का विसर्जन करने के लिए यमुना किनारे पहुंचे थे। मूर्ति को विसर्जित करने के बाद नदी में नहाते समय तेज जलधारा की चपेट में आ गए और संभलने का मौका नहीं मिला। इस कारण पांचों युवक डूब गए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। जारी (शेष पेज 8)

# एटीएमस विलेज के 75% निवासी घर लौटे

● ट्विन टॉवर गिरने के बाद दोपहर तक एमराल्ड कोर्ट के आधे रहवासी वापस आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ट्विन टॉवर ध्वस्त होने के बाद पड़ा मलवा

**सुपरटेक** के अवैध ट्विन टॉवर को गिराए जाने के एक दिन बाद इस स्थान से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित एटीएस विलेज सोसाइटी के करीब 75 फीसदी निवासी और एमराल्ड कोर्ट के करीब आधे निवासी सोमवार शाम तक अपने घरों में लौट आए। ट्विन टॉवर में शामिल एक इमारत की ऊपर की तीन मंजिल के मलबे का हिस्सा एटीएस विलेज के परिसर में गिरा है जिससे उसकी एक दीवार का नौ मीटर का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। कुछ अपार्टमेंटों की खिड़कियों के शीशे टूटे, लेकिन एटीएस विलेज और एमराल्ड कोर्ट से सटे भवनों को कोई संरचनात्मक नुकसान नहीं हुआ है। एमराल्ड कोर्ट रेजिडेंट्स समूह के अध्यक्ष यूबीएस तेवतिया ने बताया कि चार से पांच घरों की खिड़कियों के शीशों के चिटकने की जानकारी मिली है, ज्यादा से ज्यादा ऐसे 10 मामले हो सकते हैं लेकिन यह सामान्य बात है। हमारी सोसाइटी में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। एडिफिस इंजीनियरिंग के परियोजना प्रबंधक मयूर मेहता ने कहा कि मलबे का यह हिस्सा उसी दायरे में गिरा है जिसे विध्वंस करने वाले दल ने पहले ही अपने आकलन में शामिल किया था। दीवार के नुकसान का भी आंकलन कर लिया गया है। एडिफिर इंजीनियरिंग ने पहले ही बताया था कि उसके पास आवासीय टावरों को किसी भी तरह की संरचनात्मक क्षति होने की स्थिति में मरम्मत के लिए 100 करोड़ का बीमा कराया गया था। फर्म ने कहा कि एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज में हुए नुकसान को ठीक कर दिया जाएगा।

दोनों सोसाइटी के आवासीय संघों के अध्यक्षों ने कहा कि ट्विन टॉवर को गिराए जाने के बाद दोनों में से किसी भी सोसाइटी के किसी निवासी को सेहत संबंधी कोई दिक्कत सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि रविवार को अपराह्न ढाई बजे विध्वंस से पहले ट्विन टॉवर के समीप की दोनों सोसाइटी एपेक्स (32 मंजिला) और सियान (29 मंजिला) के करीब 5,000 निवासियों को वहां से निकाला गया था। अवैध ट्विन टॉवर रविवार को गिरने के बाद कई लोगों ने राहत और खुशी व्यक्त (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,833 | |
| निफ्टी | 17,558 | |
| सोना | 52,031 | /10g |
| चांदी | 55,979 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### एलटीसी घोटाले में जदयू के पूर्व सांसद अनिल सहनी दोषी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण (ब्यूरो) की एक विशेष अदालत ने सोमवार को जद (यू) के पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल कुमार सहनी को अवकाश एवं यात्रा भत्ता (एलटीसी) घोटाला मामले मे दोषी ठहराया। यह मामला 2012 में बिना यात्रा किए ही एयर इंडिया के फर्जी ई-टिकट के सहारे यात्रा भत्ता (टीए) प्राप्त करने का प्रयास करने से संबंधित है। सीबीआई ने जांच के दौरान पाया कि सहनी ने टीए बिल के दो सेट पेश करते हुए राज्यसभा से 23.71 लाख रुपए का दावा किया था। उनमें से एक सेट में मार्च, 2012 में सांसद और नौ अन्य साथियों के नाम से 20 फर्जी ई-टिकट और 40 बोर्डिंग पास पेश किए गए थे। दूसरे सेट में दिसंबर 2012 में सहनी और उनके छह साथियों के नाम पर सात जाली ई-टिकट और 21 बोर्डिंग पास थे।

# जिंदा जलाई गई हिंदू युवती के परिजनों को सरकार देगी मुआवजा

● मुख्य आरोपी शाहरुख का साथी नईम भी गिरफ्तार, महिला आयोग ने कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी

**भाषा।** रांची, दुमका

**झारखंड सरकार** ने दुमका जिले में एक हिन्दू युवती को जिंदा जलाए जाने की घटना के बाद सोमवार को उसके परिजनों को नौ लाख रुपए का मुआवजा सौंपा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस घटना के सिलसिले में पुलिस से सात दिनों के भीतर कार्वाई के बारे में रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिला प्रशासन को शोक संतप्त परिवार को तत्काल 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। दुमका के उपायुक्त (डीसी) रविशंकर शुक्ला ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुख्यमंत्री के निर्देश पर युवती के परिवार को राहत राशि मुहैया करा दी गई है। सोमवार को परिवार को नौ लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि जब महिला को दुमका से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में स्थानांतरित किया जा रहा था, तब परिवार को एक लाख रुपए की राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी थी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक राज्यपाल रमेश बैस ने अपने विवेकाधीन अनुदान से पीड़ित परिवार को तत्काल दो लाख रुपए देने की घोषणा की है। राज्यपाल बैस ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को घटना में स्थानीय पुलिस की भूमिका की जांच करने का भी निर्देश दिया और कहा कि आरोपियों की (शेष पेज 8)


# देश में आत्महत्या के सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र में

## तमिलनाडु दूसरे और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर, वर्ष 2021 में खुदकुशी के 1,64,033 मामले आए

एनसीआरबी के आंकड़े

● केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली 2,840 मामलों के साथ पहले नंबर पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश में** 2021 में महाराष्ट्र में आत्महत्या की सर्वाधिक 22,207 घटनाएं हुईं। तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आत्महत्या के मामलों में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पूरे भारत में आत्महत्या के 1,64,033 मामले दर्ज किए गए। वहीं केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली में सर्वाधिक 2,840 आत्महत्या के मामलों के साथ नंबर एक पर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पेशे या करियर से संबंधित समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत और वित्तीय नुकसान देश में आत्महत्या की घटनाओं के मुख्य कारण हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2020 में आत्महत्या के कुल 1,53,052 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में सात प्रतिशत अधिक कुल 1,64,033 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें कहा गया है कि आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल देश में महाराष्ट्र में आत्महत्या के सर्वाधिक 22,207 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद, तमिलनाडु में 18,925, मध्य प्रदेश में 14,965, पश्चिम बंगाल में 13,500 और कर्नाटक में 13,056 मामले दर्ज किए गए जो आत्महत्या के कुल मामलों का क्रमशः 13.5 प्रतिशत, 11.5 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत और आठ प्रतिशत है।

देश में दर्ज आत्महत्या के कुल मामलों में से इन पांच राज्यों में 50.4 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। शेष 49.6 प्रतिशत मामले 23 अन्य राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों में सामने आए। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में तुलनात्मक रूप से आत्महत्या के कम मामले सामने आए जो देश में दर्ज इस तरह की घटनाओं का केवल 3.6 प्रतिशत हैं। वहीं, केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वाधिक आबादी वाली दिल्ली में 2021 में आत्महत्या के सर्वाधिक 2,840 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद पुडुचेरी में 504 मामले दर्ज किए गए। गत वर्ष देश के 53 बड़े शहरों में आत्महत्या के कुल 25,891 मामले दर्ज किए गए। देश में 2021 में प्रति एक लाख की आबादी पर आत्महत्या के मामलों की राष्ट्रीय दर 12 रही। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आत्महत्या की उच्चतम दर (39.7) दर्ज की गई। इसके बाद सिक्किम (39.2), पुडुचेरी (31.8), तेलंगाना (26.9) और केरल में यह दर 26.9 दर्ज की गई।

### 1.73 लाख लोगों की सड़क हादसों में मौत

**देश में** 2021 में यातायात संबंधी करीब 4.22 लाख दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.73 लाख लोगों की जान चली गई। इस तरह के हादसों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 24,711 और इसके बाद तमिलनाडु में 16,685 लोगों की मौत हुई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2020 में यातायात संबंधी दुर्घटनाओं की संख्या 3,68,828 रही जो 2021 में बढ़कर 4,22,659 हो गई। इन यातायात दुर्घटनाओं में 4,03,116 सड़क दुर्घटनाएं, 17,993 रेल दुर्घटनाएं और 1,550 रेलवे क्रॉसिंग दुर्घटनाएं शामिल हैं। 2021 में हुए इन हादसों में क्रमशः 1,55,622, 16,431 और 1,807 लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2020 से 2021 तक राज्यों में यातायात दुर्घटनाओं के मामलों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि तमिलनाडु (46,443 से 57,090 तक) में दर्ज की गई। इसके बाद मध्य प्रदेश (43,360 से 49,493), उत्तर प्रदेश (30,593 से 36,509), महाराष्ट्र (24,908 से 30,086) और केरल में 2020 में हुए 27,998 हादसों की तुलना में 2021 में 33,051 हादसे हुए। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 के दौरान 3,73,884 लोग घायल हुए।

# ट्विन टावर: 50 हजार टन मलबा बेसमेंट में भरा जाएगा

● बाकी मलबा हटाने का काम 90 दिन तक चलेगा, साथ ही ब्लैक बॉक्स जैसी करीब 20 मशीनें निकाली जाएंगी



मलबे को साफ करती जेसीबी की मशीन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बने 29 और 32 मंजिला ट्विन टावर गिर चुके। हवा में घुली धूल भी छंट गई। पर काम पूरा नहीं हुआ। अभी बचा है 80 हजार टन मलबा और मशीनों में दर्ज ट्विन टावर गिरने की कहानी। मलबा हटाने का काम 90 दिन तक चलेगा। इसमें से ब्लैक बॉक्स जैसी करीब 20 मशीनें निकाली जाएंगी।

इन मशीनों से बिल्डिंग के एक्सप्लोजन से जुड़ा डेटा मिलेगा। डिमोलिशन का काम करने वाली कंपनी एडिफ इस के प्रोजेक्ट हेड उत्कर्ष मेहता और प्रोजेक्ट मैनेजर मयूर मेहता ट्विन टावर को गिराने की प्रोसेस में पहले दिन से आखिर में ग्रीन बटन दबाकर ब्लास्ट करने तक शामिल रहे। उन्होंने बताया कि आगे क्या होगा। ट्विन टावर गिराने से पहले इसकी मॉनिटरिंग के लिए 20 मशीनें फिट की गई थीं।

एडिफ इस कंपनी के उत्कर्ष मेहता ने बताया कि हमें मलबे से कुछ मशीनें मिल गई हैं। इनसे डेटा निकाला जा रहा है। इसमें 2.3 हफ्ते लग सकते हैं। जमीन के अंदर लगाई गई मशीनें मिलना बाकी हैं। हमने डस्ट मॉनिटर, नॉइस मॉनिटर और वेलोसिटी मीटर जैसी मशीनें लगाई हैं। इन्हें खोजकर डेटा जमा किया जाएगा। फिर डेटा से रिपोर्ट बनेगी।

इस प्रोसेस में थोड़ा टाइम लगेगा। ब्लैक बॉक्स से मिलने वाला डेटा बहुत अहम है। इसमें भी वेलोसिटी और एक्सलेरेशन मापने की मशीनें लगी होती हैं। डेटा से पता चलेगा कि बिल्डिंग ठीक कितने सेकेंड में नीचे आई। यहां 10 ब्लैक बॉक्स लगाए गए थे। इनमें एक मिल गया है। बाकी अभी मलबे में दबे हैं।

प्रोजेक्ट मैनेजर मयूर मेहता ने बताया कि मलबा निकालने का ठेका रामकी ग्रुप के पास है। अनुमान है कि ट्विन टावर का करीब 80 हजार टन मलबा निकलेगा। इसमें से 50 हजार टन उसी के बेसमेंट में भर दिया जाएगा। मलबा हटाने का काम 90 दिन चलेगा। ये काम रामकी ग्रुप और नोएडा अथॉरिटी मिलकर करेंगे। मलबे से लोहे और सीमेंट को अलग किया जाएगा। इस काम में 20 से 25 दिन लगेंगे। लोहा निकालने के बाद बचा मलबा बेसमेंट में भर दिया जाएगा। लोहा, कंक्रीट और इस तरह के दूसरे मेटेरियल रीसाइकल किए जाएंगे। रामकी ग्रुप का प्लांट नोएडा के सेक्टर.80 में है। उनके पास मलबे को ट्रीट करने का वैज्ञानिक तरीका है।

नोएडा अथॉरिटी ने इसके लिए सारे अप्रूवल दे दिए हैं। ट्विन टावर गिरने से करीब 4.5 मंजिल ऊंचा मलबा का ढेर बन गया है। इसे पूरी तरह हटने में 3 महीने लग जाएंगे। उत्कर्ष मेहता ने कहा कि ट्विन टावर का डिमोलिशन परफेक्ट इंजीनियरिंग का नमूना है।

पूरी दुनिया में इसका एनालिसिस किया जाएगा। दुनियाभर में पहले भी 100 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले स्ट्रक्चर गिरे हैं, लेकिन उनके आसपास काफी जगह थी। गैस पाइपलाइन और आसपास बसाहट जैसी दिक्कतों के बावजूद ट्विन टावर प्लान के मुताबिक गिराए गए हैं।

### आसपास की सोसायटी में ढाई गुना बढ़ा प्रदूषण

**नोएडा।** नोएडा का अवैध बना ट्विन टावर रविवार को ढाई बजे ढहा दिया गया। रविवार रात से अभी तक सोसायटी में रहने वालों का सिलसिला जारी है। ट्विन टावर के ढहने के बाद इसके साइड इफेक्ट सामने आए हैं। ब्लास्ट के वक्त यहां का पॉल्यूशन 5 गुना बढ़ गया है। ब्लास्ट की वजह से एस्टर-2 सोसायटी में कुछ घरों के शीशे टूट गए हैं। कुछ की दीवारों में दरार आ गई है। हालांकि कोई बड़ा नुकसान अभी तक सामने नहीं आया है। सोमवार को भी आम दिनों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा पॉल्यूशन रहा। एमराल्ड कोर्ट के कर्मचारियों ने सुबह से सफाई अभियान शुरू किया। पानी का छिड़काव के साथ ही मलबे के टुकड़ों को हटाया। एमराल्ड कोर्ट में रहने वाले लोगों ने बताया कि सब कुछ ठीक है। जो सड़क थोड़ी बहुत डैमेज हुई है, वह भी ठीक हो जाएगा।

# बुलेट रानी की गुंडागर्दी, पहले रॉन्ग साइड में मारी टक्कर, फिर महिला सिपाही को पीटा

● पुलिस ने शिवांगी को किया गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महिला सिपाही से मारपीट के मामले में पुलिस ने बुलेट रानी के नाम से चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शिवांगी डबास को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ड्यूटी से लौट रही महिला सिपाही की स्कूटी को स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी थी। विरोध करने पर कार में बैठी शिवांगी डबास ने महिला सिपाही के साथ मारपीट कर दी थी।

गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में डायल-112 के ओएमसी ऑपरेशन मिररिंग सेंटर पर तैनात महिला सिपाही ज्योति शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार रात करीब 10 बजे वह ड्यूटी करके स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह सिटी पार्क कट के सामने से सड़क पार कर रही थीं, उसी दौरान पीछे से आई स्विफ्ट कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

ज्योति शर्मा का कहना है कि जब उन्होंने कार चालक को सही तरीके से ड्राइविंग करने की बात कही तो एक युवती कार में से उतरकर आई और उनके साथ गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर वह युवती और भी तैश में आ गई। महिला सिपाही का कहना है कि युवती ने उनकी वर्दी फाड़ते हुए उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। उसने कहा कि उसका नाम शिवांगी डबास है। वर्दी की सारी हेकड़ी निकाल देगी। महिला सिपाही का कहना है कि इसी दौरान उनकी सहकर्मी सिपाही पीछे से आई तो युवती कार में बैठकर फरार हो गई।

कार्यवाहक सीओ कविनगर आकाश पटेल का कहना है कि महिला सिपाही की शिकायत पर शिवांगी डबास को गिरफ्तार कर लिया है।

# ग्रेनो में मिठाई की दुकान में लगी भीषण आग

● सो रहे युवक की हुई दर्दनाक मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सोमवार सुबह एक मिठाई की दुकान में अचानक आग लग गई और इस दौरान दुकान में सो रहे युवक की मौत हो गई। दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान भी जलकर राख हो गया हालांकि दमकल विभाग के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है।

बीटा 2 थाना क्षेत्र के जगत फार्म में यतेंद्र शर्मा की पहलाद स्वीट्स के नाम से एक दुकान है। सुबह यतेंद्र शर्मा ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी दुकान में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई है। जिसके बाद पुलिस और दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया लेकिन इस दौरान दुकान में अंदर सो रहे एक युवक की आग में झुलसने से मौत हो गई। मथुरा जिले के राया का रहने वाला शशि कपूर 21 पहलाद स्वीटस की मिठाई की दुकान पर ही कार्य करता था और रात को दुकान में ही सो जाया करता था। रात भी वह दुकान में सो गया था लेकिन अचानक दुकान में आग लग गई और वह दुकान से बाहर नहीं निकल पाया। इस वजह से आग में झुलस कर और धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने के बाद उसके शव को बाहर निकाला। इस दौरान दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

# फिल्म सिटी के लिए दोबारा निकलेंगे टेंडर कंपनी खुद बना सकेगी डेवलपमेंट प्लान

● 40 साल की जगह 90 साल का लाइसेंस मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में 100 एकड़ में बनने वाली फिल्म सिटी के टेंडर दोबारा निकालने को लेकर एक बार फिर से कवायत शरू हो गयी है। इसको लेकर बीते शनिवार को लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में आरएफपी टेंडर और अनुबंध पत्र व कंसेसेन अग्रीमेंट पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान तय हुआ की पीपी मॉडल पर बनने वाली फिल्म सिटी की विकास करता कंपनी को अब 40 साल की बजाये 90 साल का लायसेंस दिया जाएगा।

यह भी तय हुआ की कंपनी को खुद डेवलपमेंट प्लान बनाने की आजादी होगी। इस सब के लिए सितम्बर में ग्लोबल टेंडर निकला जायेगा। फिल्म सिटी के आलावा इस परियोजना में एम्यूज़मेंट पार्क, ओटीटी प्लेटफ ॉर्म, ब्रॉडकास्टिंग, मीडिया एंटरटेनमेंट, फि ल्म इंस्टीटष्यूट आदि शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है कि विकासकर्ता कंपनी को सालाना 116 करोड़ रुपये या कुल कमाई का 2 प्रतिशत दोनों में से जो अधिक होगा, वह देना पड़ेगा।

लखनऊ में हुई बैठक में नए नियमों पर मुहर लग गई। दोनों डाक्यूमेंट तैयार कर उसे मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी पास कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा डिपो से मेरठ के लिए सात बसें बढ़ाई



**नोएडा।** मोरना स्थित नोएडा डिपो से मेरठ के लिए सात बसें बढ़ाई गई हैं। यह बसें मेरठ एक्सप्रेसवे होते हुए शुरू की गई हैं। पहले इस रूट पर 15 बसें चलती थीं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि इनमें सात बसें हरिद्वार और कोटद्वार तक जाती हैं। वहीं 12 बसें मेरठ और नोएडा के बीच चलती हैं। दिवाली से पहले 50 साधारण बसें मिलने की संभावना है।

### हर दुकान को डस्टबिन रखना अनिवार्य हुआ

**गाजियाबाद।** शहर में सफाई व्यवस्था अब और भी अच्छी होने जारही है। खासकर मार्केट एरिया को नगर निगम कचरा फ्री बनाने जा रहा है। इसके लिए अगले महीने से हर दुकानदार को अपने यहां डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। जहां डस्टबिन नहीं होगा और कूड़ा करकट दुकान के बाहर पड़ा मिलेगा तो जुर्माना लिया जाएगा। इस तरह की नगर निगम ने एक कार्य योजना तैयार कर ली है। इस कार्य योजना को इंदौर की तर्ज पर तैयार किया गया है। ताकी बाजार एरिया में साफ सफाई और अच्छी हो सके। नगर निगम के हेल्थ विभाग का कहना है कि अगले महीने से इस नई व्यवस्था को शहर के सभी बाजारों में अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। नई पॉलिसी को लागू करने का मकसद बाजार एरिया में साफसफाई को अच्छा बनाना है। नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ. मिथलेश कुमार ने गत दिनों इंदौर सिटी का दौरा किया है। वहां भी इसी तरह की व्यवस्था लागू है। अब सभी मार्केट को नगर निगम और स्मार्ट बनाने जा रहा है।

### ऑल इंडिया मेयर कौंसिल की बैठक संपन्न

**गाजियाबाद।** ऑल इंडिया मेयर कौंसिल की बैठक छत्तीसगढ़ के रायपुर में हो रही है। इस बैठक में यूपी के सभी नगर निगमों के मेयर शामिल हो रहे है। बैठक आज भी चलेगी। बैठक में मेयर आशा शर्मा गाजियाबाद नगर निगम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मेयर कौंसिल की बैठक हर तीन महीने में प्रदेश या देश के किसी न किसी राज्य के महानगर में होती है। गत दिनों यूपी के प्रयागराज में यह बैठक आयोजित की गई थी। इस बार ऑल इंडिया मेयर कौंसिल की बैठक छत्तीसगढ़ के रायपुर में होने जा रही है। इस बैठक में बड़ी संख्या में देश के मेयर शामिल होने जा रहे हैं। कौंसिल की इस बैठक में देश स्तर पर अलग अलग राज्य सरकारों की चल रही पॉलिसी पर विचार किया जा रहा है। किस प्रदेश में मेयर को क्या अधिकार है और क्या अधिकार मेयर को मिलने चाहिए। इसको लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा के लिए यह बैठक हो रही है। बैठक का सोमवार अंतिम दिन है।

### गायों में तेजी से फैल रही है लम्पी स्किन डिजीज

**नोएडा।** कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से ग्राम बम्बावड में पशुपालन प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र के पशुपालन विशेषज्ञ डॉ कुंवर घनश्याम ने दुधारू पशुओं में विशेष रूप से गायों में आजकल तेजी से फैल रही लम्पी स्किन डिजीज एलएसडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह एक वायरल बीमारी है, जिससे पशु के सारे शरीर पर गांठें बन जाती हैं और इसमें मवाद पश पड़ने लगता है। यह एक संक्रामक रोग है, जो विषाणुजनित है। पशु के शरीर पर बनी गांठों का यदि इलाज न किया जाये तो उसमें कीड़े भी लग जाते हैं। इस रोग की शुरुआत में तेज बुखार, लिम्फ ग्रंथियों में सूजन व घाव छोटे से बड़े तक हो सकते हैं। दुग्ध उत्पादन में कमी, पशुओं में तनाव, आंखों में लालिमा कंजंक्टिवाइटिस, शरीर के विभिन्न भागों में सूजन व पानी भर जाता है।

### महिला का अश्लील वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में एक महिला का बाथरूम में नहाते समय कथित तौर पर अश्लील वीडियो बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-20 थाना के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-45 में रहने वाली महिला एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सेक्टर-20 निवासी अपने भाई के यहां आई थी। 27 अगस्त की सुबह महिला बाथरूम में नहा रही थी तो उसे कुछ हलचल महसूस हुई। सिंह के मुताबिक, महिला ने ऊपर की तरफ देखा तो एक मोबाइल दिखाई दिया, जिसके जरिए दूसरे फ्लैट से वीडियो बनाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि महिला बाहर निकलकर आई और पास वाले घर में गई, जहां प्रदीप नाम का युवक मौजूद था।

# मोहित हत्याकांड में अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा, जांच पर उठे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में लुहारली गांव के निवासी और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के इंजीनियर मोहित भाटी हत्याकांड में सोमवार को जिला न्यायालय ने सजा सुनाई है। मुख्य अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष के प्राइवेट एडवोकेट चमन प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले में पुलिस ने बेहद दबाव में जांच की। जिसकी वजह से बहुत सारे तथ्यों को छोड़ दिया गया था। अभियोजन के दौरान हम लोगों ने इन सारे बिंदुओं को अदालत के सामने रखा। जिसके आधार पर सोमवार को सजा सुनाई गई है। युवक मोहित भाटी ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में इंजीनियर थे।

चमन एडवोकेट ने बताया, मोहित भाटी 27 नवंबर 2018 की शाम अपने कार्यालय से काम करने के बाद घर वापस लौट रहे थे। जब वह लुहारली गांव के पास पहुंचे तो पुनीत भाटी ने मोहित को तीन गोलियां मारी थीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस प्रकरण में लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाई गई थी।

## दाखिला कराने डीपीएस पहुंचे अधिकारी, हंगामा

**गाजियाबाद।** आरटीई के तहत स्कूल आंवटित होने के बाद भी बच्चों को पांच महीने से दाखिला नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर अभिभावक संघ लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी भी स्कूलों में पहुंचकर दाखिले करा रहे हैं। सोमवार एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास व सिटी मजिस्ट्रेट मेरठ रोड स्थित डीपीएस पहुंचें। स्कूल प्रिंसीपल ने एडमिशन के लिए दो दिन का समय मांगा। लेकिन, मौके पर एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन अन्य के साथ धरना देकर बैठ गए।

# नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल: 8 राज्यों के उत्पादों की लोगों ने जमकर की खरीददारी

● सीतलपट्टी के बने बैग एवं पर्स लोगों को खूब पसंद आए



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-33 स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैसटिवल के चौथे दिन सोमवार को यहां खरीददार उमड़ पड़ा। इस दौरान लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की।

आसाम के सीतलपट्टी के बने बैग एवं पर्स लोगों को खूब पसंद आये। वहीं मणिपुर की हाथी मिर्ची, कटोरे, प्लैटस आदि, मिजोरम के बेंम्बू के सामान, बास्केट, हस्त निर्मित कपडे व खिलौने, नागालैंड की नागा शॉल, आभूषण, लैदर आदि के सामान, त्रिपुरा के हस्त निर्मित सामान, फ र्निचर, सिल्वर ज्वैलरी आदि ने लोगों को खासा आकर्षित किया। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालयों डोनर मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाइल के डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है।

यहां फैस्टिवल के दौरान नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान की झलक भी देखने को मिलेगी नोएडा हॉट में आठों प्रदेशों के खाने के स्टाल भी लगाए जाएंगे। जहां खार्जी, मोमो, ऑमिटा खार, जैडोह, केली चना, पंच फॉरन तरकारी, चाखवी तथा थुकपा का स्वाद भी लोग ले सकेंगे।

यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। 26 अगस्त से शुरू हुए 17 दिनों तक चलने वाले फैस्टिवल में लोग सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खरीददारी कर सकेंगे।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वीना मल्होत्रा/अजीत मल्होत्रा/ LBNOD00005332960/ LBPNP00005147670/ LBPNP00005147672 | प्लॉट नंबर 156, कृष्ण नगर तहसील कैंप पानीपत, हरियाणा/ अगस्त 22, 2022 | सितंबर 27, 2021 रु. 44,60,795/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 30, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

कब्जा सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741

शाखा कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी-2/बी-70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, आशा मॉडर्न स्कूल लेन, निकट सिविल कोर्ट, कोर्ट रोड, आर जी प्लेस के सामने, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय सहारनपुर में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 1356891 सहारनपुर शाखा) आशु कश्यप (कर्जदार) धरमपाल (सह-कर्जदार) रेखा (सह-कर्जदार) | खसरा नंबर 292 मिन, ग्राम हरपाली, शेरू बांस, हरपाली ग्राम मार्किट रोड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247340, प्लॉट एरिया : 1223.117 पूरब :- रोड 12 फीट, पश्चिम :- इस्माइल का मकान, दक्षिण :- रामपाल की सम्पत्ति, उत्तर :- इस्माइल का मकान | 30-05-2022 रू. 13,40,565/- | 25-08-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर : 914478 सहारनपुर शाखा) मोहम्मद यासीन (कर्जदार) सराज बेगम (सह-कर्जदार) | मकान नंबर 4/1464 (पुराना) तथा 4/2757 (नया) नवाबगंज, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001, प्लॉट एरिया : 444.264 पूरब :- श्री नाथूराम का मकान, पश्चिम :- श्री शीश राम का मकान, दक्षिण :- श्री सुखराम का मकान, उत्तर :- गली 6 फीट चौड़ी | 31-05-2022 रू. 6,33,310/- | 26-08-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 3. | (एलसी नंबर : 983917 सहारनपुर शाखा) बबीता (कर्जदार) नरेन्द्र कुमार (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर 12, खसरा नंबर 427 तथा 438 दर कोट ताला स्वाद बैरून दर आबादी, शिव विहार कालोनी, ग्राम नजीरपुरा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001, प्लॉट एरिया : 900 पूरब :- अन्य प्लॉट, पश्चिम :- रास्ता 18, दक्षिण :- प्लॉट नंबर 13, उत्तर :- प्लॉट नंबर 11 | 13-08-2021 रू. 9,57,867/- | 26-08-2022 सांकेतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, सहारनपुर तिथि : 30-08-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



## सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड

आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048, सीआईएनः एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेलः sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in, फोन नंबर : 011-41053325

वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग एवं बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड ("दि कमपनी") के सदस्यों की 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") का आयोजन शुक्रवार, 30 सितंबर 2022 को अप 1.00 बजे आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048 में किया जाना अनुसूचित है, जिसमें कंपनी की एजीएम आयोजन सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों का निष्पादन किया जाएगा।

अन्य के साथ रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं विधि के उल्लेखयुक्त एजीएम की सूचना, उपस्थिति पर्ची एवं परोक्षी प्रपत्र सहित, उन सदस्यों, जिनके नाम सदस्यों की पंजिका/डिपॉजिटरीज से प्राप्त लाभार्थियों की सूची में दर्ज मौजूद हैं, को 29 अगस्त, 2022 को निम्नलिखित तरीके से भेजी जा चुकी है,

क. उन सदस्यों को ई-मेल माध्यम से जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत करा दी है; तथा

ख. अन्य सदस्यों को डाक के माध्यम से जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 ('सूचीकरण विनियमावली') के विनिमय 44 और भारतीय कंपनी सचिवीय संस्थान द्वारा निर्गत सामान्य बैठक पर साचिविक मानक (एसएस2) के निबन्धनों में कंपनी अपने सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से कंपनी की एजीएम आयोजन सूचना में विनिर्दिष्ट किसी व्यवसाय अथवा समस्त व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान करने के अपने अधिकार का उपयोग करने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। अधिनियम तथा उसके अंतर्गत विरचित नियमावली के अनुसार निर्धारित विवरण निम्नानुसार हैं:

क) सदस्यगण जो कि कट-ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितंबर 2022 के अनुसार भौतिक प्रारूप में अथवा अभौतिक प्रारूप में शेयर धारण किए हुए हैं तथा जिनके नाम सदस्यों की पंजिका में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अभिलेखित हैं ('योग्य सदस्यगण'), वे कंपनी की एजीएम आयोजन सूचना में विनिर्दिष्ट किसी व्यवसाय अथवा समस्त व्यवसायों पर रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में आयोजित होनेवाले मतदान द्वारा मतदान करने के अपने अधिकार का उपयोग करने के अधिकारी होंगे;

ख) रिमोट ई-वोटिंग का प्रारंभ मंगलवार, 27 सितंबर 2022 को प्रातः 9.00 बजे होगा;

ग) रिमोट ई-वोटिंग का समापन बृहस्पतिवार 29 सितंबर 2022 को सायं 5.00 बजे होगा;

घ) तत्पश्चात् रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा तथा उसके उपरान्त इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी सदस्य द्वारा एक संकल्प पर एक बार मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को बाद में उसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।

ड.) सदस्यगण यह नोट कर लें कि :

- एजीएम में मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान न करने वाले बैठक में उपस्थित सदस्यगण बैठक में मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने में समर्थ हो सकेंगे।
- एक सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के अपने अधिकार का उपयोग कर चुकने के उपरान्त भी एजीएम में भागीदारी कर सकता है परन्तु उसे एजीएम में मतदान करने की अनुमति प्राप्त नहीं होगी।

च) यदि कोई व्यक्ति एजीएम सूचना के प्रेषणोपरान्त परन्तु कट-ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितंबर 2022 को अथवा इससे पूर्व कंपनी का एक सदस्य बन चुका है तो वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध पत्र भेजकर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

छ) एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों की पंजिका में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अभिलेखित है केवल वही रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

ज) किसी भी पूछताछ या प्रश्न करने की स्थिति में आप http://www.evoting.com के डाउनलोड सेक्शन्स पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेसचन्स (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, वरि. प्रबंधक को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर संपर्क कर सकते हैं अथवा 1800-200-5533/ 91-22-23058543 सीडीएसएल, मैराथन यूचरेक्स, एक-विंग, 25वां तल, एनएम जोशी मार्ग, लोवर पार्ले, मुंबई-400013 को कॉल कर सकते हैं।

झ) निदेशक मण्डल ने सुश्री टीना रानी, सेवारत कंपनी सचिव को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने एवं इंस्टा चुनाव प्रक्रिया की एक उचित एवं पारदर्शी विधि के तहत जांच करने के लिए जांचकर्ता में रूप में नियुक्त किया है।

ञ) कंपनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां जो हैं वो एजीएम के उद्देश्यार्थ शनिवार, 24 सितंबर 2022 से लेकर शुक्रवार, 30 सितंबर 2021 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।

सदस्यगण रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया तथा विधि के लिए एजीएम सूचना का संज्ञान ले सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मतदान से संबद्ध कंपनी के सदस्यों की किसी भी शिकायत अथवा समस्या को श्री राकेश दाल्वी, वरि. प्रबंधक (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए-विंग, 25वां तल, मैराथन यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोवर परेल (ईस्ट), मुंबई-400013 को संबोधित कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल कर सकते हैं अथवा 1800-200-5533 पर कॉल कर सकते हैं अथवा वे कंपनी सचिव को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर लिख सकते हैं।

एजीएम आयोजन की सूचना तथा अन्य संगत प्रलेख कंपनी की वेबसाइट www.sidhgroup.in तथा सीडीएसएल की वेबसाइट evoting@cdslindia.com पर उपलब्ध होंगे।

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अनिल शर्मा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02928210

दिनांक : 29-08-2022
स्थान : नई दिल्ली


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भ्रष्टाचार में डूबी सरकार कर रही तानाशाही : भाजपा

## राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष सदन के दुरुपयोग का मुद्दा उठाएंगे विधायक

### केजरीवाल सरकार लोकतंत्र की सभी मर्यादाओं, परंपराओं और नियमों को भूल चुकीः बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सोमवार को सदन से बाहर निकाले जाने से भाजपा विधायक नाराज हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि आम आदमी पार्टी उन्हें सदन में बोलने का मौका नहीं दे रही है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा की बैठक से आज फिर भाजपा विधायकों को असंवैधानिक तरीके से मार्शल द्वारा बाहर कर दिया गया और पूरे दिन के लिए निष्कासित कर दिया गया।

केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हो गई है और वह इन मुद्दों पर चर्चा कराने से भी घबरा रही है। इसीलिए विपक्ष को सदन से लगातार बाहर किया जा रहा है। बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक इस मामले को लेकर अब राष्ट्रपति के पास जाएंगे और इस तरह सदन के लगातार दुरुपयोग का मुद्दा लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष भी उठाएंगे। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों के साथ संवाददाता सम्मेलन में रोष व्यक्त करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार लोकतंत्र की सभी मर्यादाओं, परंपराओं और नियमों को भूल चुकी है।

आप सरकार तानाशाही तथा मनमाने तरीके से व्यवहार कर रही है। भाजपा के चार सदस्यों ने नियम-55 के तहत अल्पकालिक चर्चा के लिए नोटिस दिया था। विजेंद्र गुप्ता ने क्लास रूम घोटाले पर, अभय वर्मा ने हजारों करोड़ रुपए के शराब घोटाले, मोहन सिंह बिष्ट ने पीने के पानी की कमी पर और अजय महावर ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल के हटाने की मांग पर चर्चा का नोटिस दिया था।

लोकसभा अध्यक्ष ने इन चारों नोटिस पर चर्चा कराने से इनकार कर दिया। सोमवार को जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा सदस्यों ने अनुरोध किया स्पीकर अपने फैसले पर पुनर्विचार करें लेकिन लोकतंत्र की हत्या करते हुए मार्शल बुलवाकर सभी भाजपा विधायकों को जबरन बाहर निकाल दिया गया। बिधूड़ी ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर चुकी है और अगर उसका दामन पाक-साफ है तो वह सदन में चर्चा से क्यों भाग रही है।

विधानसभा में अब न तो दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा होती है, न प्रश्नोत्तर काल होता है, न नियम-55 के तहत अल्पकालिक चर्चा होती है और न ही नियम-280 के तहत सदस्य अपने क्षेत्र के मामले उठाए जा सकते हैं। केजरीवाल सरकार विधानसभा का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार को हमला करने के लिए कर रही है।

विस में ऐसे मुद्दों पर चर्चा कराई जाती है जिनका दिल्ली से कुछ लेना-देना ही नहीं है। दिल्ली वालों के टैक्स के पैसों को विधानसभा सत्र पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं और उसमें सिर्फ अपनी राजनीति चमकाई जा रही है।



विधानसभा सदन के बाहर धरना प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। फोटोः रंजन डिमरी

## केजरीवाल ने फिर विधानसभा के विशेष सत्र का उड़ाया मजाक : कांग्रेस



*नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार के विश्वास मत को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर विश्वास प्रस्ताव लाने की आखिर जरुरत क्या थी जबकि उनके पास 70 में से 62 विधायक हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या दिखावे के लिए कि आम आदमी पार्टी का विधायक मंत्री कट्टर ईमानदार है जबकि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार लगातार एक-एक करके उजागर हो रहे है। अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल द्वारा विशेष सत्र बुलाने का मकसद दिल्ली वालों का ध्यान शराब घोटाले से हटाने के लिए विश्वास प्रस्ताव की ड्रामेबाजी की गई। विशेष सत्र में भाजपा विधायक जिम्मेदार भूमिका निभाने की बजाय सदन से बाहर होने का ड्रामा करके सरकार की मदद करने काम किया है।*

## विश्वास मत से पहले मार्शलों ने विपक्षी विधायकों को किया सदन से बाहर

### विपक्षी सदस्य ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने और कक्षाओं के निर्माण पर सीवीसी की रिपोर्ट पर कर रहे थे चर्चा की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार रहा। सोमवार को सदन की कार्रवाई शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्षी में तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई। भाजपा के विधायक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने और सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट, आबकारी नीति सहित विभिन्न मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की मांग कर रहे थे।

विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिरला द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की मांग खारिज किए जाने के बाद भाजपा विधायक सदन में आसन के सामने आ गए। इसके बाद उपाध्यक्ष ने उन्हें पूरे दिन के लिए सदन से बाहर जाने को कहा और बाद में उन्हें मार्शल की मदद से बाहर करने का आदेश दिया। राखी बिरला ने कहा, विधानसभा सत्र गंभीर मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है।

विपक्षी दल के सदस्यों ने सदन का सम्मान नहीं किया और ऐसे में उन्हें मार्शल की मदद से बाहर निकलवाना पड़ा। सदन से बाहर निकाले जाने के बाद रोहिणी से भाजपा के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण पर केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट पर उन्होंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की मांग की थी। गुप्ता ने कहा कि आप सरकार ने ढाई साल तक रिपोर्ट को दबाया और इसमें केंद्र का कोई हाथ नहीं था। अब, जब वह सबके सामने आ गई है, वे कह रहे हैं कि विपक्ष राजनीति कर रहा है। भाजपा सदस्यों को बाहर निकाल दिया गया क्योंकि सरकार मौजूदा भ्रष्टाचार के मामलों पर चर्चा से बचने की कोशिश कर रही है। आप सरकार ना खुद भ्रष्टाचार पर बात करना चाहती है और ना ही विपक्ष को यह मुद्दा उठाने देना चाहती है। गुप्ता ने कहा, यह स्पष्ट है कि कक्षाओं के निर्माण में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ।

वह एक गोपनीय रिपोर्ट थी, जिसे उन्होंने 2020 से सामने नहीं आने दिया। विश्वास प्रस्ताव पर गुप्ता ने कहा कि इसका कोई मतलब नहीं बनता क्योंकि दिल्ली में 70 में से 62 विधायक आप के हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आप सरकार भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दों पर चर्चा से दूर भाग रही है।

बिधूड़ी ने कहा, पिछले ढाई साल में, जब से मैं इस सदन का सदस्य हूं दिल्ली सरकार ने आबकारी से लेकर प्रदूषण तक कई मुद्दों पर चर्चा नहीं होने दी।

आप विपक्ष की आवाज क्यों दबा रहे हैं। विजेंद्र गुप्ता के अनुसार वह रचनात्मक आलोचना करेंगे, फिर भी आप सरकार चर्चा की अनुमति नहीं देती है।

विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा कि विपक्ष के सदस्य चर्चा नहीं करना चाहते, वे केवल नौटंकी करते हैं।



मनीष सिसोदिया

## सीबीआई आज बैंक लॉकर खंगालेगीः मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को ट्विटर पर दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी मंगलवार को उनके बैंक लॉकर देखने आएंगे। हालांकि, सिसोदिया ने यह भी कहा कि उन्हें कुछ नहीं मिलेगा।

सिसोदिया ने ट्वीट किया, मंगलवार सीबीआई हमारा बैंक लॉकर देखने आ रही है। 19 अगस्त को मेरे घर पर 14 घंटे के छापे में कुछ नहीं मिला था। लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई का स्वागत है। जांच में मेरा और मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहेगा। सिसोदिया का कहना है कि उन्हें एक झूठे मामले में आरोपी बनाया गया है, ताकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आगे बढ़ने से रोका जा सके, जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभरे हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया उन 15 लोगों और संस्थाओं में शामिल हैं, जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति के कार्यान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं के सिलसिले में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी में नामजद किया गया है। सीबीआई ने 19 अगस्त को इस मामले में सिसोदिया के आवास समेत 31 स्थानों पर छापे मारे थे।

## हरियाणा के उपनिरीक्षक रैपो में लेंगे भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण

### 29 अगस्त से लेकर 2 सितंबर तक चलेगी ट्रेनिंग



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मेरठ

लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ में हरियाणा पुलिस के 229 नवारक्षी उप निरीक्षक दंगा नियंत्रण के लिए 29 अगस्त से 2 सितंबर तक प्रशिक्षण लेंगे। इस कोर्स का विधिवत शुभारंभ सोमवार को रैपो मेरठ के प्रांगण में अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने इस प्रकार के प्रशिक्षणों को उनके लिये अत्यंत उपयोगी बताया। इस प्रशिक्षण के दौरान हरियाणा पुलिस के जवानों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये प्रशिक्षणार्थी अपने विभाग में सफल प्राशिक्षु बनकर अपने साथियों को भी दंगा जैसी स्थितियों से निपटने में सहयोग देंगे। कुलवंत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, हरियाणा पुलिस की अगुवाई में हरियाणा पुलिस के कुल 229 प्रशिक्षणार्थी जिसमें 196 पुरूष एवं 33 महिला नवारक्षी उप निरीक्षक शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित भारत के एक मात्र दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सदा राम सिंह, उप. कमा., हरीश चन्द्र सिंह नेगी, उप. कमा., नीरज कुमार झा, उप. कमाण्डेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहा. कमाण्डेंट, अजीत कुमार, सहा. कमाण्डेंट तथा अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## सीएम-मंत्रियों की विदेश यात्रा को केंद्र से मंजूरी पर सवाल

### परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने उच्च न्यायालय में दायर की याचिक, केंद्र से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




उच्च न्यायालय ने राज्यों के मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों की विदेश यात्रा के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने यह याचिका दायर की है।

उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 31 जुलाई से सात अगस्त तक सिंगापुर की यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने की पृष्ठभूमि में यह अर्जी दायर की है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने गहलोत की याचिका पर विदेश, वित्त एवं गृह मंत्रालयों के जरिए केंद्र सरकार को और दिल्ली के उपराज्यपाल को नोटिस जारी किए और जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। प्रतिवादियों की ओर से पेश वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 23 जनवरी 2023 की तारीख मुकर्र की। गहलोत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए।

याचिका में कहा गया है कि विवेकाधिकार के दुरुपयोग का यह कोई पहला मामला नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री को इससे पहले वर्ष 2019 में कोपेनहेगन में सी-40 विश्व महापौर शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। याचिका के अनुसार, खुद याचिकाकर्ता गहलोत को लंदन यात्रा की अनुमति तब तक नहीं दी गई थी, जब तक उनका अनुरोध निष्प्रभावी नहीं हो गया था। आम आदमी पार्टी के नेता गहलोत ने अपनी याचिका में राज्य सरकार के मंत्रियों की आधिकारिक विदेश यात्राओं के लिए अनुमति देने या न देने को लेकर केंद्र सरकार के अधिकारों के संबंध में दिशानिर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि सिंगापुर की खास यात्रा की अनुमति से इनकार करने का कोई प्रथम दृष्टया कारण या आधार प्रतीत नहीं होता है और इस प्रकार अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से मनमाना फैसला लिया है।

## दिल्ली में अपहरण के सर्वाधिक मामले दर्ज

**नई दिल्ली ।** देशभर में पिछले साल 19 महानगरों में से दिल्ली में अपहरण के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में हत्या के मामलों में मामूली कमी दर्ज की गई। दिल्ली में 2021 में हत्या के 454 मामले जबकि वर्ष 2020 में 461 और वर्ष 2019 में 500 मामले आए थे। 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में दर्ज किए गए हत्या के ज्यादातर मामले विभिन्न विवादों का नतीजा थे, जिनमें संपत्ति और परिवार से जुड़े विवाद शामिल हैं। हत्या के 23 मामलों में प्रेम प्रसंग के कारण खूनखराबा हुआ।

## गोली मारकर व्यक्ति की हत्या, दो गिरफ्तार

### मृतक का किसी बात को लेकर आरोपियों से हो गया था विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के झड़ौदा इलाके में अपने खेत से घर लौट रहे व्यक्ति की दो लोगों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी।

बाद में दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ कर हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है। मरने वाले की पहचान आजाद सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आजाद सिंह की किसी बात को लेकर खेत में बैठे दो लोगों से विवाद हो गया था। जब शाम को आजाद सिंह खेत से घर लौटने लगे तो दोनों ने उनके सिर में गोली मार दी।

द्वारका क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त एम हर्ष वर्धन के मुताबिक, आरोपियों की पहचान प्रवीण और नवीन के रूप में की गई है।

वर्धन के अनुसार, आरोपियों के पास से एक देशी पिस्तौल बरामद की गई है और उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### भाई की हत्या के आरोप में युवक बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एक युवक को सबूतों के अभाव में उसके भाई की हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि पुलिस ने जांच के दौरान कुछ जोड़-तोड़ की। अदालत उस मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत चार अगस्त 2016 को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी में एक घर के अंदर बोरे में बिना सिर वाला शव मिला था। मृतक की पहचान एक किराएदार के रूप में करने के बाद पुलिस ने उसके साथ रहने वाले उसके भाई को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार



फ्रेशमैन ओरिएंटेशन समारोह का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

### केआर मंगलम विवि में फ्रेशमैन ओरिएंटेशन समारोह

**नई दिल्ली।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय के गुरुग्राम के सोहना रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर में फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूजी, पीजी और डॉक्टरेट पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज शुरू करना न केवल छात्रों, बल्कि अभिभावकों के जीवन में भी एक नई शुरुआत का प्रतीक है। फ्रेशमेन ओरिएंटेशन सत्र का उद्देश्य परिसर के संसाधनों, कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह, चेयरमैन श्री यशदेव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रोहित गुप्ता, कुलपति प्रो. सीएस दुबे, प्रो वाइस चांसलर प्रो. त्रिपाठी, रजिस्ट्रार प्रवीण महाजन (सेवानिवृत्त), केआर मंगलम विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के डीन और फैकल्टी सदस्य, उद्योग से विशेष आमंत्रित लोग एडब्ल्यूएस एजुकेट अमेज़ॅन से अमित नेवतिया, ह्यूजेससिस्टिक से तरुण और केआर मंगलम विश्वविद्यालय के एक सफल उद्यमी आयुष राजपूत ने इस अवसरपर गौरव बढ़ाया।

### सैनिक फार्म में निर्माण मरम्मत की अनुमति नहींः कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह किसी को भी अंतरिम आदेश के जरिए दक्षिणी दिल्ली की सैनिक फार्म कॉलोनी में किसी भी तरह का निर्माण या मरम्मत कार्य करने की इजाजत नहीं देगा तथा इसके बजाय वह इसके नियमितीकरण से संबंधित मुद्दों पर अंतिम फैसला करेगा। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ अनधिकृत कॉलोनी के कुछ निवासियों द्वारा अपनी संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव कार्य करने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## कूड़ा बेचकर पैसा कमाएगा दिल्ली नगर निगम

### एलजी ने 100 मिट्रिक टन आरडीएफ से लदे पांच ट्रक सीमेंट कारखाने के लिए किए रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कचरा बेचकर पैसा कमाएगा दिल्ली नगर निगम। लैंडफिल साइटों पर जमा इनर्ट मिट्टी एवं निर्माण एवं विध्वंस कचरे का निस्तारण करने के बाद निगम ने कूड़े से रिफ्यूज ड्रिवन फ्यूल निकाल कर सीमेंट फैक्टरियों को भेजना शुरू कर दिया है।

पहली बार सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने ओखला लैंडफिल साइट से 100 मीट्रिक टन आरडीएफ से लदे 5 ट्रकों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह कचरा 100 रुपए प्रति टन की दर से बेचना तय हुआ है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार पिछले महीने तक एमसीडी अनुबंधित संस्थाओं को आरडीएफ के निस्तारण के लिए 1746 रुपए प्रति मीट्रिक टन की दर से भुगतान कर रहा था। लेकिन अब निगम ने आरडीएफ उद्योगों को बेचना शुरू कर दिया है। इस पहल से वित्तीय संकट से जूझ रहे निगम को प्रति मीट्रिक टन रुपए 1200 से 1500 की बचत के साथ साथ कचरे से आय होगी। साथ ही पर्यावरण हितैषी तरीके से निस्तारित भी किया जा सकेगा। जे के सीमेंट सालाना 50,000 मीट्रिक टन आरडीएफ उठाएगा जिससे निगम को 6.73 करोड़ रूपए की बचत होगी।



ट्रक को रवाना करते उपराज्यपाल विनय सक्सेना।

उपराज्यपाल की सलाह पर लैंडफिल साइटों पर मौजूद आरडीएफ के नमूने ग्रॉस कैलोरिफिक वैल्यू की जांच के लिए भेजे गए थे ताकि पड़ोसी राज्यों में स्थित कोयले, तेल एवं अन्य पदार्थों से चलने वाले कारखानों में ईंधन के तौर पर इसका इस्तेमाल किया जा सके। ए.सी.सी.,श्री सीमेंट,जे. के. सीमेंट, एवं अंबुजा सीमेंट जैसी बड़ी सीमेंट कंपनियों ने आरएफक्यू का जवाब दिया एवं जे.के. सीमेंट ने निगम द्वारा चुकाई जाने वाली परिवहन छूट के लिए सबसे कम बोली लगाई जिसके आधार पर तीनों लैंडफिल साइटों से आरडीएफ उठाने के लिए दिल्ली नगर निगम एवं जे के सीमेंट के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौते की शर्तों के अनुसार आरडीएफ के लिए जे के सीमेंट 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन (कर अतिरिक्त) की दर से भुगतान करेगी एवं उसे प्रतिमाह 5000 मीट्रिक टन तक आरडीएफ उठाने के लिए 300 रुपए प्रति मीट्रिक टन, 5000 से 7000 मीट्रिक टन प्रतिमाह आरडीएफ उठाने के लिए रुपए 400 प्रति मीट्रिक टन, 7000 से 10,000 मीट्रिक टन प्रतिमाह उठाने के लिए 450 रुपए प्रति मीट्रिक टन एवं 10,000 मीट्रिक टन से अधिक उठाने के लिए रुपए 500 प्रति मीट्रिक टन परिवहन छूट दी जाएगी।

## सुबह और रात में हुई हल्की बारिश के बाद राजधानी का मौसम हुआ सुहाना

### लोगों को मिली उमस और गर्मी से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार की शाम और देर रात हुई हल्की बारिश हुई जिससे शहर में उमस भरे मौसम से लोगों को बड़ी राहत मिली।

कई दिनों से गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को सोमवार सुबह और रात को हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। शाम होते ही आसमान में बादल छा गए और दिल्ली और एनसीआर के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। बारिश से शाम को घर लौट रहे लोगों को जरूर थोड़ी परेशानी हुई। इस अगस्त में अब तक अनुमान से काफी कम बारिश हुई है जिससे तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।



राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो वर्ष के इस समय के लिए सामान्य है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन में कहा गया कि शाम साढ़े पांच बजे सापेक्ष आर्द्रता 53 प्रतिशत थी। वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम करीब साढ़े छह बजे 135 रहा।

# राष्ट्र की उन्नति में ब्राह्मण समाज का विशेष योगदान : विधायक नीरज शर्मा

**विधायक नीरज शर्मा ने कहा, किसी भी समाज की ताकत होती है उसकी एकता**

**बोले, शिक्षित समाज ही किसी राष्ट्र को दे सकता है विकास की एक नई दिशा**



गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा का स्वागत करते सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्राह्मण** वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा आयोजित ब्राह्मण वेलफेयर वर्कशॉप में एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा, समाजसेवी राजकुमार त्यागी, समाजसेवी नवीन शर्मा, संरक्षक बनवारी लाल शर्मा, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, मुकेश शर्मा सहित आधा दर्जन संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ब्राह्मण विकास परिषद सेक्टर-4 प्रधान महासचिव प्रमोद शर्मा, श्रीपरशुराम ब्राह्मण सभा अशोक विहार अध्यक्ष महेंद्र कौशिक, झाड़सा ब्राह्मण सभा अध्यक्ष शिवकुमार भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, श्रीअखिल भारतवर्षीय श्रीचौरासिया ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष कमल शर्मा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद जिला अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, सर ब्राह्मण मित्र मंडल अध्यक्ष संजय द्विवेदी, आदि उपस्थित थे। एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उसकी एकता होती है। शिक्षित समाज ही राष्ट्र को एक नई दिशा दे सकता है। इसलिए हमें अपने पूर्वजों के द्वारा दी गई शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। जब हमारे देश का एक-एक व्यक्ति शिक्षित होगा तो राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होगा। हमें भगवान परशुराम की गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

उन्होंने सदैव मानव कल्याण के लिए ही कार्य किए थे। समाजसेवी राजकुमार त्यागी ने कहा कि उनका एक ही सपना है कि गुरुग्राम की ब्राह्मण संस्थाएं सभी मिलकर सामाजिक कार्य करें। वरिष्ठ ब्राह्मण नेता नवीन शर्मा एडवोकेट ने कहा कि समाज के एक-एक व्यक्ति को शिक्षित होना चाहिए। आयोजक अजय शर्मा ने कहा कि समाज की संस्थाओं को एक मंच पर लाने के लिए कामयाबी मिल रही है। रोहतक लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने इस अवसर पर कार्यक्रम की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं भी भेजी है। हम उनके भी ह्रदय से आभारी हैं।

## डिस्पोजल एसो. ने किया नवीन गोयल, गगन गोयल का अभिनंदन



गुरुग्राम के सदर बाजार में नवीन गोयल एवं गगन गोयल का सम्मान करते व्यापारी।

**गुरुग्राम।** सिंगल यूज पॉलिथीन का इस्तेमाल और स्टॉक बंद करने के आदेशों के बाद डिस्पोजल का सामान बेचने वाले दुकानदारों के हित में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने काम किया। साथ ही भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने भी इसमें सहयोग किया।

इसी के चलते डिस्पोजल एसोसिएशन की ओर से सदर बाजार में नवीन गोयल एवं गगन गोयल का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डिस्पोजल एसोसिएशन के प्रधान धीरज कुमार, ललित कथूरिया, भारत, सतीश सलूजा, गुलशन, सुमित, ओमप्रकाश, पदम, हनी, रोहित बोहरा, रोशन लाल गर्ग उर्फ पिंटू चेयरमैन, राजेश भोला, किट्टी, मुकेश, अनीता गुप्ता, विक्की बंसल, आशीष वर्मा, मुकेश गर्ग, किशोर कथूरिया, अजय जैन, अमित माहेश्वरी, प्रवीन जैन, बाबू अग्रवाल समेत अनेक दुकानदार मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि व्यापारियों, दुकानदारों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, वे सदैव इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। गगन गोयल ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए नवीन गोयल जी के प्रयास सार्थक हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन मनाया



**सोहना।** हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीएसएफ की टीम ने भी खेलों में भाग लिया। खंड के गांव खेड़ला में स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में सोमवार को हॉकी जादूकर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वॉलीबाल की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें भोंडसी स्थित बीएसएफ की टीम ने भाग लिया। बीएसएफ की तरफ से एसिस्टेंट कमांडेट चंदन सिंह ने सभी खिलाड़ियों को हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की खेल नीतियों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उनके अटूट हॉकी खेल का विश्व में किसी भी विरोधी खिलाड़ी के पास तोड़ नहीं था। एक बार हॉकी पर गेंद आने के बाद विरोधी खिलाड़ी उसे छीन नहीं सका। मेजर ध्यानचंद ने विरोधियों के गुस्सा का जबाव खेल के दौरान एक बाद एक गोल करके दिया जाता था। इसलिए उन्हें भारत ही नहीं पूरे विश्व ने हॉकी का जादूगर की उपाधि दी थी। प्रतियोगिता में खेल समाप्त होने के बाद स्कूल के निर्देशक विनोद कुमार व प्रधानाचार्य डॉ संदीप यादव को एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया, अंत में स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप यादवजी ने बीएसएफ की टीम व असिस्टेंट कमांडेंट चंदन सिंहजी को स्कूल की तरफ से एक स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

### गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर रहेंगी सीसीटीवी कैमरों की नजरें



**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर अब तीसरी आंख की हर पल दौड़ने वाले वाहनों पर नजर रहेगी। एनएचआई ने एलिवेटेड मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों लगाने की कवायद शुरू कर दी है। सोहना से गुरुग्राम के बीच करीब 25 किलोमीटर की दूरी भले ही 18 से 20 मिनट में तय हो जाएगी, लेकिन इस पर दौड़ने वाले वाहन सीसीटीवी कैमरे की कैद में होंगे। कौन सा वाहन कितनी गति से दौड़ रहा है। मार्ग पर कहा पर सड़क हादसा हुआ और किसी कारण से एलिवेटेड मार्ग पर कहां पर कैसे जाम लगा है। ताकि चंद मिनट में वाहन पर पहुंच जाम को खुलवाया जा सके। एलिवेटेड मार्ग पर बादशाहपुर से सोहना के बीच करीब 18 किलोमीटर की दूरी में चार सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। जिसमें एक सोहना के दमदमा मार्ग, दूसरा गांव धुनेला के पास, तीसरा टोल प्लाजा घामडौज और चौथा भोंडसी से जेल मोड़ के बीच में स्थापित किया गया है। बादशाहपुर से गुरुग्राम के बीच करीब 6 किलोमीटर की दूरी में चार और कैमरे लगाएं जाने की संभावना है। जानकार सूत्रों के अनुसार भविष्य में एलिवेटेड मार्ग पर फर्राटे भरने वाले वाहनों की गति पर ब्रेक लगाया जा सकता है, ताकि एलिवेटेड मार्ग पर सड़क हादसे घटित न हो। वाहनों की गति रोकने में मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे सबसे बड़ सहायक होंगे। जिनके माध्यम से ऑवर गति से दौड़ने वालों वाहनों की पहचान करने के बाद ऑनलाइन चालान भेजना आसान होगा।

### मजदूरों, ड्राइवरों को दी बीमारियों से सतर्क रहने की जानकारी



**गुरुग्राम।** उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन व सचिव विकास कुमार के दिशा-निर्देशन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी टीआई प्रोजेक्ट द्वारा कांग्रेगेशन इवेंट का आयोजन किया गया। इस इवेंट में डॉक्टर एमके वर्मा द्वारा सभी प्रवासी मजदूरों, स्टेक होल्डर्स व पियर एजुकेटर, ट्रक ड्राइवरों की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चल रही बीमारियों से सतर्क रहने व उनसे बचाव व रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात डॉक्टर एमके वर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रवासी मजदूरों, स्टेक होल्डर, पियर एजुकेटर ट्रक ड्राइवर व रेडक्रॉस स्टाफ और टीआई स्टाफके स्वास्थ्य की जांच की गई व सभी की एचआईवी की जांच भी की गई। इसके उपरांत डॉक्टर एमके वर्मा टीआई टीम व रेडक्रॉस स्टाफ द्वारा मिलकर सभी को हाइजीन किट बांटी गई। इस कार्यक्रम में टीआई स्टाफ से प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी कटारिया, लेखाकार पुष्पा रानी, काउंसलर प्रियंका देवी, ओआरडब्ल्यू सुषमा रानी, विनीता पीटर, मंजू शर्मा, रोहिताश शर्मा, संजय व रेडक्रॉस स्टाफसे कुणाल मंगला, श्यामा राजपूत, आकांक्षा, अतुल पराशर, कविता सरकार, कमला, सरोज सभी का विशेष योगदान रहा।

# शहर के कलाकारों को दिया कलाग्राम कला सम्मान



गुरुग्राम में कलाकारों को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**प्रशासन द्वारा सम्मान पाने पर कलाकारों में खुशी की लहर**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** प्रशासन, नगर निगम एवं कलाग्राम सोसायटी द्वारा जिला में पहली बार कलाग्राम-कला सम्मान कलाकारों को दिया गया। कलाग्राम-कला सम्मान में जिला उपायुक्त एवं कलाग्राम सोसायटी के चेयरमैन निशांत कुमार यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा अलग-अलग श्रेणी में जिला के 25 कलाकारों को सम्मानित किया गया।

इनमें नृत्य, थिएटर, संगीत, विजुअल आर्ट्स, फिल्म्स एवं डॉक्यूमेंट्री आदि से जुड़ी हस्तियां शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा 5 श्रेणियों में सम्मान दिए गए, जिनमें कला गौरव सम्मान, कला रत्न सम्मान, कला निधि सम्मान, कला कर्णधार सम्मान व विशेष श्रेणी सम्मान दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष रूप से द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय व राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 के प्रोफेसर्स एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। उपायुक्त द्वारा कलाग्राम-कला सम्मान के एडवाइजरी पैनल के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इनमें एसडीएम अंकिता चौधरी, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) डा. विजयपाल यादव, कलाग्राम सोसायटी से शिखा गुप्ता, नगर निगम गुरुग्राम के जनसंपर्क अधिकारी एसएस रोहिल्ला, द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय की प्रो. डा. मीनाक्षी पांडे, स्पिक मैके से शिल्पा सोनल व राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 से प्रो. डा. लोकेश शर्मा शामिल रहे। इन कलाकारों को किया गया सम्मानित

समारोह में जयश्री आचार्य को कत्थक, वाणी भल्ला पाहवा को मोहिलीअट्टम, शोभना झा को कत्थक, प्रिया वैंकटरमन को भरतनाट्यम व गीतांजलि आचार्य को ओडिसी नृत्य के लिए कला गौरव सम्मान से नवाजा गया। इनके साथ ही थिएटर कलाकार मोहन कांत व आशुतोष सेलत, संगीत में सुधांशु बहुगुणा व गीतेश मिश्रा, विजुअल आर्ट्स में संगीता सिंह, संगीता मूर्ति व गोपाल नामजोशी, फिल्मस एवं डॉक्यूमेंट्री में सविता राज एव राज हीरेमठ को भी कला गौरव सम्मान प्रदान किया गया।

ज्योत्सना राणा को संगीत, जगन्नाथ पांडा को आर्ट्स, रूपचन्द को आर्ट्स, पंडित विजय शंकर को संगीत, महेश वशिष्ठ को थिएटर में कला रत्न सम्मान दिया गया। बीएन आर्यन व आदित्य आर्य को कला निधि सम्मान दिया गया। ऋषि शर्मा, आनन्दी रे व अनुशिका चौधरी को कला कर्णधार सम्मान से नवाजा गया। विशेष श्रेणी में दीपाश्रम अनाथालय के शिवालाल को विजुअल आर्ट में सम्मान दिया गया।

# प्रतियोगिता में लॉर्ड जीसस स्कूल ने मारी बाजी

**सुरुचि परिवार ने किया देशभक्ति एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**



गुरुग्राम में देशभक्ति समूहगान प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** मां की संतानें हम, अपनी धरती, अपना अम्बर, अपना हिंदुस्तान एक रहे हैं एक रहेंगे, भारत की संतान हैं हम भारत के वासी भारत हमारा है, हमें जान से प्यारा है, जिंदाबाद है वतन जैसे देशभक्ति गीतों से जीआईए हाउस का सभागार गुंजायमान हो उठा। अवसर था सुरुचि साहित्य कला परिवार के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देशभक्ति समूहगान एवं भाषण प्रतियोगिता का।

देशभक्ति समूहगान प्रतियोगिता में लार्ड जीसस स्कूल ने प्रथम, रोटरी पब्लिक स्कूल व शारदा इंटरनेशनल शिव नगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूरो इंटरनेशनल सेक्टर-37 को तीसरा स्थान मिला, जबकि सीसीए स्कूल व ब्लू बेल्स स्कूल को प्रोत्साहन पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। भाषण प्रतियोगिता में मानव रचना की गरिमा आर्य ने प्रथम, सुचेता मेमोरियल की ख्वाहिश ने द्वितीय एवं ले. अतुल कटारिया की प्राची सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निशु व सुरभि को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। टीम पुरस्कार में सुचेता मेमोरियल ने प्रथम, ले. अतुल कटारिया ने द्वितीय व शारदा इंटरनेशनल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम सत्र में सीएसआर हरियाणा के वाईस चेयरमैन बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि, स्वाभिमान मंच हरियाणा के अध्यक्ष त्रिलोक शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नेचर इंटरनेशनल के अध्यक्ष शरद गोयल के सौजन्य से स्व. मूलचन्द गोयल स्मृति में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

द्वितीय सत्र में स्टॉरेक्स यूनिवर्सिटी के पूर्व उपकुलपति डॉ. अशोक दिवाकर ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। पूर्व आयुक्त आबकारी व कराधान विभाग कुलबीर सिंह मलिक ने अध्यक्षता की। डॉ. आरपी सिंह, मेजर केसी सन्दल, कर्नल प्रताप सिंह, निर्मल यादव, अरुण माहेश्वरी ने विशिष्ट अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्था अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। त्रिलोक कौशिक ने प्रथम सत्र व नरोत्तम शर्मा ने द्वितीय सत्र का संचालन किया।

# नन्द उत्सव में धार्मिक गीतों पर बच्चों ने डांस कर मचाई धूम



लिटिल आर्ट्स पब्लिक स्कूल में धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**नन्द** के आनन्द भयो-जय कन्हैया लाल की...। लिटिल हार्ट्स पब्लिक की तीसरी कक्षा के बच्चों द्वारा जब स्कूल में आयोजित नंद उत्सव समारोह में इस गीत पर नृत्य किया तो द्वापर युग की झलक नजर आई। सारा वातावरण गोकुलमय, भक्तिमय हो गया और पूरा प्रांगण तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हनुमान जोहड़ी मन्दिर के महन्त श्रीचरणदास महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता व वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के चेयरमैन शिवरत्न गुप्ता, संस्था के चेयरमैन त्रिलोक चन्द गोयल व रमेश हेतमपुरिया द्वारा लड्डू गोपाल, मां सरस्वती व भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया गया। कार्यक्रम में तृतीय कक्षा के बच्चों ने 'सरस्वती वन्दना', 'रात श्याम सपने में आये', 'अपने लल्ला को समझाई लो', 'राधा ढूंढ रही', 'श्याम चूड़ी बेचने आया' आदि गीतों पर इतने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए कि हर कोई देखने वाला तालियां बजाने पर मजबूर हो गया। कक्षा चतुर्थ के बच्चों ने 'देवा श्रीगणेशा', 'काला-2 कहे गुजरी', 'पूतना डांस' 'भक्त महाकाल', 'तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी', 'गोविन्दा आला रे', 'हनुमान चालिसा' आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, कक्षा द्वितीय के बच्चों ने 'यशोमति मैया से बोले नन्दलाला', 'दो नैना घनश्याम के', 'जय मां भवानी', 'नन्द भवन में उड़ रही धूल', 'सिंदुर लाल चढ़ायो', 'राधिका गौरी से' आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा 'गोविन्दा आला रे', द्वितीय कक्षा के बच्चों द्वारा 'कान्हा तेरी मुरली पे मोर बोले' व कक्षा छठी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'जलवा' गीत पर नृत्य किया।

## लम्पी चर्म रोग : गांव पहाड़ी के स्कूल में लगा जागरुकता शिविर

**गुरुग्राम।** पशुओं में फैल रहे लंपी चर्म रोग से बचाव को लेकर सोमवार को गांव पहाड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पशुपालन विभाग की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को लंपी चर्म रोग से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई।

पशुपालन विभाग गुरुग्राम की टीम के सदस्यों ने बताया कि लंपी चर्म रोग मुख्यत: गौवंश एवं भैंसों में फैलने वाला वायरस जनित रोग है। इस बीमारी में पशु को तेज बुखार, नाक व मुंह में से पानी का गिरना, भूख ना लगना, दूध में गिरावट आदि के लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं में इस बीमारी का फैलाव 15 से 20 प्रतिशत तक है।

विशेषज्ञों ने कहा कि स्वस्थ पशुओं को फिटकरी या लाल दवा से नहलाएं।

# भारत में मौसम की परिस्थितियों के अनुकूल है हाईब्रिड चावल

**डॉ. शिवेंद्र बजाज, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया एवं अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चावल** दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी का मुख्य आहार है और भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में चावल की खेती ज्यादातर बारिश के मौसम में होती है, जिसके कारण फसल पर अप्रत्याशित मौसम का बहुत ज्यादा असर होता है। खेती के लिए उपलब्ध पानी की कमी, बार-बार बिजली कट जाना और खेती की ऊँची लागत आदि किसानों की सबसे बड़ी चिंताएं हैं।

यदि किसानों को सही बीज मिल जाए, तो इनमें से ज्यादातर समस्याओं का हल हो सकता है। हाईब्रिड चावल अपेक्षित पैदावार प्राप्त करने के लिए एक श्रेष्ठ समाधान है। भारत एवं विश्व में चावल बहुत ज्यादा मात्रा में खाया जाता है, इसलिए हम अपनी फसलों को कैसे उगाते हैं, प्राकृतिक संसाधनों का उन पर क्या असर होता है, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा किस प्रकार प्राप्त की जाती है, फसल की पैदावार में ये चीजें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि चावल की फसल में पैदावार देने की अपार क्षमता है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है। चीन में हाईब्रिड चावल ने यह कर दिखाया है, जहाँ पर दुनिया की 10 प्रतिशत उपजाऊ जमीन पर खेती करके यहाँ रहने वाली दुनिया की 20 फीसदी आबादी के लिए पर्याप्त आहार पैदा किया जाता है। हाईब्रिड चावल चीन और कुछ दक्षिण एशियाई देशों में खाद्य सुरक्षा में सुधार कर चुका है। यहां पर उत्पादकता की दर काफी अच्छी है क्योंकि यहां बाजार में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ इनब्रेड किस्मों के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा पैदावार प्राप्त की जाती है। हाईब्रिड चावल का उपयोग विश्व के अनेक देशों, जैसे चीन, इंडोनेशिया, और वियतनाम आदि में किया जा रहा है। हाईब्रिड चावल का उपयोग भारत में भी तेजी से बढ़ रहा है। चावल की फसलों पर जैविक तनावों जैसे फंगल ब्लास्ट और बैक्टीरियल ब्लाईट का काफी असर होता है और उनकी वृद्धि एवं पैदावार में कमी आ जाती है। चावल की हाईब्रिड किस्मों को इंट्रोग्रेशन तकनीक की मदद से ब्लास्ट और ब्लाईट प्रतिरोधी बनाया जाता है और उनका विकास कर उन्हें कीटप्रतिरोधी बना दिया जाता है। हाईब्रिड चावल में ज्यादा शक्ति होती है, जिसके कारण यह अन्य खरपतवार के मुकाबले ज्यादा मजबूत होता है। पौधे पानी और मिट्टी के पोषक तत्वों को पहले अवशोषित करते हैं। नए अवसरों के सृजन एवं वैज्ञानिक और तकनीकी नवीनता द्वारा हाईब्रिड चावल सतत खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। सरकारों के अलावा बीज उद्योग भी हाईब्रिड चावल के बेहतर बीजों के विकास में समय व संसाधनों का निवेश कर रहा है। इसलिए हाईब्रिड चावल का उपयोग बढ़ाने की ओर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

# पौधरोपण वितरण में 100 तथा रोपण में 90 फीसदी लक्ष्य पाया

**वन विभाग ने समतल मैदान और अरावली में 18 हजार के करीब पौधे लगाए**



मंडावर में पौधे लगाते कर्मी।

**सोहना।** वन विभाग ने फ्री पौधारोपण वितरण का 100 फीसदी के साथ-साथ 90 फीसदी पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। पौधारोपण के दौरान विभाग ने समतल मैदान और अरावली में 18 हजार पौधे लगाए हैं। वन विभाग ने इस वर्ष बरसात के मौसम में होने वाले पौधारोपण का लक्ष्य डेढ़ लाख रखा था। जिसमें एक लाख पांच हजार पौधे सामाजिक संस्था जैसे सरकारी स्कूल, भवन, सामुदायिक केन्द्र, पंचायती जमीन सहित अन्य खाली स्थानों पर पौधारोपण करने को पौधे फ्री वितरण करने का लक्ष्य रखा था। जिसे विभाग के अधिकारी पूर्ण कर लेने का दावा कर रहे हैं। इसके अलावा विभाग ने अपने स्तर पर अरावली पहाड़ी और सेक्शन 4.5 की जमीन तथा सड़कों के किनारे पौधारोपण का करीब 23 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। जिसमें से 18 हजार के लगभग पौधे रौपे जा चुके है।

> **वन** विभाग की तरफ से इस बार पौधारोपण के दौरान छायादार व फलदार पौधों के साथ-साथ आक्सीजन देने वाले भी पौधे वितरण किए गए।
>
> **मनोज यादव**
> **रेंज अधिकारी,वन विभाग**

### कहां-कहां रौपे गए पौधे

**वन** विभाग ने खूटपुरी और घंघौला में लगती सेक्शन 4.5 की जमीन पर 4.4 पौधे लगाए गए। इसके अलावा मंडावर से लगती अरावली पहाड़ी में पांच हजार पौधे लगाए गए। सोहना से बालूदा और दौला से सोहना तक सड़क किनारे 1250 पौधे लगाए गए हैं।

# इनडीड के हायरिंग ट्रैकर के अनुसार भारतीय जॉब मार्केट पर महंगाई का कोई दबाव नहीं

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरू

**दुनिया** की नंबर वन जॉब साइट इनडीड के द्वारा जारी किए गए क्वार्टरली हायरिंग ट्रैकर से पता चला है कि महंगाई बढ़ने के बावजूद भी नौकरी करने वालों की आजीविका तथा खर्च के ऊपर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है और वह इससे बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। हर 10 में से 6 नौकरी करने वालों का कहना है कि वे इससे बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए हैं। जिस प्रकार नौकरी करने वालों की सोच है, उसी प्रकार 89 प्रतिशत नियोक्ता भी यही सोचते हैं कि महंगाई का नौकरियां देने तथा कर्मचारियों को उचित भुगतान देने में उन्हें कोई भी समस्या नहीं है।

इनडीड के हायरिंग ट्रैकर से यह भी पता चला है की अप्रैल से जून 2022 तक नियोक्ताओं ने नौकरी देने में 29त्न की वृद्धि दर्ज की है। निष्कर्षों से आगे यह भी पता चला है की इस तिमाही में नौकरी करने वाले लोगों में से 37 प्रतिशत लोगों ने नई नौकरी के लिए आवेदन किया है जोकि पिछली तिमाही में 46 प्रतिशत था। शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया ने कहा, आईटीए हेल्थकेयर, ई.कॉमर्स जैसे क्षेत्रों का विकास जारी रहेगा और 5जी के आने के साथ ही हम अगली आने वाली तिमाही में टेलीकॉम सेक्टर में नौकरियों में तेजी से वृद्धि देखेंगे। भारत में जॉब मार्केट लगातार तेजी से वृद्धि कर रहा है और लगातार विकसित भी हो रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले भविष्य में भारत किस प्रकार अपने लोगों को काम प्रदान करेगा।

**महंगाई का नौकरियां, वेतन एवं वेतन वृद्धि पर प्रभाव :** महंगाई बढ़ने के कारण कंपनियों को अपने कर्मचारियों को विभिन्न स्तर पर सहायता देने में कोई भी समस्या नहीं हैए चाहे कर्मचारी अपने खर्चों के लिए फुल टाइम, पार्ट टाइम अथवा कांट्रेक्चुअल कार्य करना चाहे। ज्यादातर कर्मचारी 63 प्रतिशत फुल टाइम काम करना पसंद करते हैं, जबकि 26 कर्मचारी पार्ट टाइम तथा 11 प्रतिशत कर्मचारी कांट्रेक्चुअल तरीके से काम करना चाहते हैं। हालांकि यदि नियोक्ता पक्ष के हिसाब से देखा जाए तो यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है क्योंकि इस तिमाही के दौरान 19 प्रतिशत से अधिक नियोक्ताओं ने उन कर्मचारियों को काम पर रखा जोकि कॉन्ट्रेक्ट के तहत काम करना चाहते थे। बढ़ती हुई महंगाई को कम करने के लिए वेतन वृद्धि देना नियोक्ताओं के लिए सबसे मुश्किल काम है (27प्रतिशत)। 41 प्रतिशत नियोक्ता महंगाई को देखते हुए अपने कर्मचारियों को 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि देना चाहते हैं जिसके लिए 25त्न कर्मचारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। नियोक्ताओं ने बढ़ती हुई महंगाई के लिए अपने कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि का जो बजट तैयार किया है। वह ज्यादातर कर्मचारियों की अपेक्षा पर खरा नहीं उतरता है।

**सबसे ज्यादा हायरिंग आईटीए हेल्थकेयर तथा मेट्रो में हुई है :** यदि नौकरी के मामले में देखा जाए तो आईटी, आईटीईएस के क्षेत्र में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई है। इस तिमाही में इस क्षेत्र में 91 प्रतिशत नियोक्ताओं ने लोगों को नौकरी पर रखा है। पिछली तिमाही में यह 83 प्रतिशत थाद्ध। इस क्षेत्र में इतनी ज्यादा हायरिंग की मुख्य वजह ज्यादातर लोगों का नौकरियां बदलना है जिन्होंने या तो अपनी मर्जी से नौकरी छोड़ी है।

# मरम्मत के अभाव में पंखे न चलने से मरीज हुए बेहाल

कविता। फरीदाबाद

**मरीजों** को गर्मी से राहत देने के लिए बीके अस्पताल में एयर वॉसर, पंखे, एसी सब हैं, लेकिन इन सब सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल ही नहीं रहा है। मरम्मत कार्य के अभाव के कारण अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से लेकर ओपीड़ी के भीतर तक जगह-जगह लगे पंखे सोमवार को बंद नजर आए। वहीं अस्पताल के वार्ड और पुरानी इमारतों में चल रहे कार्यालयों तक में मरीजों को गर्मी से राहत देने वाली सभी सुविधाएं पूरी तरह से फेल साबित हो रही थी। वहीं अस्पताल के कमरा नम्बर 22 के बाहर उमस और बढ़ते तापमान में मरीज लम्बी लाइनों में बंद पंखों के नीचे एक ही काउंटर पर कार्ड रिन्यू करवाते नजर आए। जिससे उन्हें भारी परेशानियों के बीच खड़े देखा गया। यहां तीन काउंटरों में से मात्र एक ही काउंटर चालू था और मरीजों की लाइन के ऊपर लगे पंखा बंद था।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए लगे एयर वॉसर पिछले काफी समय से बंद है। वहीं यहां डोनेट किए गए एसी भी ठप पड़े हैं। सूत्रों की माने तो यहां लगे एसी सालभर से बंद हैं। यहां तक कि ओपीडी में लगे ज्यादातर पंखे भी बंद हैं, क्योंकि यहां फायर सेफ्टी उपकरण के कारण सिलिंग को उखाड़ रखा है। ऐसे में यहां आधे से ज्यादा पंखों को बंद कर दिया गया है। कुछ पंखे जुगाड़ से चालू हैं। लेकिन उनसे मरीजों को यहां गर्मी से राहत न के बराबर है। जिससे यहां आने वाले मरीज परेशान हैं। मरीजों को गर्मी में एयर वॉसर, एसी और पंखों की सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे से यहां आने वाले मरीजों को गर्मी में ही इलाज कराने के लिए घंटों लाइनों में खड़े होना पड़ता है। जिसके कारण यहां मरीजों को ऐसे ही गर्मी में परेशान होकर इलाज करवाना पड़ता है।

अस्पताल की ओपीडी में रोजाना हजारों की संख्या में मरीज अपना इलाज करने के लिए आते हैं। लेकिन गर्मी के कारण मरीज अधिक परेशान होते हैं। अस्पताल के डॉक्टर और उच्च अधिकारियों के कमरों में तो एसी और कूलरों से ठंडक पड़ रही है, लेकिन मरीज गर्मी के मौसम में परेशान होकर इलाज करवाने को मजबूर होते हैं।



बीके के कमरा नम्बर-22 में तीन में से चालू एक ही खिड़की पर कार्ड रिन्यू करवाने को लगी लम्बी लाइन में मरीज।

## टीकाकरण शिविर लगेगा आज

**फरीदाबाद।** सेक्टर-27 स्थित पीएम प्रो. एक्सपोर्ट्स कंपनी की तरफ से विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को आज फ्री टीकाकरण शिविर लगाया जाएगा। कंपनी की एचआर अधिकारी नीरा धवन ने बताया कि मंगलवार को संतोष नगर में सुबह 9.30 बजे से टीकाकरण का शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में कंपनी के कर्मियों और अन्य आसपास के गरीब वर्ग के लोगों को टीका लगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी एक बीमारी है। जिसमें लीवर में सूजन आ जाती है।

# खेल परिसर में तीरंदाजी के लिए तैयार होगा सुविधायुक्त फील्ड : संदीप सिंह

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए खेल मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेश** के खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त तीरंदाजी फील्ड तैयार किया जाएगा। इससे यहां से तीरंदाजी के भी बेहतरीन खिलाड़ी निकलेंगे। इसके साथ ही सेक्टर-12 खेल परिसर में हॉकी मैदान में फ्लड लाईटें व नए गोल पोस्ट लगाई जाएंगी और बास्केटबाल के खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, बाथरूम और शौचालय तैयार करवाए जाएंगे। खेल राज्यमंत्री सोमवार को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल राज्यमंत्री मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर हॉकी खेल का शुभारंभ करते हुए।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में खेल व खिलाड़ियों के लिए सबसे बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले नेता वोटों के लिए स्टेडियम तैयार करवाते थे और उनमें खिलाड़ियों की जरूरत का ध्यान कम रखा जाता था। वहीं वर्तमान सरकार में खिलाड़ियों व खेलों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खेल सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेजर ध्यान की स्मृति में खेलों व खिलाड़ियों को कुछ देने का है। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए आज के दिन खिलाड़ियों को कुछ सौगात दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद सेक्टर-12 के इस खेल परिसर में फुटबाल ग्राउंड में स्थित स्टेज को कुछ पीछे हटाकर बड़ा किया जाएगा और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि खेल परिसर में मौजूद एथलेटिक्स स्टेडियम का भी जरूरत के अनुसार नवीनीकरण किया जाएगा।

गुरुग्राम के लिए घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में हाकी मैदान काफी पुराना हो चुका है। ऐसे में इसके फिल्ड के लेआउट को दोबारा से डिजाइन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिम्नास्टिक हाल का निर्माण किया जाएगा। गुरुग्राम में ही खिलाड़ियों के लिए पुर्नवास केंद्र (रिहैलीटेशन सेंटर) की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी के कवाली गांव में भी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हाकी मैदान तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में बीच वालीबॉल खेल काफी प्रसिद्ध है। ऐसे में हरियाणा के सभी 22 जिलों में भी बीच वालीबॉल खेल के मैदान तैयार करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कई स्टेडियमों व खेल के मैदानों को नवीनीकरण करने के लिए एक विस्तृत परियोजना भी तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1100 खेल नर्सरियां स्थापित करने की घोषणा की थी और इनमें से 800 अलॉट कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ियों को पदक जीतने के बाद मंत्रियों के चक्कर लगाने के पश्चात ईनाम राशि मिलती थी लेकिन अब उन्हें खेल की प्रेक्टिस के दौरान ही ईनाम राशि दे दी जाती है। खेल राज्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2009 के बाद से जितने भी खिलाड़ियों के कैश अवार्ड बचे हुए हैं वह एप्लाई करें उन्हें पूरा पैसा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हमें हरियाणा को खेलों में आगे बढ़ाना है।

# शहर के विभिन्न स्थानों पर दो लोगों से लूटे 6.5 लाख रुपये

### पुलिस ने दोनों मामला में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** 16 के निकट बाइक सवार बदमाशों ने कार पर सवार होकर जा रहे एक शोरूम के कर्मचारियों से पिस्तौल के बल पर साढ़े पांच लाख रुपये लूट लिए और उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। एक अन्य घटना में मेट्रो मोड़ के निकट बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग से एक लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित बुजुर्ग बैंक से नगदी निकलवा कर घर लौट रहे थे। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक गांव मवई के रहने वाले राजकिशोर सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के पास मल्टीटेक मोटर्स एलएलपी शोरूम में कार्यरत है। 28 अगस्त की रात शोरूम के अकाउंटेंट ने दिन में एकत्र हुए रुपये एक बैग में रखकर मालिक के घर सेक्टर-16 पहुंचाने के लिए कहा। बैग में साढ़े पांच लाख रुपये थे। राजकिशोर शोरूम के ड्राइवर जितेंद्र को कार में साथ लेकर रुपये पहुंचाने के लिए निकल पड़े। जितेंद्र कार चला रहा था राजकिशोर उसके साथ वाली सीट पर रुपयों का बैग लेकर बैठे हुए थे। जब वे सेक्टर-16 में सब्जी मंडी के सामने कैंटीन वाली सड़क पर पहुंचे, तभी एक मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार होकर आए। उन्होंने आगे मोटरसाइकिल लगाकर कार रुकवा ली। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे युवक के हाथ में डंडा था। उसने डंडे से उनकी कार के शीशे तोड़ दिए। युवकों ने पिस्तौल के बल परराजकिशोर से रुपयों का बैग छीन लिया और फरार हो गए। एक अन्य मामले में डबुआ कालोनी निवासी 70 वर्षीय लाल बिहार ने एक लाख रुपये की एफडी एनआइटी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में कराई हुई थी। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने मकान का काम शुरू कराया था। उसमें कुछ रुपये कम पड़ रहे थे। सोमवार दोपहर को उन्होंने एफडी तुड़वाकर एक लाख रुपये निकाले और साइकिल पर घर लौटने लगे। मेट्रो मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार होकर आए। उन्होंने साइकिल पर टंगी रुपयों की पालीथिन झटका मारकर तोड़ ली और फरार हो गए। लाल बिहारी ने शोर मचाया तो आस-पास लोग इकट्ठा हुए। इसके बाद उन लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने मनाया खेल दिवस



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में 11वां राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हॉकी के दिग्गज व हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंति को खेल दिवस के रूप में मनाते हुए स्कूल के विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर स्कूल में योग, एरोबिक्स, कराटे आदि की प्रस्तुति विद्यार्थियों ने देते हुए शहरी को फिट रखने का संदेश दिया। वहीं इस मौके पर स्कूल के स्पोर्ट्स विभाग द्वारा विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, मिक्स्ड रिले रेस, रस्साकशी आदि शामिल रहे। इसमें कक्षा पांचवी से 12वीं कक्षा तक के स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए विद्यार्थी स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें ताकि वे हर फील्ड में सफलता अर्जित कर सकें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि खेलों में जीत व हार एक ही सिक्के के दो पहलु होते हैं इसलिए हमें खेलों को भाईचारे की भावन से ही खेलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### उपायुक्त विक्रम ने संभाला जिला का कार्यभार

**फरीदाबाद।** वर्ष 2014 बैच के आईएएस अधिकारी विक्रम ने सोमवार को विधिवत रूप से जिला उपायुक्त फरीदाबाद का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह अंबाला में उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे।



नवनियुक्त उपायुक्त विक्रम।

### विद्यालय तिगांव की निगरानी कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त

**फरीदाबाद।** आज राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी विद्यालय तिगांव में निगरानी कमेटी का बनाई गई। जिस कमेटी में सर्वसम्मति से राजेंद्र नंबरदार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निगरानी कमेटी विद्यालय में सभी प्रकार की समस्याओं पर अपनी पैनी नजर रखेगी और विद्यालय के प्रधानाचार्य, विद्यालय स्टाफ और बच्चों का हर संभव सहयोग करेगी कमेटी में आज कई मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे कि भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द करवाया जा सके। ट्रांसफर ड्राइव में जा चुके अध्यापकों के कारण जो पद रिक्त हो चुके हैं उनके लिए कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि गांव से जो भी बेटी पढ़ी लिखी है। वह विद्यालय में स्वेच्छा से बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेगी यह निर्णय भी लिया गया कि तिगांव विधानसभा से भाजपा के विधायक राजेश नागर से मिलकर विद्यालय में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति करवाई जाए। कमेटी में निम्नलिखित सदस्यों ने न सिर्फ भाग लिया, अपितु वह सभी इस कमेटी के मनोनीत सदस्य भी हैं। जिनमें पप्पू सरपंच, रिंकू जोड़ला, हरिचंद सरपंच, दयानंद नागर, सुखबीर अधाना, कर्मवीर बोहरा, विजय नागर, तेज सिंह अधाना, धीरज वकील, सोनू नागर, गजेश अधाना, योगेंद्र नागर, राजेंद्र दीक्षित, रतन सिंह वकील, मास्टर रति चंद नागर, राजेंद्र नागर। कमेटी ने यह निर्णय भी लिया कि प्रत्येक महीने में एक मीटिंग का आयोजन अवश्य किया जाएगा और प्रार्थना सभा में भी रोजाना एक सदस्य भाग लेने का प्रयत्न करेगा।

### रावल क्रिकेट अकादमी ने आठ विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** दिल्ली स्थित रामानुजन कॉलेज में कांता देवी मेमोरियल सीजन दो का फाईनल मैच खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और डब्ल्यूसीएफ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें डब्ल्यूसीएल की तरफ से खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक 37 रन आक्रांश ने लिए, तो वहीं 18 रन मयंक ने लिए। वहीं रावल के गेंदबाज यश यादव ने 3 विकेट लिए। वहीं मोहित भाटी और तन्मय ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रावल के बल्लेबाजों ने बेहतरी पारी खेलते हुए 16 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। जिसमें संदीप परिहार ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। विराट त्यागी ने 28 रन बनाए। वहीं डब्ल्यूसीएल के गेंदबाज मुकुल और यत्क्राश ने 1-1 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल अकादमी ने 8 विकेट से जीत लिया। जिसमें मैन आफ द मैच का खिलाफ संदीप परिहार को दिया गया।

### तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली प्रबंधक कि टीम ने चोरी के मामले में अदालत से 3 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक है। आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के मानपुर नगरिया का तथा वर्तमान में मेवला महाराजपुर का रहने वाला है। आरोपी ने वर्ष 2016 में एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी अदालत से जमानत पर था। जो अदालत से लगातार गैर हाजीर चल रहा है। आरोपी को फरवरी 2019 से अदालत के द्वारा उद्धघोषित अपराधी घोषित कर दिया था। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना कोतवाली के एरिया से गिफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### आम आदमी पार्टी ने किया पार्षद के घर का घेराव

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा के पार्षद रेक्सवाल के खिलाफ वार्ड 25 में स्थानीय लोगो के साथ जमकर रोष प्रदर्शन किया व नारेबाजी की जिसका नेतृत्व पार्टी नेता आभास चंदीला ने किया। रेक्सवाल ने 10 साल से इंतजार कर रही क्षेत्र की लाइफ लाइन चेतन मार्केट से लगी हुई गलियों की नाली व सड़क का काम पूरा करने का वादा किया था पर अभी तक न सीवर साफ हुए न सड़कें ही बनी। इस बाबत वहां के निवासियों में काफी रोष है। पार्टी नेता तिगांव विधानसभा प्रभारी आभास चंदीला ने कहा कि निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते फरीदाबाद का सर्वांगीण विकास रुका हुआ है । जनता का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सैंकड़ों लोग इन रास्तों से अपने काम धंधे पर जाते हैं जो हादसों का शिकार हो जाते है। स्थानीय विधायक और पार्षद न केवल सोये हुए हैं बल्कि इस वादा खिलाफी पर सवाल पूछे जाने पर गुंडागर्दी पर उतर आते हैं। पार्टी नेता धर्मवीर भड़ाना ने कहा ने कि ये नगर निगम नही नरक निगम है।

# पत्नी को गोली मारने के आरोप में रिटायर फौजी गिरफ्तार

### रिटायर्ड फौजी ने देसी कट्टे से पत्नी को गोली मारकर किया घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा आपराध में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी चांदपुर इंचार्ज तुषाकांत की टीम ने अपनी पत्नी पर अवैध देसी कट्टे से हमला कर घायल करने वाले आरोपी रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र बल्लभगढ़ के गांव शाहांजापुर का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में बल्लभगढ़ सेक्टर-तीन में भगत सिंह कॉलोनी में रहता है। आरोपी अभी वर्ष 2022 अप्रैल में फौज से रिटायर्ड हुआ था। आरोपी, पत्नी से विवाद के चलते पिछले तीन साल से अलग रहता था। आरोपी को दो लड़की हैं जो उसकी पत्नी के साथ शाहांजापुर गांव में ही रहती हैं। आरोपी ने 21 अगस्त की रात करीब 1.30 बजे देसी कट्टे से हमला कर अपनी पत्नी को सिर व हाथ में गोली मार कर घायल कर दिया था। पीड़िता की शिकायत पर थाना छायंसा में अवैध हथियार से हमला कर जान से मारने की कोशिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस टीम ने चौकी के एरिया से गिरफ्तर कर लिया है। आरोपी से लाइसेंसी पिस्टल, दो मैगजीन, 6 जिंदा राउंड, मोबाइल फोन और वारदात में प्रयोग गाड़ी स्विफ्ट बरामद कर ली गई है। आरोपी से वारदात में प्रयोग देसी कट्टे की बरामदगी के लिए तथा मामले में पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी जितेंद्र।

# नेत्ररोग के मरीजों को दिखा रहे हैं उम्मीद की किरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गुड़गांव** के जाने माने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नीरज संदूजा ने अपने 22 वर्षों के कॅरियर में विट्रो रेटिना और मोतियाबिंद के 20000 से अधिक मामलों में सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। उन्होंने नेत्र रोग से ग्रसित दो मरीजों के पूर्ण उपचार को प्रत्यक्ष रूप से दुनिया के सामने पेश किया है। जिससे क्षेत्र के पेशेंट राजिहा हमीद का दोनों आंखों के क्रॉनिक यूवाइटिस (आईबॉल की मध्य परत में सूजन) के मामले में डाइग्नोसिस किया गया था, जिसमें उनकी बाईं आंख में मोतियाबिंद के साथ अन्यत्र दाहिनी आंख में इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण के साथ मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था।

वे दाहिनी आंख में दर्द और दृष्टि की कमी की शिकायत के साथ वियान आई एंड रेटिना सेंटर आई थीं। दाहिनी आंख में दृष्टि 28mmHg के आंखों के दबाव के साथ 1 मीटर की दूरी पर वे उंगलियां गिन पा रही थीं। जांच करने पर दाहिनी आंख में प्यूपिल ब्लॉक ग्लूकोमा (काला मोतिया बिंद) के साथ मैक्युला (आंख के पिछले हिस्से) में सूजन के साथ एक आर्टिफिशल लेंस की जरुरत पाई गई, जिसे मैक्यूलर एडिमा (यूवेइटिस की जटिलता) कहा जाता है। उच्च दबाव ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए उन्हें अपनी आंखों के दबाव को कम करने के लिए एक इंटरवेंशन की सख्त आवश्यकता थी।

इस प्रकार उन्हें दर्द से राहत मिली और स्थायी दृष्टि हानि से उन्हें निदान मिल सका। उन्हें सर्जिकल पेरिफेरल इरिडेक्टोमी (पीआई) के साथ ऑपरेट किया गया था, जिसमें आईआरआईएस (आंख के रंगीन हिस्से) को खोला गया था, ताकि उनकी आँखों के दबाव को कम करने के लिए एक्वियस (आंख का तरल पदार्थ) के बाहर की तरफ बहाव के लिए एक मार्ग (बाईपास) बनाया जा सके और साथ ही और मैक्युला में सूजन का इलाज करने के लिए आंख के पिछले हिस्से में एक स्टेरॉयड इम्प्लांट इंजेक्ट किया गया था। सर्जरी के 1 सप्ताह बाद, पेशेंट काफी खुश थीं, क्योंकि उनकी दृष्टि में FC>6m सुधार हो गया था और दबाव के चलते उनकी रेटिना और आँखों की सूजन लगभग सामान्य हो गई थी। उनकी बाईं आंख में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए भी ऑपरेशन किया गया था, जिसमें मोतियाबिंद को हटा दिया गया था और एक स्पष्ट इंट्राओकुलर लेंस लगाया गया था और सर्जरी के बाद यूवाइटिस के किसी भी तरह के प्रकोप से बचने के लिए स्टेरॉयड इम्प्लांट इंजेक्शन लगाया गया था।



## देसी कट्टा बेचने निकला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बीपीटीपी प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार बेचे वाले आरोपी गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी का नाम देवेंद्र उर्फ भोला है। आरोपी बल्लभगढ़ के गांव गढ़खेडा का रहने वाला है। आरोपी ने 4000 रुपये में आरोपी शेखर को देसी कट्टा बेचा था। जिसे क्राइम ब्रांच टीम ने पहले 26 नवम्बर को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आरोपी देवेंद्र को थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिये से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 1 अवैध हथियार का मामला दर्ज है। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है।

# स्कूल में टीचर न होने पर बच्चों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**पन्हेड़ा** खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य रोड को करीब दो घंटे तक जाम करके रखा। विद्यार्थियों का कहना था कि छोटे बच्चों के लिए कोई टीचर नहीं है, बड़ी कक्षाओं की टीचर स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है, ऐसे में सरकार द्वारा जारी ऑनलाइन पॉलिसी के तहत टीचरों की ट्रांसफर प्रक्रिया चल रही है। यदि इसके तहत टीचरों का ट्रांसफर हो जाता है, तो वह कैसे पढ़ाई पूरी कर सकेंगे।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को पन्हेड़ा खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य रोड पर करीब दो घंटे तक जाम लगाया। जिससे उस रोड से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्यार्थियों का कहना है कि ऑनलाइन पॉलिसी के तहत टीचरों के ट्रांसफर कर दिए है। सालों से उन्हें वह टीचर पढ़ा रहे हैं और अब स्कूल में पहले से ही टीचर कम थे और अब ट्रांसफर होने के बाद टीचर और कम हो जाएंगे। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। वहीं उन्होंने बताया कि स्कूल में छोटे बच्चों के लिए भी टीचर नहीं है। जो बड़ी क्लास के अध्यापक हैं। वहीं छोटे बच्चों को भी पढ़ा रहे हैं। ऐसे में सभी की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि यह ठीक नहीं है। अब शिक्षकों का तबादला होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी सही नहीं है। अब शिक्षकों के तबादले का सीधा नुकसान बच्चों को होगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि उनके गांव के स्कूल में नियुक्त अध्यापकों का तबादला न किया जाए। आधे सत्र में अध्यापकों का ट्रांसफर होने की वजह होने की वजह से उनके रिजल्ट पर भी काफी असर देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के कई अध्यापकों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा उनके स्कूल के बच्चे खेल में भी प्रथम आते है। ट्रांसफर होने की वजह से बच्चों का भविष्य पूरी तरह से अंधेरे में हो जाएगा। थाना छांयसा एसएचओ सुरेंद्र का कहना है कि बच्चों को आश्वासन देने के बाद जाम को खोल दिया गया।



स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

## वृद्ध महिला को परिजनों से मिलवाया

**फरीदाबाद।** वृद्धों की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने वृद्ध महिला गुलाबों देवी को उसके परिजनों से मिलाकर बहुत ही नेक कार्य किया है। वृद्ध महिला को कुछ दिन पहले हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार छोड़ गया है।

गुलाबो देवी का बेटा सकलदीप मिस्त्री आश्रम पहुंचा और अपनी माता को पाकर बड़ा खुश हुआ। उसने आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को ढेर सारी दुआएं दी। इसके अलावा आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने फोन पर बताया कि एक वृद्ध महिला को उसके बेटों ने घर से निकाल दिया है, अब वो लावारिस हालत में मारी-मारी फिर रही है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उसे आश्रम लेकर आए। वृद्ध महिला ने अपना नाम हरबंस कुमारी पत्नी सांई दास निवासी सेक्टर-2 बल्लभगढ़ बताया।

# स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ अरावली फरीदाबाद और गियर-अप इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगाया। इस शिविर का लगभग 200 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें नेत्र जांच, दांतों की जांच तथा कैसंर का पता लगाने के लिए जांच की गई। इस शिविर में 65 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। इस मौके पर गियर-अप के निदेशक महिन्द्रर तनेजा और रवीश तनेजा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम समाज के लिए कुछ कर पाए। उन्होंने कहा कि इतनी सारी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलने से लोग खुश है खासकर बुजुर्ग जो अपने टेस्ट कराने के लिए दूर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढक़र मानव सेवा का कोई कार्य नहीं है। विज्ञान की शिखिर उन्नति के बाद भी मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है और मानव जीवन को बचाने के लिये मानव रक्त ही काम आता है। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022



# भ्रष्टाचार के प्रतीक

## ट्विन टावर ध्वस्त

**उत्तर प्रदेश** के नोयडा में इडिफिश इंजीनियरिंग द्वारा ट्विन टावर्स का ध्वस्तीकरण किसी मुंबइया फिल्म के प्रदर्शन व पेशेवर क्षमता के प्रयोग की तरह रहा। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई और न निकट वाली इमारतों को कोई नुकसान पहुंचा। इडिफिस व नोयडा अधिकारियों के अनुसार इसका कारण विस्फोट में 'वाटरफाल इम्प्लोज़न' तकनीक का प्रयोग था जिससे सुपरटेक बिल्डर्स द्वारा बनाए गए ये दोनों टावर गिराए गए। इमारतें ध्वस्त करने की नौबत तक पहुंचने की कहानी किसी क्राइम वेब-सीरीज़ की तरह है। 2000 के दशक मध्य में सुपरटेक इमरल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी में मूल योजना में नौ मंजिला 14 टावर बनने थे। लेकिन शायद स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस योजना में परिवर्तन किया गया तथा बिल्डर को हर टावर में 40 मंजिलें बनाने की अनुमति मिल गई। जब ट्विन टावर बनाए गए तो मूल योजना के अनुसार वहां एक बाग भी लगाया जाना था। संशोधन पर आपत्ति दर्ज करते हुए इमरल्ड कोर्ट निवासियों ने 2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वे मुकदमा जीत गए और 2014 में उच्च न्यायालय ने नोयडा अथारिटी को टावर गिराने के आदेश दे दिए। लेकिन यह मामला सर्वोच्च न्यायालय चला गया जहां अगस्त, 2021 में उच्च न्यायालय का ध्वंस करने का आदेश उचित ठहराया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने भी उन अधिकारियों की घोर आलोचना की जिन्होंने बिल्डिंग प्लान बदलने में बिल्डर से मिलीभगत की थी। विध्वंस करने की यह कार्रवाई तीन महीने में पूरी होने थी, पर कार्य की व्यापक प्रकृति को देखते हुए इसमें एक साल लग गया।



ताश के पत्तों के महल की तरह सुपरटेक ट्विन टावर्स गिरने के कुछ घंटे पहले उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी-सपा के बीच जुबानी संग्राम छिड़ गया। उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्विन टावरों को 'भ्रष्टाचार का जीवन्त उदाहरण तथा तत्कालीन सत्तारूढ़ अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी सरकार की अराजकता का प्रतीक' बता दिया। अपनी ओर से समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर 'भ्रष्टाचार की यह इमारत' बनाने का आरोप लगाया। अच्छा होता कि राजनेता एक दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय कोई सार्थक काम करते जिससे खासकर मामले से जुड़े लोगों का कल्याण होता। उन खरीदारों की स्थिति पर गौर करें जिन्होंने ट्विन टावर्स में फ्लैट खरीदने के लिए भुगतान किया है। शुरुआत में सुपरटेक के पूर्व प्रबंधन ने कहा था कि 59 घर खरीदारों के अलावा बाकी सबका भुगतान कर दिया गया है या उनको रियल प्रापर्टी बिजनेसमैन के अन्य फ्लैटों में बसा दिया गया है। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने सभी घर खरीदारों को आश्वासन दिया कि उनको सुपरटेक को भुगतान किया गया अपना पूरा पैसा वापस मिलेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसा ही होगा, लेकिन डेवलपरों व कालोनाइजर्स से अपना पैसा वापस लेने की घर खरीदारों की कहानियां प्रसन्नता पैदा करने वाली नहीं हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने जेपी ग्रुप की कंपनियों से संपत्ति खरीदी थी जो एक समय तेजी से प्रगति करने वाला समूह था। लेकिन उसने न वादा की गई संपत्तियां दीं और न खरीदारों को पूरा पैसा वापस किया। राज्य सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि सुपरटेक को पैसा देने वाले घर खरीदारों को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही सपा के लिए भी अच्छा होगा कि वह अधिकारियों पर घर खरीदारों का पैसा दिलाने का दबाव बनाए रखे। राजनेताओं के लिए ऐसी ही गतिविधि उचित रहेगी।

# ईडी को मिले हैं उचित अधिकार

धन शोधन कानून के अंतर्गत प्रवर्तन निदेशालय-ईडी को मिले अधिकारों को सुप्रीम कोर्ट ने उचित ठहराया है। इससे फिलहाल मुद्दे का समाधान हो गया है।



**बृजेंद्र सिंह पंवार**
(कम्युनिटी रेडियो असोसियेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष)




विपक्षी दलों ने बार-बार आरोप लगाए हैं कि सरकारी एजेंसियों का प्रयोग सत्तारूढ़ दल विपक्षियों के खिलाफ कर रहा है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने हालिया उल्लेखनीय फैसले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी को मिली असाधारण शक्तियों को उचित ठहराया है। ईडी को धन शोधन कानून-पीएमएलए के अंतर्गत तलाशी, जब्ती, गिरफ्तारी तथा संपत्ति जब्त करने के अधिकार मिले हैं। यह कानून तथा इसके अंतर्गत प्रवर्तन निदेशालय-ईडी को मिले अधिकार काफी समय से विवाद का विषय बने हुए थे। ईडी के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला 242 जनहित याचिकाओं पर आया है।

इनमें से अनेक याचिकायें अनिल देशमुख, कर्ती चिदम्बरम व महबूबा मुफ्ती, आदि नेताओं की ओर से दायर की गई थीं जिनमें धन शोधन कानून-पीएमएलए के कठोर प्राविधानों को चुनौती दी गई थी। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद विपक्ष ने जहां फैसले के समय पर सवाल उठाए हैं, वहीं अनेक विपक्षी नेताओं ने इसके खिलाफ प्रचार अभियान छेड़ दिया है। इनमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी. चिदम्बरम व उनके बेटे कार्ति चिदम्बरम, शिवसेना के संजय राउत, नेशनल कान्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, टीएमसी सांसद व पश्चित बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी तथा दिल्ली के मंत्री सत्येन्द्र जैन शामिल हैं जो कथित धन शोधन के मामलों को लेकर ईडी के निशाने पर हैं। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने मामलों में इस प्रकार वृद्धि को अपनी 'धन शोधन रोकने की प्रतिबद्धता' तथा 'वित्तीय खुफिया सूचनायें एकत्र करने की बेहतर व्यवस्थाओं तथा विभिन्न एजेंसियों में बेहतर सहयोग' का नतीजा बताया है।

दावा किया गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा पुराने लंबित मामलों की जांच तेज करने तथा समयबद्ध तरीके से नए मामलों को तेजी से आगे बढ़ाने के कारण पीएमएलए के मामले निपटाने में अभूतपूर्व तेजी आई है। पिछले आठ सालों में केन्द्र सरकार की इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप 3,010 मामलों में जांचें हुई हैं, अपराध से एकत्रिता 99,356 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है तथा 888 मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया शुरू की गई है। सत्तारूढ़ दल ने यह कह कर अपनी जमीनी कार्रवाई को उचित ठहराया है कि धन शोधन एक ऐसा जघन्य अपराध है जिसका प्रभाव न केवल देश के सामाजिक व आर्थिक ढांचे पर पड़ता है, बल्कि इसके कारण एनडीपीएस कानून के अंतर्गत अन्य प्रकार के अपराधों को भी बढ़ावा मिलता है।

सरकार द्वारा राज्यसभा को दी गई सूचना के अनुसार, ईडी द्वारा मारे जाने वाले छापों में 2014-22 के दौरान 2004-2014 के बीच कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार में मारे गए छापों की तुलना में 27 गुना वृद्धि हुई। लेकिन इन मामलों में सजा की दर बहुत अच्छी नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि जांच में कमियां तथा विधिक कमियां रह जाती हैं। इन अनेक कमियों के कारण तथ्य यह है कि केवल 23 आरोपियों को ही सजा मिली है जो कुल मामलों के पांच प्रतिशत से भी कम है। इससे प्रवर्तन निदेशालय-ईडी की विफलता सिद्ध होती है कि वह पक्के मामले नहीं तैयार कर पाती है। इससे 'निहित स्वार्थों' तथा 'राजनीतिक रूप से बदला लेने' के आरोपों को भी बल मिलता है। इसके साथ ही ईडी द्वारा मारे गए छापे

> **राज्यसभा को दी गई सूचना के अनुसार, ईडी द्वारा मारे जाने वाले छापों में 2014-22 के दौरान 2004-2014 के बीच कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में मारे गए छापों की तुलना में 27 गुना वृद्धि हुई। लेकिन इन मामलों में सजा की दर बहुत अच्छी नहीं है। इससे है कि जांच में सुधार की जरूरत है।**

अधिकांशत: गैर-भाजपा राज्यों तक सीमित हैं जिनमें विपक्षी नेताओं पर निशाना लगाया गया है।

धन शोधन कानून-पीएमएलए को 2002 में संप्रग सरकार के दौरान 2002 में पास किया गया था और इसका क्रियान्वयन जुलाई, 2005 में शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य धन शोधन के बढ़ते मामलों से निपटना था। अदालत ने फैसला दिया है कि इस कानून के विभिन्न प्राविधान वास्तव में संवैधानिक हैं, जबकि इनको इसी आधार पर जनहित याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई थी। पीएमएलए का असली महत्व समझने के लिए हमें इस कानून पर विस्तृत रूप से गौर करने की आवश्यकता है, हालांकि इसके साथ ही कानून के विस्तृत पक्षों पर भी गौर करना चाहिए जिससे आम जनता में एक खास छवि बनती है।

हालांकि, ईडी की स्थापना 1956 में की गई थी, पर पिछले कुछ वर्षों में यह एक प्रमुख एजेंसी के रूप में उभरी है। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी पीएमएलए के अंतर्गत ईडी को मिली असाधारण शक्तियों को उचित ठहराया है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि ईडी को बिना किसी शिकायत या प्रार्थनापत्र के जांच शुरू करने का अधिकार है। हालांकि, भारतीय दंड संहिता-आईपीसी तथा अपराध प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य प्राविधान है। इसके बिना जांच अधिकारी-आईओ को जांच प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार नहीं होता है, लेकिन ईडी अधिकारी के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। पीएमएलए के अंतर्गत ईडी अधिकारी को केवल इन्फोर्समेंट केस इन्फार्मेशन रिपोर्ट-ईआरआईसी देने की जरूरत होती है जिसका साझा आरोपी से करना जरूरी नहीं होता है और यह विभाग का एक आंतरिक दस्तावेज होता है। ईडी का जांच अधिकारी बिना कोई खास कारण बताए समन जारी कर सकता है। पीएमएलए के अंतर्गत इडी अधिकारियों के समक्ष दिए बयान अदालत में स्वीकार्य होते हैं तथा जमानत की प्रार्थना पर आरोपी पर ही स्वयं को निरपराध सिद्ध करने की जिम्मेदारी होती है। इस प्रकार मामले की सुनवाई शुरू होने से पहले ही उसे एक प्रकार से दोषी मान लिया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि कानून के अंतर्गत जमानत की अत्यधिक कठोर शर्तें मनमानी नहीं, बल्कि विधिक हैं।

निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए तो स्पष्ट होगा कि लगभग सभी सरकारें ईडी व सीबीआई जैसी केन्द्रीय एजेंसियों का प्रयोग राजनीतिक बदले की भावना से करने की दोषी रही हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 70 के दशक में इस प्रवृत्ति की शुरुआत की थी। पीएमएलए को एक राजग सरकार ने शुरू किया था, जबकि संप्रग सरकार के कार्यकाल में किए संशोधनों से यह और मारक व कठोर बन गया था।

हालांकि, आरोप है कि वर्तमान सरकार के शासनकाल में राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी का व्यापक प्रयोग हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में ईडी के अंतर्गत कुछ हाई-प्रोफाइल लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं जिनमें पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री पी. चिदम्बरम व उनके बेटे कार्ति चिदम्बरम, महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, महाराष्ट्र के पूर्व उप-मुख्यमंत्री छगन भुजबल, वरिष्ठ रांकापा नेता व पूर्व मंत्री नवाब मलिक तथा कुछ समय पहले गिरफ्तार हुए शिवसेना नेता संजय राउत शामिल हैं। ऐसे अनेक बड़े नेताओं की सूची इनसे अलग है जिनको ईडी ने समन कर उनसे लंबे समय तक पूछताछ की है। इन नेताओं में सोनिया गांधी व राहुल गांधी शामिल हैं।

मीडिया, खासतौर से टीवी चैनलों की ऐसे मामलों में बहुत दिलचस्पी रहती है। एक दृष्टिकोण से देखें तो केन्द्रीय जांच एजेंसियां समाज की चेतना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। आम जनता इन एजेंसियों को पक्षपात व भ्रष्टाचार आदि से दूर मानती रही है। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े तथा तेजी से महाशक्ति के रूप में उभरते भारतीय लोकतंत्र में किसी भी कीमत पर इन संगठनों की विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। केन्द्रीय एजेंसियों का कामकाज निष्पक्ष व सबके लिए समान होना चाहिए तथा इनको बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र रूप से काम करने का अवसर मिलना चाहिए।

# चालू खाते के घाटे पर लगाम जरूरी



**आर.पी. गुप्ता**
(लेखक, अर्थनीति विश्लेषक हैं)

देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए वित्त मंत्री सीतारमण को राजकोषीय घाटे से ज्यादा, चालू खाता घाटे की चुनौतियों पर चिंता करनी होगी और राजकोषीय स्वास्थ्य सुधारने के लिए एक समग्र योजना पर काम करना होगा। मौजूदा रूझान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। राजकोषीय घाटे की तुलना में सीएडी अधिक हानिकारक है। आमतौर पर, सीएडी को विदेशी ऋण (निजी और स्वायत्त) और वैश्विक निवेशकों द्वारा इक्विटी निवेश के जरिए वित्तपोषित किया जाता है। इसलिए, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी पूंजी प्राप्तियों से अर्जित किए जाता है जो ''अंतर्राष्ट्रीय देनदारियां'' हैं। लेकिन राजकोषीय घाटे को प्रमुख रूप से घरेलू ऋण देनदारी द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। कुल संप्रभु कर्ज में से, विदेशी कर्ज मुश्किल से 131 अरब डॉलर है और शेष रुपये की शक्ल में घरेलू कर्ज है। यह कई अन्य देशों पर भारत को राहत प्रदान करता है। अगले 12 महीनों में, लगभग 620 बिलियन डॉलर के कुल विदेशी ऋण (निजी और संप्रभु) में से लगभग 267 बिलियन डॉलर का भुगतान किया जाना है। लेकिन इसका विदेशी मुद्रा भंडार पर प्रभाव पड़ सकता है।

इसके अलावा, मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल में, वैश्विक निवेशक अपने निवेश को अमेरिका और उस जैसे अन्य देशों में स्थानांतरित कर रहे हैं जहां ब्याज दरें बढ़ी हैं तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का गिरना भारत में इस तरह के निवेश को बनाए रखने में एक बड़ी बाधा है। फिलहाल करीब 590 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार भारत को राहत प्रदान करता है। लेकिन चालू खाते के बढ़ते घाटे-सीएडी के बढ़ते चलन, घटते विदेशी मुद्रा भंडार और डालर की तुलना में गिरते रुपये को देखते हुए, भारत को किसी भी स्थिति में आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए। भारत की अंतर्राष्ट्रीय देनदारी उसके विदेशी मुद्रा भंडार की तुलना में बहुत अधिक है।

हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने रुपये की अस्थिरता और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को रोकने के लिए कुछ अच्छे कदम उठाए हैं। ऐसी वैश्विक उथल-पुथल में, भारत को छिटपुट कदम उठाने के बजाय किसी भी संभावित बाहरी जोखिम को कम करने के लिए एक समग्र योजना बनानी चाहिए। अतीत में, भारत ने कई बार आर्थिक संकटों का सामना किया है। सरकार में विशेषज्ञों और अर्थव्यवस्था के जानकारों की कमी नहीं है। हालांकि, जाने-माने विशेषज्ञों को भी आउटसोर्स किया जा सकता है और प्रतिक्रिया कार्य के लिए एक टीम में शामिल किया जा सकता है। मामले को केवल आरबीआई पर छोड़ने के बजाय विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अर्थशास्त्रियों से व्यापक परामर्श को प्राथमिकता दी जाती है।

निर्यात को बढ़ावा देने और आयात को बदलने के लिए ''वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता'' में सुधार के लिए समग्र योजना में अनिवार्य रूप से 'संरचनात्मक सुधार' शामिल होने चाहिए। अल्प / मध्यम अवधि में, एक कामचलाऊ राहत वाले राजकोषीय प्रोत्साहन का विकल्प चुना जा सकता है। इसके अलावा, खनिज, कोयला, डीजल और गैस पर उच्च करों को कम किया जाना चाहिए। यह मुद्रास्फीति को शांत करने के अलावा निर्यात और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को बढ़ावा देगा। राजस्व के नुकसान की भरपाई आगामी वर्षों में की जा सकती है। राजकोषीय घाटे की तुलना में सीएडी तनाव के समाधान को तत्काल प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत को धीरे-धीरे ऊर्जा, उर्वरक, भोजन, दवा, इलेक्ट्रॉनिक चिप्स और दुर्लभ खनिजों के मोर्चे पर आत्मनिर्भरता विकसित करनी होगी। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर थर्मल कोयले का आयात कम किया जाना चाहिए। पेट्रोलियम और गैस की नई खोज आक्रामक तरीके से की जानी चाहिए। डीजल की खपत और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए रेलवे को माल यातायात की हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए।

निजी वाहनों में पेट्रोल की खपत को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जनरेटर और पंपों में डीजल की खपत को बचाने के लिए बिजली कटौती को कम किया जाना चाहिए। इसी तरह, सुधारों की एक श्रृंखला की आवश्यकता है, जिनका सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता पर समान प्रभाव पड़ता है। दोनों काफी हद तक आपस में जुड़े हुए हैं। जैसा कि मैंने अपनी पुस्तक टर्न अराउंड इंडिया -2020 में सिफारिश की है, एक नवीन संशोधित स्वर्ण योजना का उपयोग करके अगले तीन से चार वर्षों में सोने के आयात को लगभग शून्य पर लाया जाना चाहिए। जैसा कि उसमें अनुमान लगाया गया है, कि इससे अगले पांच वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 450 बिलियन डॉलर की वृद्धि होगी। यह अंतरराष्ट्रीय देनदारी को बढ़ाए बिना होगा और इसलिए, रुपया स्थिर रहेगा। यह गेम चेंजर हो सकता है।

पूंजी बाजार को भी और सुधारों की आवश्यकता है, विशेष रूप से नई पूंजी जुटाने के लिए, इक्विटी, कॉरपोरेट बॉन्ड या कर्ज इंस्ट्रूमेंट हो सकते हैं। अब तक, भारतीय ऋण और इक्विटी में वैश्विक निवेश का हिस्सा इसकी अर्थव्यवस्था के आकार की तुलना में बहुत कम है। जीवंत पूंजी बाजार निश्चित रूप से वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा और उत्पादकों को नए निवेश के लिए सुविधा प्रदान करेगा। भारत में अर्थव्यवस्था के स्वस्थ विकास के लिए नियमों के साथ इनका सहअस्तित्व होना चाहिए। इसी तरह, व्यापार और कराधान कानूनों को आसान बनाने से निजी और वैश्विक निवेश आकर्षित होंगे। एनपीए मानदंडों में ढील सहित वित्तीय क्षेत्र के सुधार, उपभोक्ता ऋण पोर्टफोलियो से उत्पादक क्रेडिट के हिस्से को बहाल करेंगे और जीडीपी को आगे बढ़ाएंगे। एमएसएमई सुधार अतिदेय हैं, इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और नई नौकरियां पैदा होंगी। भारत सरकार को वर्तमान समय में सेवाओं, प्रसंस्कृत खाद्य, वस्त्र और हस्तनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में व्यापक संभावनाओं के लिए एक अलग नीति-पत्र पेश करने की आवश्यकता है। 80-85 बिलियन के आवक प्रेषण के संरक्षण को तत्काल प्राथमिकता की आवश्यकता है। इस मामले में असफल होने पर, चालू खाते के घाटे सीएडी में और विस्तार होगा। इस स्थिति में सरकार द्वारा पेश होने वाली समग्र योजना के अनुसार, ऐसे सभी कार्यों की पूर्व-निर्धारित समय-सीमा 3-36 महीने होनी चाहिए। वैश्विक निवेशकों, पूंजी बाजार, वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादकों व निर्यातकों आदि में विश्वास जगाने के लिए इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जा सकता है।

ऐसी प्रस्तावित समग्र विकास योजना न केवल बाहरी जोखिम की संभावना को कम करेगी बल्कि यह वैश्विक उथल-पुथल की स्थिति को आमूलचूल सुधारों के अवसर में बदल देगी। भारत को तेजी से कार्य करना चाहिए और स्थिर रुपया व आरामदायक विदेशी मुद्रा भंडार के साथ एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना चाहिए।

## आप की बात

### ध्वस्त टावर

**नोयडा** में एपेक्स 103 मीटर और सियान नामक अवैध ट्विन्स टॉवर ध्वस्त किये गए। इस अवैध निर्माण को ध्वस्त करना उचित ही था ताकि नोयडा ही नहीं, देशभर में अवैध निर्माण करने वाले सावधान हो जाएं। अब सवाल यह है कि करोड़ों ही नहीं अरबों के अवैध निर्माण, जोकि लम्बे समय तक चलते हैं उस पर सरकार या स्थानीय प्रशासन की निगाह क्यों नहीं गई ? इससे साफ़जाहिर होता है कि कहीं न कहीं भारी भ्रष्टाचार व्याप्त रहा है। सरकार को जांच करनी चाहिए कि इसकी कड़ी कहां तक गई है? अवैध निर्माणकर्ता पर तो कार्रवाई होनी चाहिए, साथ ही जिनकी जिम्मेदारी में कहां और कैसे चूक हुई है, उन पर भी उचित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि अवैध निर्माण होने ही न पाए। अवैध बिल्डिंग गिराने से बिल्डर को तो सजा मिली ही है, आसपास के लोग भी अनेक दिनों तक परेशान रहेंगे। अगर वे किन्हीं लोगों से विश्वास करके या पूरे कागजात देखे बिना फ्लैट ले लिए होंगे या बुक किये होंगे तो उनको भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पडेगा। यह एक प्रकार से राष्ट्रीय क्षति भी है। बेहतर तो इसका समाधान यह है कि अवैध निर्माण होना ही नहीं चाहिए ताकि न तो व्यक्तिगत नुकसान हो, न ही सामूहिक....।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### आस्थाओं का सम्मान

**भारत** एक विविधतापूर्ण राष्ट्र है। हमें एक-दूसरे की आस्थाओं का सम्मान करते हुए सहजीवी बनने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह सभी सन्दर्भ मे होना चाहिए। नूपुर शर्मा से विधायक राजा सिंह तक की टिप्पणियां 'ईश-निंदा' थी, यह अपराध हैं, मगर इसका मतलब यह नहीं हैं कि 'सर कलम' की हुंकारें भरने वाली भीड़ की गुस्ताखियां बर्दाश्त की जाएंगी। हिन्दुओं ने भी अपने देवी-देवताओं का सरेआम अपमान देखा हैं, सुना हैं मगर वे तो मारने-काटने पर उतारू नहीं हुए। ऐसा क्यों ? क्या इसे न्यायसंगत कहा जा सकता है कि नुपुर शर्मा के खिलाफ तो देश भर एफआईआर दर्ज हो गईं, लेकिन जिन लोगों ने शिवलिंग को लेकर भद्दी टिप्पणियां कीं, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह राजा सिंह को तो गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उन लोगों के खिलाफ कुछ नहीं किया गया, जिन्होंने हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। हिंदुस्तान में संविधान और लोकतंत्र का राज है अथवा शरिया के कायदे-कानून की हुकूमत है! आरोपित विधायक के खिलाफ कार्रवाई के बाद भी जिहादी नारे क्यों ?

-**विभुति बुपक्या**, खाचरोद


### नेता का अहंकार

**ऋषि सुनक** भारतीय मूल के हैं। उनके दादा भारत से अफ्रीका गए। वहां से फिर ब्रिटेन का सफर शुरू हुआ। आज उनका परिवार ब्रिटेन के सम्मानित परिवारों में से एक है। उस देश के लोकतंत्र एवं अभेदभावपूर्ण व्यवस्था ने, उन्हें मौका दिया, कैबिनेट का दूसरा सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण पद, वित्त मंत्रालय सम्हालने का। ठीक उसके उलट,आज अगर वे भारत में, ब्रिटिश मूल का भारतीय नागरिक होते तो, इतना बड़ा पद पाने के लिए उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ता। पूरे देश में राष्ट्रवादी नारे लगते। उनका जमकर विरोध होता। मगर इतनी सहूलियत मिलने के बावजूद ऋषि सुनक का यह बयान दुखद है। उन्होंने संकेत दिया कि वह लिज़ ट्रस द्वारा संचालित सरकार में काम करना पसंद नहीं करेंगे। इतना अहंकार आपमें क्यों आ गया है। अभी जिस तरह से आप 10, डाउनिंग स्ट्रीट के रेस में पिछड़ रहे हैं। इस बयान से और भी पिछड़ जायेंगे। अब इस बयान के बाद, ज्यादातर लोग, लीज़ ट्रस का साथ देंगे। इसकी बखूबी घोषणा 5 सितम्बर को कर दी जाएगी।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**राहुल** द्वारा सरकारी अध्यादेश फाड़ने की कार्रवाई ने 2014 में संप्रग की पराजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- **गुलाम नबी आजाद**
पूर्व कांग्रेस नेता



**हम** सभी संप्रग सरकार का हिस्सा थे। ऐसे में एक व्यक्ति को 2014 की हार के लिए जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

- **सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता



**आप** के 12 विधायकों ने अब तक शिकायत की है कि भाजपा ने उनका पालाबदल का प्रयास किया।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री"

## मुख्य सचिव ने ली मृतक आश्रित सेवायोजन संबंधी बैठक

**लखनऊ।** अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने के लिये जिन विभागों द्वारा रिक्त पदों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई है, वह जल्द से जल्द कार्मिक विभाग को उपलब्ध करा दें। ताकि आश्रितों के नौकरी हेतु आवेदन को जरूरत के आधार पर संबंधित विभागों को भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के लिए मृतक आश्रित के परिवार को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## अटकलों के बीच अवनीश अवस्थी के विकल्प की तलाश

**लखनऊ।** 31 अगस्त को अपनी अधिवर्षता आयु पूरी करने जा रहे एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी को सेवा विस्तार को लेकर चल रही अटकलों के बीच उनके विकल्प की तलाश भी शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा कयास गृह विभाग के नए मुखिया को लेकर लगाए जा रहे हैं। 1987 बैच के आईएएस अफसर अवनीश अवस्थी को 31 जुलाई 2019 को गृह विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मौजूदा समय में उनके पास यूपीडा के सीईओ के साथ-साथ ऊर्जा विभाग का भी पदभार है। सीएम योगी के करीबी अफसरों में शुमार अवनीश अवस्थी शुरुआत में ही अपर मुख्य सचिव सूचना व पर्यटन के साथ-साथ यूपीडा के सीईओ भी बनाए गए थे। वर्ष 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस बुलाया गया था। योगी सरकार में गृह और यूपीडा से संबंधित अपने कार्यों की बदौलत सबसे ज्यादा चर्चा में रहे अवनीश अवस्थी को सेवा विस्तार मिलने की अटकलें भी लगाई जाती रही हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई फैसला न हो पाने से इन अटकलों को खारिज भी किया जाने लगा है। वह प्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने समेत कई बड़े फैसलों के सूत्रधार बने।

## लखनऊ समेत छह जनपदों में सीएफसी बनकर तैयार

**लखनऊ।** एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत मुरादाबाद, सीतापुर, लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या एवं बिजनौर में 57.27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) का शीघ्र ही लोकापर्ण होगा। विभाग द्वारा इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने दी। सहगल ने बताया कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी नाथ की सबसे पसंदीदा योजना है। प्रदेश के हर जिलें में कोई न कोई उत्पाद अपनी पहचान एवं पारंपरिक विशिष्टिता के लिए जाने जाते हैं। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडीओपी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत कारीगरों एवं उद्यमियो की सुविधा हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कम से कम एक सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) स्थापित कराये जाने का लक्ष्य है। सीएफसी में कारीगरों को एक छत के नीचे व्यवसाय से जुड़ी तमाम प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी तथा रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित होंगे। जनपद आजमगढ़, सीतापुर, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर एवं आगरा में सीएफसी का लोकापर्ण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जनपद मैनपुरी, संभल, वाराणसी, बिजनौर, गाजियाबाद, भदोही, मुरादाबाद, उन्नाव, मिर्जापुर, बरेली, मुजफ्फरनगर, मऊ, चित्रकूट तथा कौशाम्बी में सीएफसी स्थापना की कार्यवाही विभिन्न चरणों में है। जनपद मुरादाबाद में ओडीओपी उत्पाद धातु शिल्प के लिए 994.13 लाख रुपये की लागत से सीएफसी स्थापित कराई गई है। सहारनपुर में लकड़ी पर नक्काशी उत्पाद से जुड़े कारीगरों के लिए 990.11 लाख रुपये की लागत से सीएफसी का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार जनपद लखनऊ में ओडीओपी उत्पाद चिनकारी एवं जरी-जरदोजी के लिए 388.53 लाख रुपये, गौतमबुद्ध नगर में रेडीमेड गारमेंट हेतु 1450.20 लाख रुपये, अयोध्या में ओडीओपी उत्पाद गुड हेतु 993.42 लाख तथा बिजनौर में ओडीओपी प्रोडेक्ट काष्ट कला के लिए 910.63 लाख की लागत से सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना कराई गईं है।

# अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई: योगी

● मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिला अपराध के अपराधियों पर मुकदमा पंजीकृत दर्ज कर उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही अधिकारी अनुसंधान व अभियोजन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर अपराधियों को सजा दिलाने की प्राथमिकता रखें। मुख्यमंत्री सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। बस्ती जिले से आई महिला ने अपनी 14 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म और उसे जख्मी करने का मामला उठाया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी एवं एडीजी अखिल कुमार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि महिला अपराध के मामले को पूरी संवेदनशीलता के साथ देखा जाए। ऐसे मामलों में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सीएम ने जनता दर्शन में सौ से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, उन्हें चाकलेट भी गिफ्ट किया।

## डीपीआर तैयार करने वाली संस्था टेंडर प्रक्रिया में न हो शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● ईपीसी मोड में सुधार के लिए सीएम ने कार्यकारी समिति गठित करने का दिया निर्देश

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 5 कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर सोमवार को ईपीसी व्यवस्था में परिवर्तन, सुधार, सरलीकरण की एक उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से डीपीआर बनाया जाए और उनकी समय सीमा भी निर्धारित की जाए। साथ ही जो भी संस्था डीपीआर तैयार कर रही हो वो टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले, इस पर विशेष ध्यान दें। सीएम ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है लेकिन इस पर यह भी ध्यान दिया जाए कि कार्य समय पर प्रारम्भ होने के साथ ही निर्धारित समय पूरा हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट के लिए गलत कॉन्ट्रेक्टर का चुनाव नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रही जनहित की विभिन्न परियोजनाओं में देरी करने वाले कम्पनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी कंपनियों को हर हाल में ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए क्योंकि यह लोग नशे के सौदागरों से कम नहीं है। सीएम ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट के डीपीआर के लिए छ माह का समय निर्धारित करें और प्रोजेक्ट पूरी होने की अवधि 24 माह रखें। उन्होंने कहा कि ऐसी ही व्यवस्था छोटे प्रोजेक्ट के लिए बनाएं और उनके कार्य पूर्ण होने की समय सीमा भी निर्धारित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईपीसी मोड में सुधार करने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव नियोजन की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया जाए। इसमें वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग, गृह विभाग और प्रशासनिक विभाग के एसीएस, पीएस सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईपीसी मोड पर प्रदेश में अक्टूबर 2020 से अगस्त 2022 तक 45 परियोजनाएं प्रारम्भ हो चुकी हैं, 74 परियोजनाओं के डीपीआर बन गए हैं। 63 का ईएफसी हो चुका है और 53 पर प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति मिलनी है। उन्होंने परियोजनाओं की लेट लतीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बची हुई विकास परियोजनाओं में आ रही समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द निकाल कर तीव्र गति से कार्य को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित की 48 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें से 32 परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाय निस्तारण: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता दर्शन व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए हैं। केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7 कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे।

जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आये जन सामान्य से उप मुख्यमंत्री ने स्वयं आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं को पूछा तथा आश्वस्त किया कि आपकी समस्या निस्तारण हर सम्भव किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने फरियादियों के पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनका नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण करायें, जिससे



किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ होए जिससे किसी प्रकार की कोई पुन: शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी को भी एक ही समस्या के लिए बार-बार आवेदन न देना पड, इसलिए समस्या का निदान भी समयान्तर्गत किया जाये। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कई मामलों में उपमुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिलों के जिलाधिकारियों व उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध मे वार्ता भी की।

# नए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का हुआ भव्य स्वागत





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## चारबाग से बीजेपी कार्यालय तक भगवा झंडे व होर्डिस से पटी सड़क

**भाजपा** के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के पहली बार लखनऊ पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं ने बड़े जोश के साथ भव्य स्वागत किया। चारबाग रेलवे स्टेशन से लेकर भाजपा कार्यालय तक सड़के होर्डिंग और भगवा झंडों से पाट दिया गया था। जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने भूपेंद्र चौधरी फूल-मलाओं से स्वागत किया। शताब्दी ट्रेन से चारबाग पहुंचे चौधरी के जुलूस को पार्टी कार्यालय पहुंचने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। भूपेंद्र चौधरी के स्वागत के लिए लखनऊ को पूरी तरह भगवामय कर दिया गया। भूपेंद्र चौधरी के साथ कई पश्चिम यूपी के कई नेता, विधायक उनके साथ लखनऊ पहुंचे। भूपेन्द्र सिंह सोमवार को शताब्दी एक्सप्रेस से करीब एक बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय, संजीव बालियान, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, पार्टी पदाधिकारियों व हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों व गगन भेदी नारों के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। नई दिल्ली से चलकर लखनऊ तक पहुंचने में रास्ते में पड़ने वाले गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, कानपुर, स्टेशनों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। राजधानी लखनऊ पहुंचने पर चारबाग रेलवे स्टेशन से लेकर पार्टी मुख्यालय तक पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार ढ़ग से स्वागत व अभिनंदन किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने चारबाग से हजरतगंज तक विभिन्न महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। सायं लगभग 4 बजे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय पहुंचे। उत्साह, उमंग से सराबोर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल, नगाड़ों के साथ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत व अभिनंदन को ऐतिहासिक बनाते हुए पूरे शहर को भगवामय कर दिया। मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल, सांसद रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों में रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजजेयी, योगी सरकार में कैनिबेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय मंत्री डा महेद्र नाथ पाण्डेय, पूर्व सांसद देवेन्द्र सिंह भोले सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर मायावती ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार राष्ट्रपति द्रौपदी से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद बसपा नेता ने ट्वीट कर कहा कि राष्ट्रपति से आज काफी अच्छी मुलाकात हुई। अनुसूचित जनजाति (एसटी) समाज से ताल्लुक रखने वाली देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने पर उनसे मिलकर उन्हें औपचारिक तौर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वे समाज व देश का नाम रौशन करें, यही कामना। उन्होंने कहा कि वैसे तो बीएसपी व अन्य पार्टियों ने भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें अपना समर्थन दिया और वे भारी मतों से विजयी हुईं, अगर थोड़ा और सही व सार्थक प्रयास किया गया होता तो वे सर्वसम्मति से यह चुनाव जीत कर एक और नया इतिहास जरूर बनातीं। देश को उनसे बहुत सारी आशाएं हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू ने भाजपा के पूर्व नेता एवं विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया था। सिन्हा को कांग्रेस, सपा समेत कुछ अन्य विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त था जबकि बसपा ने इस चुनाव में आदिवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की मुर्मू का समर्थन किया था।

## सम्पत्ति को कुर्क करने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त को किया नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम-2016 के अधीन वित्तीय अधिष्ठानों द्वारा अर्जित किये हुए धन या अन्य सम्पत्ति को कुर्क करने के लिए राज्य में सभी अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त) को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। जनता इसकी शिकायत अपने जिला कलेक्टर को भेज सकती है।

सोमवार को उप्र वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम-2016 के अधीन वित्तीय अधिष्ठानों द्वारा अर्जित किये हुए माने गये धन या अन्य सम्पत्ति को कुर्क करने के प्रयोजनों के लिए राज्य में समस्त अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त) को उनकी अपनी-अपनी अधिकारिता के तहत सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कोई भी शिकायतकर्ता जिले के कलक्टर को अपनी शिकायत भेज सकता है। यह जानकारी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्थागत वित महानिदेशालय के महानिदेश शिव सिंह यादव ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण करने और उससे संबंधित या आनुषंगिक मामलों की व्यवस्था करने के लिए उप्र वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम 2016 बनाया गया है। जिसके अनुसार जमा में किसी विनिर्दिष्ट अवधि के बाद या नकद या वस्तु के रूप में या विनिर्दिष्ट सेवा के रूप में ब्याज, बोनस, लाभ या किसी अन्य रूप में किसी प्रसुविधा के साथ या प्रसुविधा रहित वापसी के विचार से किसी वित्तीय अधिष्ठान द्वारा इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व पर या बाद धन की प्राप्ति, किसी मुल्यवान वस्तु का प्रतिग्रहण और उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर भूखण्ड या फ लैट या मकान के विक्रय या ऐसे किसी विन्यास के लिए, निर्माणकर्ताओं का किसी व्यक्ति द्वारा संकलित कोई धनराशि इस खण्ड के प्रयोजनार्थ जमा धनराशि समझी जायेगी।

# भाजपा का हर वादा झूठा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा मनमानी करने से बाज नहीं आ रही है। जनता इन्हें अगले लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएगी क्योंकि भाजपा बेरोजगारी, महंगाई, डीजल-पेट्रोल, रसोईगैस की बढ़ी कीमतों की बात नहीं कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दूध, दही पर जीएसटी लगाकर उनको महंगा कर दिया। भाजपा का हर वादा झूठा है। नोटबंदी से न तो कालाधन वापस आया और नहीं भ्रष्टाचार थमा बल्कि सच तो यह है कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में 'अमृत सरोवर योजना' में तालाब खुदाई के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा विकास नहीं विनाश करती है। तमाम हेरिटेज स्थानों को बर्बाद कर दिया है। भाजपा पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है। हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट हो रही है। एम्बुलेंस सेवा चौपट हो गई है। अखिलेश ने कि स्वास्थ्य विभाग का पहले से ही बुरा हाल है। दवाओं की खरीद बिक्री में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए है। पांच साल सरकार चलाने के बाद अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं की हालत देख कर मंत्री शर्मिंदा है। यूपी के अस्पतालों की स्थिति और बदतर हो गयी है। अखिलेश ने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग में जिस तरह का खेल इस सरकार में हुआ इससे पहले कभी नहीं हुआ। इस सरकार में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस सेवा को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है।

प्रयागराज के चिल्ड्रेन अस्पताल में वेंटिलेटर की कमी है। उत्तर प्रदेश के कई जिला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति बदहाल है। अस्पतालों में लापरवाही और अनियमितता चरम पर है।

# पूर्वांचल में पर्यटन विकास की योजनाओं पर शीघ्र कार्य होगा शुरू: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों एवं जनपद फिरोजाबाद के पर्यटन विकास की योजनाओं के लिए धनराशि का आकलन करके अग्रेतर कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गए हैं जिन जनपदों में पर्यटन विकास की योजनायें तैयार की गई हैं, उनमें बस्ती, वाराणसी, गाजीपुर, महराजगंज, देवरिया, अमेठी शामिल हैं। मंत्री सिंह ने बताया कि जनपद बस्ती में विक्रमजोत ग्राम पंचायत देवखग में स्थित झारखंडी मंदिर के विकास के लिए 83.25 लाख रूपये की योजना तैयार की गयी है। इसी प्रकार वाराणसी में संत गुरू रविदास की जन्म स्थली सीरगोवर्धन के पर्यटन विकास के अंतर्गत पार्क के विकास के लिए 492.98 लाख का आकलन तैयार कराया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद वाराणसी में ट्रामा सेंटर से रविदास मंदिर तक 2350 मीटर सड़क का निर्माण, रविदास मंदिर मोड़ से एनएच रोड तक प्रस्तावित 12 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण तथा बीएचयू से बाया बाबा रविदास मंदिर एनएच रोड तक सुदृढ़ीकरण के कार्य के लिए प्रस्ताव एवं धनराशि का आकलन करा लिया गया है। इन कार्यों पर एक बड़ी धनराशि व्यय की जायेगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनपद गाजीपुर ग्रामसभा सिधौना पो. रामपुर में गोमती स्थित महान संत श्री पवहारी बाबा के हाथों स्थापित प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर एवं तालाब कार्य के लिए 127.70 लाख रूपये का आकलन तैयार कराया गया है। इसी प्रकार जनपद महराजगंज में स्थित बौद्ध स्थल रामग्राम के पर्यटन विकास के लिए 893.49 लाख रूपयेए ईको.टूरिज्म के अंतर्गत महराजगंज में सोहगीबरवां वन्य जीव अभ्यारण स्थल के पर्यटन विकास के लिए

# पीएम मोदी ने जनता को महंगाई के बोल तले दबा दिया: श्रीनेत

● दिल्ली में 4 सितंबर को प्रस्तावित हल्ला बोल रैली के लिए लोगों से मांगा समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष में रह कर बहुत बड़ी-बड़ी बात करते थे और आज उन्होंने ही जनता को महंगाई के बोझ तले दबा दिया है। 83 प्रतिशत लोगों की आय घट गयी है, तब भी देश को महंगाई तले रौंदा जा रहा है। यह महंगाई पेट्रोल, डीजल तक ही सीमित नहीं है अपितु आटा, दाल, चावल, दूध, दही, लस्सी के दामों में भी आग लगी है। सरकार की वित्त मंत्री कहती है न हम दही पीते है और न ही प्याज, लहसुन खाते है। सरकार के इस गैर जिम्मेदाराना बयान से पूरी जनता भुगत रही है। सरकार कोरोना के पीछे नहीं छुप सकती। श्रीनेत सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर 4 सितंबर को प्रस्तावित 'हल्ला बोल' रैली के सिलसिले में प्रेस कांफ्रेंस कर रही थीं। उनके साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी व अन्य नेता भी मौजूद रहे।

श्रीनेत ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना काल के पहले नोटबंदी और जीएसटी के चलते खराब होने लगी थी। वर्ष 2016 तक ग्रोथ रेट गिरकर 4.1 हो चुका था। मनमोहन सिंह की सरकार में 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया था जो इस समय 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे चले गए। उन्होंने कहा कि दो बाते बताना जरूरी है। पहली यह कि निर्मला सीतारमण ने साफ झूठ बोला कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने लिखित में जीएसटी काउन्सिल की बैठक में टैक्स लगाने का विरोध किया था। दूसरा, जीएसटी काउन्सिल में केंद्र सरकार के पास 33 प्रतिशत वोट होता है और प्रत्येक राज्य के पास मात्र 2 प्रतिशत। तो किसी भी राज्य को टैक्स के निर्णय का विरोध करने के लिए या तो केंद्र सरकार नहीं तो 25 राज्य सरकारों का साथ चाहिए होता है। पर 25 में से 19 तो भाजपा शासित हैं। तो एक बात साफ है कि दाम बढ़ाने का निर्णय भाजपा सरकारों और केंद्र सरकार के कारण हुआ है। राष्ट्रीय प्रवक्ता न कहा कि मोदी जी ने 2019 के चुनाव में लोगों से वोट लेने के लिए उज्ज्वला योजना का खूब प्रचार किया लेकिन चुनावों के तुरंत बाद उन्होंने संवेदनहीनता दिखाते हुए रसोई गैस पर सब्सिडी को खत्म कर दिया। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की वैश्विक कीमतें 2021-22 की तुलना में 2013-14 में बहुत अधिक थीं लेकिन उपभोक्ता आज एक लीटर ईंधन या एलपीजी सिलेंडर के लिए यूपीए शासन काल की तुलना में कहीं अधिक भुगतान कर रहा है। एलपीजी वर्ष 2013-14 में 881 डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी। उस समय प्रति सिलेंडर 410 रुपए में मिल जाता था। आज अगस्त 2022 में एलपीजी की कीमत 670 डॉलर प्रति मीट्रिक टन है। दाम घटने के बावजूद प्रति सिलेंडर 1053.1240 रुपए का है। श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार की दिशाहीन नीतियों ने बेरोज़गारी की स्थिति को विनाशकारी मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।

# पांच दिन में 3951 मुकदमे दर्ज, 4060 अभियुक्त गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● दो करोड़ से अधिक की अवैध शराब के अलावा 8 करोड़ से उपर के मादक पदार्थ बरामद

**पुलिस** मुख्यालय की ओर से शासन की मंशा के अनुरूप राज्य के सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को माफिया पर नकेल कसने के साथ ही शराब और ड्रग के अवैध कारोबार की रोकथाम के विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में ऐसे अपराधियों के उन्मूलन के लिए 24 अगस्त से 31 अगस्त तक का विशेष सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

एडीजी अपराध एवं कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रचलित अभियान के अन्तर्गत 24 अगस्त से आज सोमवार तक कार्रवाई करते हुए इस अवधि में कुल 3951 मुकदमे दर्ज करते हुए 4060 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में अब तक कुल 2 करोड़ 27 लाख 25 हजार 781 रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद की गई है। अवैध व जहरीली शराब का कारोबार करने वाले 54 अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के 11 मुकदमें दर्ज किए गए हैं जबकि 165 अपराधियों को धारा 60 (क) आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत निरुद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस धारा में मृत्युदंड का प्राविधान है । एडीजी ने बताया कि अवैध शराब का कारोबार करने के 5 प्रकरणों में इस अवधि में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा भी दिलाई गई है। अवैध शराब के विरूद्ध अभियान में इस अवधि में जनपद देवरिया, गाजियाबाद, मथुरा, फि रोजाबाद व रायबरेली द्वारा उत्कृष्ट बरामदगी की गई है। 24 अगस्त से 29 अगस्त तक मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाते हुए प्रदेश भर में इस अवधि में 606 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिनमें 675 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई कुल 8 करोड़ 80 लाख 96 हजार 293 रुपए मूल्य के विभिन्न मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। मादक पदार्थो का अवैध व्यापार करने वाले 19 व्यक्तियों के विरुद्ध गैंगेंस्टर एक्ट के 5 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं जबकि गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत 14 करोड़ 79 लाख 84 हजार 500 रुपए मूल्य की अवैध सम्पत्ति जब्त की गई है। मादक पदार्थों का कारोबार करने के 3 प्रकरणों में इस अवधि में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा भी दिलाई गई है। अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध अभियान में जनपद बाराबंकी, रायबरेली, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गाजीपुर द्वारा इस अवधि में उत्कृष्ट बरामदगी की गई है।

एडीजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यालय द्वारा विशेष रूप से मादक पदार्थों तथा अवैध शराब के विरुद्ध अपने दिशा निर्देशन में प्रदेश भर में अभियान चलाते हुए प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। जिससे इन अवैध कृत्यों में संलिप्त अपराधियों व इन अपराधों का सम्पूर्ण उन्मूल सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रदेश में 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगना शुरू

**लखनऊ।** जब पिछले 2 वर्षों के बाद पुन: एक बार उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा फिर उत्तर प्रदेश में लगाया जाना शुरू कर दिया गया है। इसकी शुरुआत केस्को कानपुर से हो गई है। इस बार ईईएसएल द्वारा 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 2 वर्ष पहले जन्माष्टमी पर बत्ती गुल भार जंपिंग एसटीएफ जांच सहित अनेकों अनियमितताओं पर उत्तर प्रदेश सरकार वर पावर कारपोरेशन ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना बंद कर दिया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश में उच्च तकनीकी के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएं निश्चित ही वर्तमान परिवेश को देखते हुए उचित है लेकिन एक गंभीर सवाल उठना लाजमी है विगत मई 2022 में केंद्र सरकार ऊर्जा मंत्रालय केंद्रीय उर्जा सचिव की मीटिंग में जहां उत्तर प्रदेश में 4जी स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर एक मीटिंग में यह मामला सामने आया था जो स्मार्ट मीटर उत्तर प्रदेश में लगने वाले हैं उसके बीआईएस सार्टिफिकेसन में कुछ फंक्शनल प्रॉब्लम है जिसको लेकर पावर कारपोरेशन ने मई सहित अभी पिछले सप्ताह 18 अगस्त 2022 में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के डायरेक्टर को पत्र लिखकर यह जानना चाहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में परिलक्षित हुई समस्याएं क्या है अभी तक इन समस्याओं के बारे में ईईएसएल द्वारा पावर कारपोरेशन को अवगत नहीं कराया गया लेकिन वहीं दूसरी ओर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगना शुरू हो गया है ऐसे में भविष्य में यदि कोई भी तकनीकी या मीटर संबंधी खामियां सामने आएंगी तो इसकी समस्त जिम्मेदारी पावर कॉर्पोरशन और बिजली कंपनियों के प्रबंधन की होगी।

# जिलाधिकारी के आदेशों को नहीं मानता स्थानीय पुलिस प्रशासन

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

● एक बार फिर चर्चाओं में है लहरपुर की अवैध स्क्रैप मंडी

● रात के अंधेरे में होता है अवैध स्क्रैप लोडिंग का कारोबार

**शासन की** मंशा और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेशों को स्थानीय पुलिस प्रशासन रद्दी की टोकरी में डाल कर मनमानी पूर्ण रवैया अख्तियार किए हुई है। हालात यह है की पूरी पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था सवालों के घेरे में है। गौरतलब है कि लहरपुर अवैध रूप से स्क्रैप के कारोबार के लिए जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में सुर्खियों में रहा है लगातार अखबार की सुर्खियों में रहने के कारण विगत डेढ़ माह पूर्व जिलाधिकारी अनुज सिंह व तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने उप जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जांच समिति गठित करके जब तक जांच समिति अपनी रिपोर्ट नहीं दे देती तब तक स्क्रैप का कोई भी अवैध कारोबार व कोई भी दुकान नहीं खुलेगी। इस बात की पुष्टि सामूहिक रूप से मीडिया कर्मियों के समक्ष अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित ने भी की थी कि जब तक दूध का दूध पानी का पानी नहीं हो जाता तब तक स्क्रैप की कोई भी दुकान नहीं खुलेगी। जिलाधिकारी के आदेश के बाद स्क्रैप की दुकानें तो बंद कर दी गई पर जांच के नाम पर स्थानीय पुलिस प्रशासन स्क्रैप से जुड़े अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर लुका छुपी का खेल खेल रहा है। दिलचस्प पहलू यह है कि लहरपुर नगर क्षेत्र में लहरपुर हरगांव रोड, लहरपुर तंबौर मार्ग व लहरपुर सीतापुर मार्ग पर 80 से अधिक अवैध स्क्रैप की दुकानें संचालित थी। मौजूदा समय में यह दुकाने तो बंद हो गई लेकिन इन दुकानों पर करोड़ों रुपयों का लगा स्क्रैप आज भी कोतवाली पुलिस के संरक्षण में रात के अंधेरे में लोड होकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भेजा जा रहा है। आज भी इन स्क्रैप की दुकानों पर आधा सैकड़ा से अधिक चार पहिया दुपहिया व ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध रूप से खड़ी हुई है। जिस पर न तो पुलिस हाथ डाल पा रही है न ही प्रशासनिक अधिकारी। दरअसल जिलाधिकारी के आदेश के बाद उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में पुलिस क्षेत्राधिकारी व जीएसटी के जिले के एक आला अधिकारी सहित तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया पर यह समिति मात्र कागजों पर बनकर रह गई। चौंकाने वाले तथ्य यह है कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद स्थानीय पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से अवैध रूप से लोड हो रहे डीसीएम व ट्रकों पर अवैध स्क्रैप को लोड होते हुए पकड़ा था और कोतवाली लाकर उन्हें सीज करने की कार्रवाई की थी अब प्रश्न यह उठता है कि स्क्रैप के अवैध कारोबारियों को कौन हिम्मत दे रहा है कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी स्क्रैप के अवैध कारोबारी स्क्रैप लोड करने का साहस कैसे जुटा पा रहे। स्थानीय पुलिसिया कार्यशैली पर उस समय सवालिया निशान उठ खड़े हुए जब 1 सप्ताह पूर्व लहरपुर के दो चर्चित स्क्रैप कारोबारी महतिया व सानू खां को कोतवाली पुलिस इनके घरों से रात को ही कोतवाली उठा लाई। इस संबंध में जब नगर चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले चौकी प्रभारी जयप्रकाश यादव से बात की गई थी कि इन दोनों कबाड़ियों को कोतवाली क्यों लाया गया है तो उनका कहना था इन दोनों का कबाड़ियों के द्वारा कबाड़ की दुकान खोले जाने की शिकायतें मिल रही थी इसलिए इन्हें कोतवाली लाया गया है। हतप्रभ कर देने वाली बात यह है कि जब स्क्रैप की दुकान खोले जाने की शिकायत पर इन्हें लाया गया था तो कोतवाली पुलिस ने इनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की बताया जाता है कि एक मोटी रकम लेकर रात को ही कुछ स्थानीय दलालों के माध्यम से इनका कबाड़ियों को छोड़ दिया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर बनाई गई स्क्रैप के संबंध में जांच समिति एक और जहां सवालों के घेरे में है वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन व स्क्रैप के अवैध कारोबारियों के बीच गठजोड़ को नकारा नहीं जा सकता।

## क्या कहते हैं जिम्मेदार... ?

**इस संबंध में** जब जांच समिति के अध्यक्ष उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कबाड़ कि कोई दुकाने नहीं खुली हुई है और यदि कोई दुकान खुलती है तो हमें सूचित करें उन्होंने यह भी कहा यदि रात को 2.00 बजे कोई स्क्रैप की लोडिंग हो रही है तो आप हमें फोन करें मैं रात को ही छापा मारकर अवैध स्क्रैप को पकडूँगा।

# तहसीलवार लगेगें ओटीएस विशेष कैंप

संवाददाता। सीतापुर

**परिवहन विभाग** द्वारा तहसील स्तर पर विशेष कैम्प लगाये जायेंगे। एआरटीओ (प्रषासन) माला बाजपेयी ने बताया कि षासन द्वारा वाहन स्वामियों के लिये एक मुष्त षास्ति समाधान (ओटीएस) योजना वर्तमान में संचालित की जा रही है। जनपद के अधिक से अधिक वाहन स्वामियों को इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिये तहसील स्तर पर विषेश ओटीएस कैम्प लगाये जायेगें। उन्होने बताया कि सभी उप जिलाधिकारी महोदय को इस सम्बन्ध में पत्र भेजकर जानकारी दे दी गयी है। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि एक मुष्त षास्ति समाधान (ओटीएस) योजना के अन्तर्गत 01.04.2020 तक पंजीकृत सभी व्यवसायिक वाहनों पर बकाया मार्गकर में लगायी गयी पूरी पेनाल्टी माफ की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिये वाहन स्वामियों अथवा उनके प्रतिनिधि इन विषेश कैम्प अथवा कार्यालय में आवेदन कर सकते है जिसके लिये 1000/-रूपये शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होने बताया कि योजना के तहत अब तक 385 रजिस्ट्रेषन कराये गये है, जिनमें 251 मोटर मालिको ने 55 लाख रूपये की पेनाल्टी माफ कराकर योजना का लाभ उठाया है। योजना में आवेदन की अन्तिम तिथि 26 सितम्बर है।

### कब कहां लगेगे कैंप

**31 अगस्त** बिसवां, दो सितम्बर सिधौली व महमूदाबाद, 5 सितम्बर महोली, 6 सितम्बर सदर तहसील, 7 सितम्बर लहरपुर तहसील, 8 सितम्बर मिश्रिख सभी कैंप तहसील परिसर के सभागार में सुबह 10 बजे से 5 बजे के मध्य आयोजित होगें।

# तीन जिलों में चार दिन गुजारने आ रहे जितिन प्रसाद!

● हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर जिलों में जितिन प्रसाद का भ्रमण कार्यक्रम

● तीनों जिलों में करेगें समीक्षा, पार्टीजनों से होगा संवाद, विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेगें लोकनिर्माण मंत्री

संवाददाता। सीतापुर



**उत्तर प्रदेश** सरकार के लोकनिर्माण एवं लखनऊ मंडल के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद तीन जिलों में आगामी चार दिन गुजारेगें। कई कार्यक्रमों में वह भाग लेगें। जनप्रतिनिधियों पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, उद्यमियों के साथ संवाद कर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा करेगें। कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद कई विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेगें और दर्शन पूजन में भी भाग लेगें। 31 अगस्त को सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर हरदोई के कौढ़ा विकास खण्ड, बावन हरदोई में उच्च प्राथमिक विद्यालय, निराश्रित गौआश्रय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर, सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर हरदोई के विकास भवन में केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं, कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के सम्बंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगें। 3 बजे सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पहुंचकर जिलाधिकारी पर्यटन विभाग, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य उद्धार के लिए किए गए कार्यो एवं आगे की कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण अवलोकन करेगें। 4 बजकर 10 मिनट पर मां ललिता देवी चक्रतीर्थ एवं हनुमान गढ़ी के दर्शन पूजन करेगें। अपरान्ह 5 बजे निराश्रित गौआश्रय स्थल बर्मी का निरीक्षण करने के बाद 6 बजे सीतापुर के लोकनिर्माण विभाग गेस्टहाउस पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों, जनप्रतिनधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेगें। रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक परिवार के सदस्यों के साथ भेंटवार्ता कर रात्रि विश्राम भी सीतापुर के गेस्ट हाउस में करेगें। 1 सितम्बर को सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर सीतापुर के खैराबाद स्थित सामूदायिक केन्द्र का निरीक्षण करेगें।, 10 बजकर 5 मिनट पर सीतापुर के कलेक्टेऊट सभागार में केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं कानून, व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के सम्बध मं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगें। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं वं कानून व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ दुधवा रेस्टहाउस पलिया में बैठक कर 2 सितम्बर को अपरान्ह 4 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स




**अकबरपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार एवं इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कानपुर देहात जनपद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कानपुर देहात जनपद के विद्यार्थियों ने जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर एवं ब्राइट एंजेल्स एजुकेशन सेंटर अकबरपुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों के व्याख्यान सुने तथा क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर में लखनऊ से आए विशेषज्ञों ने अपने सारगर्भित व्याख्यान के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मिश्रा ने साइबर सुरक्षा हेतु दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली सामान्य बातों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा बताया कि हम अज्ञानता लालच एवं मनोरंजन हेतु अविश्वसनीय स्रोत से विभिन्न ऐप को डाउनलोड करके साइबर खतरे में पड़ जाते हैं। हमें साइबर सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए।

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान से अछूता नहीं है। आने वाला युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा तकनीकी का युग है। भावी पीढ़ी को समय के साथ चलते हुए इसे अपनाना होगा तथा भविष्य में इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। सीतापुर से पधारे नवाचारी शिक्षक पंकज कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पक्षों पर शोध परक प्रस्तुतीकरण दिया तथा बताया कि हम छोटी छोटी सोच से नवाचार कर सकते हैं तथा उस नवाचार के माध्यम से समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकते हैं। अत: विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन द्वारा प्रतिभाशाली एवं नवाचारी विद्यार्थियों को चिन्हित करके, उन्हें संबंधित क्षेत्रों में आगे बढ़ाया जा सकता है। लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यालय के शिक्षक अतुल श्रीवास्तव एवं संतलाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा संबंधी प्रदर्शनी के द्वारा विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में गहन व सटीक जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य चंद्रा सत्यार्थी ने विद्यार्थियों के मध्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा संबंधी क्विज संपन्न कराया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी रामलगन अग्निहोत्री ने कहा की इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच का विकास करते हैं जिससे बड़े-बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव हैं। उन्होंने इस वैज्ञानिक आयोजन के लिए आयोजकों का धन्यवाद एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश मिश्रा ने किया।

इसके साथ ही ब्राइट एंजेल्स एजुकेशन सेंटर अकबरपुर में समानांतर सत्रों का आयोजन हुआ जिसमें विषय विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा संबंधी व्याख्यान दिए तथा विद्यार्थियों से संबंधित विषयों पर परिचर्चा की। संस्थान के निदेशक बलवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों में अपार क्षमताएं एवं संभावनाएं होती हैं परंतु हमें उनको समय रहते निखारना होता है जिससे वे स्वयं समाज व राष्ट्र के लिए अधिकतम उपयोगी बन सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पांजलि मौर्या ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मिश्रा ने बताया है कि कल साइबर सुरक्षा संबंधी व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता होगी। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के इच्छुक विद्यार्थी उपरोक्त विद्यालयों में आकर प्रतिभाग कर सकते हैं। पोस्टर बनाने हेतु सामग्री आयोजक संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

# पुण्यतिथि पर ललित किशोर मेहरोत्रा को किया गया याद



संवाददाता। सीतापुर

**अपनी माता** से प्रेरणा लेकर स्व. ललित किशोर मेहरोत्रा ने जिस सीतापुर शिक्षण संस्थान की नींव रखी थी वह बीएड पाठ्यक्रम से शुरूआत के बाद उसमें इंजीनियरिंग, एमबीए, फर्मेसी, नर्सिंग, बीबीए, बी.सी.ए पालिटेक्निक, आईटीआई, बीटीसी, बीकाम, बीएससी आदि पाठ्यक्रम शामिल किया जा चुका है। संस्थापक, प्रबंधक स्व. ललित किशोर मेहरोत्रा की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए संस्थान की प्रबंधन समिति की तरफ से श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर सुमन लता मेहरोत्रा, इश्तिा मेहरोत्रा, मनोज शर्मा सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसान सम्मान निधि का सत्यापन का कार्य शुरू: उपजिलाधिकारी

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

● मोहम्मदी तहसील में कुल 84790 किसान सम्मान निधि का होना है सत्यापन

**शासन के** मिले दिशानिर्देश पर उपजिलाधिकारी की देखरेख मे सम्मान निधि सत्यापन का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है तथा इसके लिए राजस्व और कृषि विभाग के कर्मचारी लगाए गए हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शासन से मिले दिशा निर्देश के उपरांत किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थी बड़ी संख्या में लाभ ले रहे हैं। जिस का सत्यापन का काम बड़ी तेजी के साथ शुरू हो गया है एउन्होंने बताया मोहम्मदी तहसील में कुल 278 गांव हैं तथा किसान सम्मान निधि का 84790 किसान इसका लाभ ले रहे हैं जिसमें अभी तक 30922 किसान सम्मान निधि लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है। जिसमें प्रत्येक गांव में लेखपाल और कृषि विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर उसका सत्यापन कर रहे हैं। इस काम के लिए 10 से लेकर 12 ऑपरेटर फीडिंग का काम कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जो किसान सम्मान निधि में मृतक हो गए हैं या पात्रता की श्रेणी में नहीं आ रहे हैं या जिसे किसान सम्मान निधि का सत्यापन कराना है तो वह अपने गाव के लेखपाल के पास भूमि संबंधी अभिलेख जमा कर दें। उन्होंने बताया जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा तथा मेरे द्वारा प्रतिदिन इस कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है।

पकड़े गए चोरों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

# महोली पुलिस ने किया चोरी की सात घटनाओं का खुलासा

संवाददाता। सीतापुर

● सीतापुर पुलिस के रडार पर आए चोर, दबोचे गए 5 शातिर

**सीतापुर में** सक्रिय चोरों के आतंक के बीच सोमवार को महोली पुलिस ने राहत की खबर सुनाई, चोरी की 7 घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस की टीम ने 5 शातिर चोर धर दबोचे, जिनके पास से 31 हजार 600 रूपये की नकदी व करीब डेढ़ लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात बरामद किए है। जानकारी देते हुए सीओ महोली अमन सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोरों में रामनरायण राठौर पुत्र परसादी लाल निवासी मूड़ाहारी थाना महोली, भैयालाल शुक्ला पुत्र स्व. रामस्वरूप निवासी प्रीतमपुर ग्रंट, महेन्द्र पुत्र बनवारी लाल निवासी राजपुर, कल्लू उर्फ सुनील मिश्रा पुत्र रामचन्द्र मिश्रा निवासी राजपुर, विनोद पासी पुत्र श्रीराम निवासी तांड़ा कला थाना लहरपुर शामिल है जिन्हें इलाके के मूड़ा ईट भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों में शामिल अभियुक्त रामनरायण, भैयालाल, कल्लू की हिस्ट्रीशीट भी पुलिस द्वारा खोली गई जिनपर करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। आपको बता दें कि जनपद में इस समय जहां एक तरफ चोरों का आतंक जारी है तो वहीं दूसरी तरफ सीतापुर पुलिस ने भी चोरों को अपने रडार में लेना शुरू कर दिया है। विगत दिनों में किए गए चोरी के खुलासों के बाद यह महोली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस दौरान कार्रवाई में शामिल टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ल, एसआई राधेश्याम, एजाज अहमद खांन, उमेश चन्द्र चौरसिया, हेड कांस्टेबल परवेज अहमद, कांस्टेबल पवन कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार, सत्यभान सिंह, आशीष कुमार शामिल रहे। **महोली पुलिस की चोरों पर बड़ी कार्रवाई,** दबोचे 7 चोर, मिश्रिख, महोली समेत कई इलाको में दिया था 5 घटनाओं को अंजाम, सीओ अमन सिंह ने दी जानकारी, टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ल, एसआई राधेश्याम, एजाज अहमद खांन, उमेश चन्द्र चौरसिया, हेड कांस्टेबल परवेज अहमद, कांस्टेबल पवन कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार, सत्यभान सिंह, आशीष कुमार रहे शामिल।

# पेज एक का शेष

## एटीएमस विलेज के...

की है। हालांकि आसपास फैले हजारों टन मलबा और धूल हटाने को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। एमराल्ड कोर्ट आवासीय संघ के अध्यक्ष यूबीएस तेवतिया (82) ने कहा कि उनकी सोसाइटी में अभी तक बच्चों और बुजुर्ग समेत किसी को सेहत संबंधी कोई दिक्कत नहीं हुई है। इसी सोसाइटी के गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार शाम तक करीब आधे लोग लौट आए हैं। रविवार को विध्वंस की कार्रवाई से पहले नागरिकों को सुरक्षित तरीके से सोसाइटी से निकालने के लिए बनाए गए एमराल्ड कोर्ट के विशेष कार्य बल में मेहरोत्रा के साथ शामिल रहे नरेश केसवानी ने बताया कि आसपास ही रुके हुए कुछ लोग तो कल रात ही लौट आए थे और बाकी कुछ होटलों में ठहरे थे, वो दोपहर तक लौटे हैं। एटीएस विलेज के अध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी ने कहा कि उनकी सोसाइटी के करीब 75 प्रतिशत लोग सोमवार शाम तक वापस आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लंबे समय के लिए दूर स्थानों पर चले गए थे, उनका आना बाकी है।

## विस में आप-भाजपा...

आक्रामक दिखे। इस कारण कार्यवाही को चार बार स्थगित करना पड़ा। शाम को पत्रकारों से बात करते हुए आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे विधायक उपराज्यपाल के खिलाफ जांच की मांग को लेकर रात भर विधानसभा में रुकेंगे। वहां वे शाम सात बजे से गांधी प्रतिमा के पास बैठेंगे। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने विधानसभा में आरोप लगाया कि सक्सेना ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रहते हुए 2016 में केवीआईसी के कर्मचारियों पर 1400 करोड़ रुपये के पुराने नोट बदलने का दबाव डाला था। इससे पहले, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि वे (भाजपा) जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अपने अरबपति मित्रों की मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा आप के किसी भी विधायक को नहीं खरीद सकती, लेकिन वे अब अगले 15 दिनों में झारखंड सरकार को गिराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विश्वास प्रस्ताव को पेश करने का एकमात्र कारण यह साबित करना है कि आप का हर विधायक, मंत्री और स्वयंसेवक ईमानदारी के लिए प्रतिबद्ध है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि वे यह काम कैसे करते हैं? हमने सुना है कि उन्होंने कुछ राज्यों में एक विधायक को 50 करोड़ रुपये तक का भुगतान किया है, लेकिन वे दिल्ली में 20 करोड़ रुपये की पेशकश कर रहे थे। उन्होंने अब तक अन्य दलों के 277 विधायकों की खरीद-फरोख्त की है और यदि हम प्रति विधायक की राशि 20 करोड़ रुपये रखते हैं, तो कुल 5550 करोड़ रुपये होते हैं। यदि इसमें दिल्ली के विधायकों को खरीदने के लिए रखी गई रकम को भी जोड़ते हैं तो यह राशि 6300 करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है। केजरीवाल के विश्वास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा नेताओं ने इसे शराब उत्पाद शुल्क और शिक्षा घोटाले से लोगों का ध्यान भटकाने की चाल बताया। भाजपा ने सवाल किया कि विधानसभा में विश्वास मत की मांग किसने की थी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट कर पूछा कि विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव किसने मांगा है? किसी ने नहीं। यह आबकारी और शिक्षा घोटाले से ध्यान भटकाने की एक हताश चाल है। पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद परवेश वर्मा ने ट्वीट कर कहा कि केजरीवाल हेडलाइन हंटर हैं। वह अपनी मीडिया छवि से जीते और हारते हैं। शराब घोटाले ने उनकी भ्रष्ट सरकार का पर्दाफाश कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भ्रष्टाचार अरविंद केजरीवाल के डीएनए में है। यह आप सरकार नहीं बल्कि पाप की सरकार है और सिसोदिया भ्रष्टाचार के विशेषज्ञ हैं। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार सबसे भ्रष्ट है क्योंकि वह आम लोगों पर टैक्स लगाकर विधायकों को खरीद रही है, जबकि अपने अरबपति दोस्तों का कर्ज माफ कर रही है।

## जिंदा जलाई गई...

सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले का त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया, पुलिस महानिदेशक को इस घटना की जांच की प्रगति पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, इस जांच को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार को कहा कि उसने झारखंड के पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर दुमका में एक युवती को जलाने की घटना की निष्पक्ष जांच करने को कहा है। आयोग ने सात दिनों के भीतर पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है। दुमका के पुलिस अधीक्षक अंबर लाकड़ा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुख्य आरोपी को कथित तौर पर पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे आरोपी की पहचान छोटू खान उर्फ नईम के रूप में की गई है। राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने दुमका की घटना को दिल दहला देने वाला करार दिया। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास होगा कि दोषी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए। ऐसे मामलों के लिए सजा का प्रावधान सख्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, यह बेहद संवेदनशील मामला है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। मामले की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर घटना को लेकर सांप्रदायिक राजनीति करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य सरकार भी दोषियों के लिए कड़ी सजा चाहती है। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, दुमका की घटना निंदनीय है। भाजपा को इस पर सांप्रदायिक राजनीति करने से बचना चाहिए। सरकार भी दोषियों पर फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाना चाहती है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और बाबूलाल मरांडी ने मांग की कि आरोपियों पर फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाया जाए और महिला के परिजनों को एक करोड़ रुपए के मुआवजे के अलावा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए। गौरतलब है कि इस घटना में झारखंड के दुमका में 23 अगस्त को शाहरुख नामक एक युवक ने एकतरफा प्यार में असफल होने पर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 19 साल की युवती को जिंदा जला दिया। इस घटना के समय युवती अपने कमरे में सो रही थी। घटना में 90 फीसदी तक झुलस गई युवती को इलाज के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती कराया गया था जहां रविवार तड़के उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि सोमवार को मयूराक्षी नदी के किनारे दुमका में कड़ी सुरक्षा के बीच युवती के शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में दुमका के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक अंबर लाकड़ा और दुमका के भाजपा सांसद सुनील सोरेन मौजूद थे। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने सोमवार को दुमका में बंद का आह्वान किया था। इस दौरान सभी दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, स्कूल और कॉलेज बंद रहे और लंबी दूरी की बसों की आवाजाही भी प्रभावित हुई।

## यमुना में मूर्ति...

सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

# जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वावधान में हुआ स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वावधान में एनडीआरएफ कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार 11वी वाहिनीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के नेतृत्व में ग्रीन फील्ड एकेडमी महेवागंज में आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम तहत स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन हुआ। एनडीआरएफ कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ 11डी टीम ने जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आपदा प्रबंधन.जागरूकता का कार्य किया जा रहा। सोमवार को एक स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन महेवागंज में हुआ। एनडीआरएफटीम ने भूकम्प से बचाव आगजनी की घटना होने पर बचाव अग्निशमन यंत्र का संचालन सर्पदंश से बचावए बाढ़ से बचावए इंप्रोवाइज्ड राफ्ट बनाना इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना घायलों का प्राथमिक उपचार करना घायले की ब्लीडिंग रोकना चोटों को एस्टेबलाइज करना पीड़ित की जान बचाने के लिए सीपीआर देने का बखूबी डेमो दिया।

# कोर्ट ने 40,000 मंदिरों के संबंध में स्वामी की अर्जी पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यम स्वामी की अर्जी पर सोमवार को तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य ने करीब 40,000 मंदिरों और अन्य हिंदू धार्मिक संस्थाओं पर मनमाने ढंग से कब्जा कर लिया है। स्वामी ने तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धार्मिक विन्यास अधिनियम, 1959 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है, जिसका कथित तौर पर राज्य सरकार द्वारा मनमाने ढंग से और असंवैधानिक रूप से इन मंदिरों और हिंदू धार्मिक संस्थाओं के प्रशासन, प्रबंधन और नियंत्रण पर कब्जा करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। शीर्ष अदालत ने अर्जी के निपटारे तक राज्य के मंदिरों और हिंदू धार्मिक संस्थाओं में अर्चकों (पुजारियों) की नियुक्ति या बर्खास्तगी से राज्य को रोकने के लिए अंतरिम राहत के अनुरोध पर भी नोटिस जारी किया। सुनवाई की शुरुआत में न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने स्वामी से कहा कि इसी तरह के मुद्दों को उठाने वाली कुछ रिट याचिकाएं शीर्ष अदालत में लंबित हैं। न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि उनके पास उन याचिकाओं में से एक पर विचार करने का अवसर है और इस अर्जी को इसके साथ सूचीबद्ध किया जा सकता है। स्वामी ने पीठ से कहा, आप तब नोटिस जारी कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने अर्जी पर नोटिस जारी किया और इस पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि अर्जी पर लंबित याचिका के साथ सुनवाई की जाएगी। स्वामी ने कहा, आपसे एक छोटा सा अनुरोध है...मैंने अंतरिम रोक के लिए कहा है क्योंकि यह एक महामारी बन रही है। साथ ही, स्वामी ने कहा, इसलिए, मैंने अंतरिम रोक का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा, किस तरह का अंतरिम स्थगन। अभी हम इस अधिनियम पर रोक नहीं लगा सकते। स्वामी ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा अर्चकों की नियुक्ति के संबंध में अंतरिम राहत का अनुरोध किया है, जिसके बाद पीठ ने एक नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि मामले पर अगले महीने लंबित याचिका के साथ सुनवाई की जाएगी। अर्जी में 1959 के अधिनियम की धारा 21, 23, 27, 28, 47, 49, 49बी, 53, 55, 56 और 114 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। अर्जी में कहा गया है, अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करके, प्रतिवादी-सरकार ने धर्म का पालन करने, इसे मानने और अपने धर्म का प्रचार करने के संबंध में हिंदुओं के अधिकारों की पूरी तरह अवहेलना करते हुए तमिलनाडु में लगभग 40,000 हिंदू मंदिरों पर कब्जा कर लिया है।

## सीबीआई की छापेमारी का समय प्रतिशोध के आरोपों की पुष्टि करता है : कुशवाहा

**पटना।** जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि जिस पृष्ठभूमि में सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने छापे मारे हैं, उससे केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के इशारे पर राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों की पुष्टि होती है।कुशवाहा जो खुद एक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ने हालांकि सीबीआई से सामान्य सहमति वापस लेने की मांगों पर टिप्पणी करने से परहेज करते हुए कहा कि यह राज्य की नीतीश कुमार सरकार का काम है।उन्होंने कहा, ऐसी मांग पर एक बयान राज्य सरकार की ओर से आना चाहिए। राजनीतिक दल सुझाव दे सकते हैं, लेकिन कार्वाई सरकार द्वारा ही की जानी है। वह राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन के कई नेताओं द्वारा सहमति वापस लेने की मांग पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं। हालांकि यह पूछे जाने पर कि क्या वह राजनीतिक हिसाब चुकता करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों से सहमत हैं,तो कुशवाहा ने सकारात्मक जवाब दिया।



अगरतला में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को प्रणाम करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

## जम्मू कश्मीर में आजाद के समर्थन में तीन और कांग्रेस नेताओं का इस्तीफा

**कठुआ/जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष गुलाम हैदर मलिक समेत कांग्रेस के तीन और नेताओं ने वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के समर्थन में सोमवार को पार्टी से अपने इस्तीफे की घोषणा की। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद (73) ने शुक्रवार को कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक पुराने संबंधों को समाप्त करते हुए कहा था कि कांग्रेस समग्र रूप से नष्ट हो चुकी है तथा इसका नेतृत्व आतंरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रहा है। उन्होंने पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा था। कठुआ की बानी विधानसभा से पूर्व विधायक मलिक और दो पूर्व विधान परिषद सदस्य सुभाष गुप्ता तथा शाम लाल भगत ने पार्टी आलाकमान को अपने इस्तीफे भेज दिए हैं। आजाद के करीबी सहयोगी और पूर्व मंत्री जी एम सरूरी ने कहा, हमें मलिक, गुप्ता और भगत से पत्र मिले हैं। एक सूत्र ने बताया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्रियों अब्दुल मजीद वानी, मनोहर लाल शर्मा और घारू राम तथा पूर्व विधायक बलवान सिंह ने भी दिल्ली में आजाद से मुलाकात की।

# केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा कर रही विपक्ष के खिलाफ: ममता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि केन्द्रीय एजेंसियों तथा भारतीय जनता पार्टी के अवैध धन का इस्तेमाल उन निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने में किया जा रहा है, जो भाजपा विरोधी दल द्वारा चलाई जा रही हैं। बनर्जी ने अगले लोक सभा चुनाव में भाजपा को मात देने का संकल्प लिया। उन्होंने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनके (ममता) अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं फिरहाद हकीम और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बनर्जी ने कहा, भाजपा सब को चोर बता रही है। वे इस प्रकार से अभियान चला रहे हैं जैसे तृणमूल में हम सब चोर हैं और केवल भाजपा तथा उसके नेता ही पाक साफ हैं। अगर मैं राजनीति में नहीं होती तो मैं उनकी जबानें खींच लेती। हाल में केंद्रीय एजेंसियों ने हकीम को तलब किया था। इस पर हकीम की गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए बनर्जी ने कहा, अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है, तो वह एक फर्जी मामला होगा केवल उन्हें परेशान करने के लिए। बनर्जी ने कहा, वे तृणमूल नेताओं के पास धन होने की बात कर रहे हैं। भाजपा को महाराष्ट्र की तर्ज पर निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए हजारों करोड़ रुपए कहां से मिल रहे हैं। भाजपा को 2024 के लोक सभा चुनाव में हराना होगा।

# जिसमे शामिल होंगे पारस उस गठबंधन का हिस्सा मैं नहीं: चिराग पासवान

**भाषा।** पटना

**लोक** जनशक्ति पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने बागी चाचा पशुपति कुमार पारस के बारे में सोमवार को कहा कि उनके लिए किसी भी ऐसे गठबंधन में शामिल होना असंभव होगा जिसमें वह होंगे। उल्लेखनीय है कि पारस इस समय भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में मंत्री हैं।

चिराग ने उक्त बातें उस सवाल के जवाब में कही कि क्या वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लगातार विरोध करने की वजह से राजग से बाहर आने के बाद फिर उसी गठबंधन में वापसी कर सकते हैं।

दिवंगत पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की विरासत को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे उनके पुत्र और युवा नेता चिराग ने हालांकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ जाने से इनकार नहीं किया है, जिसका नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के साथ गठबंधन हो चुका है। उन्होंने यह जरूर कहा कि बिहार में अब गठबंधन की विश्वसनीयता रही कहां है। हर दल अपनी व्यक्तिगत महात्वाकांक्षा के कारण जिसका विरोध करता है, अंतत: उसी दल के साथ चला जाता है। इसलिए मैं अभी किसी गठबंधन में शामिल होने के बारे में नहीं विचार कर रहा हूं। जब चुनाव का समय आएगा तो इसके बारे में तय करेंगे कि किसके साथ गठबंधन करें। चिराग पासवान से यह पूछे जाने पर कि जदयू के राजग से बाहर निकल जाने पर भाजपा द्वारा उन्हें फिर से अपने साथ लेने की कोशिश की जा सकती है, तो उन्होंने भाषा से फोन पर कहा, किसी भी ऐसे गठबंधन में शामिल होना मेरे लिए असंभव होगा जिसमें मेरे चाचा होंगे। उल्लेखनीय है कि चिराग पासवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशंसक रहे हैं और उन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को अस्वीकार्य बताते हुए उन्हें सत्ता से हटाना की बात की थी। जदयू पर अपनी पार्टी को तोड़ने का अरोप लगाने वाले चिराग पासवान के चाचा पारस ने बाद में अधिकांश लोजपा सांसदों के समर्थन से दिवंगत रामविलास पासवान द्वारा बनाई गई पार्टी को विभाजित कर दिया और स्वयं केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो गए। भाजपा द्वारा हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राजग की बैठक में बिहार के जमुई से युवा सांसद चिराग पासवान को आमंत्रित किए जाने पर उनकी राजग में वापसी को लेकर अटकलें गाई जाने लगी थी।

चिराग पासवान को राजद की इफ्तार पार्टी में नीतीश कुमार के चरण स्पर्श करते हुए देखा गया था। यह संदर्भ देते हुए उनके नए गठबंधन में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बिहार में गठबंधनों ने अपनी मर्यादा खो दी है। आप चुनाव से पहले एक पार्टी के साथ गठबंधन करते हैं और बाद में दूसरे के साथ गठबंधन कर लेते हैं। चिराग पासवान जिनके अलग हुए समूह को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नामक एक नई पार्टी के रूप में मान्यता मिली है, ने कहा, हर राजनीतिक दल अपने हित में फैसले ले रहा है। मैं अपनी पार्टी के लिए भी ऐसा ही करना चाहूंगा। उन्होंने कहा, जहां तक महागठबंधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी का सवाल है तो क्या कोई यह दावा कर सकता है कि वह (कुमार) अगले चुनाव तक महागठबंधन में ही रहेंगे।

# बंगाल की जनता की आवाज है भाजपा : जेपी नड्डा

**संवाददाता।** अगरतला

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी बंगाल की जनता की आवाज है और यह राज्य में भ्रष्टाचार व अराजकता के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। नड्डा ने यहां पत्रकारों से कहा कि भाजपा बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भ्रष्टाचार, अत्याचारों और कुप्रबंधन का कड़ा विरोध कर रही है। त्रिपुरा की दो दिवसीय यात्रा पर आए नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, सभी जानते हैं कि बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद वहां हिंसा हुई। टीएमसी कानून के राज की अवहेलना करती रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस मूकदर्शक बनी हुई है... भाजपा बंगाल की जनता की आवाज बन गई है। उन्होंने कहा, अगर भाजपा तीन साल में बंगाल में अपना वोट शेयर 3 फीसदी से बढ़ाकर 38 फीसदी कर सकती है, तो पार्टी पांच साल में 40 फीसदी वोट शेयर भी हासिल कर सकती है। बंगाल में भाजपा के वोट शेयर में भारी वृद्धि पार्टी के प्रति लोगों के समर्थन को दर्शाती है। टीएमसी पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, बंगाल के शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में जो कुछ हुआ है, उसे देखकर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, एक महिला मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) होने के बावजूद बंगाल मानव तस्करी के मामले में अव्वल है।





पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यक्रम में भाग लेते टीएमसी के नेता, कार्यकर्ता व वेस्ट बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी

## आजाद को हमें बदनाम करने का काम सौंपा गया है: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद की ओर से किए गए प्रहार पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि आजाद को उसे बदनाम करने का काम सौंपा गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि आजाद हर मिनट अपने विश्वासघात को सही क्यों ठहरा रहे हैं ? रमेश ने ट्वीट किया, आज़ाद वर्षों तक जिस पार्टी में रहे, जहां उन्हें सब कुछ मिला, उन्हें उसी पार्टी को बदनाम करने का काम सौंपा गया है। यह उनके स्तर को और गिरा रहा है। उन्होंने आजाद पर निशाना साधते हुए सवाल किया, आखिर क्यों हर मिनट वह अपने विश्वासघात को सही ठहरा रहे हैं? उन्हें आसानी से बेनकाब किया जा सकता है, लेकिन हम अपना स्तर क्यों गिराएं ? आजाद ने सोमवार को कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी की नींव कमजोर हो गई है और वह कभी भी बिखर सकती है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि बीमार कांग्रेस कंपाउंडर से दवा ले रही है, चिकित्सक से नहीं।

# सरकारी विभागों ने 55 मामलों में भ्रष्ट अधिकारियों को दंडित करने की सलाह नहीं मानी: सीवीसी

- सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई यह जानकारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकारी** विभागों ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की ओर से 55 मामलों में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को दंडित करने की सिफारिशों को नहीं माना है। रेलवे मंत्रालय के 11 ऐसे मामले हैं जहां सिफारिशें नहीं मानी गई हैं। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट-2021 में कहा गया कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), बैंक ऑफ इंडिया और दिल्ली जल बोर्ड में ऐसे चार-चार मामले हैं जबकि महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने तीन मामलों में अपने कर्मियों के खिलाफ कार्वाई नहीं की।रिपोर्ट में कहा गया कि भ्रष्टाचारियों को दंडित करने के लिए आयोग की सिफारिश नहीं मानने के मामले इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय और उत्तरी दिल्ली नगर निगम (जो अब एकीकृत दिल्ली नगर निगम का हिस्सा है) के हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोग ने पाया कि 2021 में उसकी कुछ अहम सिफारिशों को नहीं माना गया। इसमें कहा गया, आयोग की सिफारिशों को नहीं मानना अथवा आयोग से विचार विमर्श नहीं करना सतर्कता की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है तथा सतर्कता प्रशासन की निष्पक्षता को कमजोर करता है। ऐसे ही एक मामले का ब्योरा देते हुए सीवीसी ने कहा कि विभिन्न क्षमताओं में काम करते हुए तत्कालीन मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अपनी आय के ज्ञात स्रोत से 138.65 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें संपत्ति की खरीद और उनके या उनकी पत्नी द्वारा किए गए निवेश तथा परिवार के सदस्यों द्वारा लिए गए उपहारों के बारे में मौजूदा नियमों के अनुसार विभाग की अनुमति नहीं लेने या उसे सूचित नहीं करने का जिम्मेदार पाया गया।रिपोर्टके अनुसार, आयोग ने पहले चरण में सात मार्च 2021 को तत्कालीन मुख्य कार्मिक अधिकारी के खिलाफ बड़ा जुर्माना लगाने की कार्वाई शुरू करने का सुझाव दिया। वहीं दूसरे चरण में उसके खिलाफ रेलवे सेवा (पेंशन) नियम के तहत जुर्माना लगाने की सलाह दी थी। इसमें कहा गया कि अनुशासनात्मक प्राधिकार अर्थात रेलवे बोर्ड (मेंबर स्टाफ) ने मामले को बंद करने का फैसला किया और अधिकारी के खिलाफ कार्वाई बंद कर दी गई। रिपोर्ट में अन्य मामलों के भी ब्योरे पेश किए गए हैं।

# पत्नी, बच्चों को धर्म परिवर्तन के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया

- पीड़ित व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास
- धर्म परिवर्तन कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भाषा।** पालनपुर (गुजरात)

**गुजरात** के बनासकांठा जिले के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के इस्लाम धर्म अपनाने और उससे अलग रहने के फैसले के कारण अवसाद में आकर कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हरेश सोलंकी की पत्नी और बच्चों को इस्लाम कबूल करने के लिए कथित तौर पर गुमराह करने और सोलंकी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सोहेल शेख और उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पालनपुर (पूर्व) पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। बनासकांठा के दीसा तालुका के मलगढ़ गांव के रहने वाले सोलंकी ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि सोलंकी का पालनपुर शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज हो रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रविवार शाम पालनपुर (पूर्व) पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सोलंकी के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने कहा है कि शेख के परिवार के सदस्य उसकी इस मनोस्थिति के लिए जिम्मेदार हैं, जिसने उसे आत्महत्या का कदम उठाने के लिए मजबूर किया। सोलंकी के भाई राजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने सोलंकी के परिवार के सदस्यों को इस्लाम धर्म कबूलने के लिए गुमराह किया। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने सोलंकी की पत्नी और बच्चों को गुजरात उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के तहत बयान देने को भी कहा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया और वे अलग रहना चाहते हैं।

**सोलंकी की बेटी कॉलेज में एजाज शेख नाम के शख्स के संपर्क में आई थी और जब परिजनों ने इस दोस्ती का विरोध किया तो उसने उसके साथ रहने की जिद की।**

शिकायत में कहा गया है कि सोलंकी की बेटी अपने कॉलेज में एजाज शेख नाम के एक शख्स के संपर्क में आई थी और जब उसके परिजनों ने दोनों की दोस्ती का विरोध किया तो उसने उसके साथ रहने की जिद की। शिकायत के अनुसार, बाद में उसकी मां और भाई ने भी उसका साथ दिया तथा उन तीनों ने घर पर ही नमाज अदा की।

शिकायत में कहा गया है कि जब संयुक्त परिवार के कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया तो सोलंकी की पत्नी, बेटी और बेटा घर छोड़कर शेख परिवार के सहयोग से अलग रहने लगे। हालांकि, बाद में उनका पता नहीं चल सका। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जब सोलंकी ने शेख परिवार से बात की और अपनी पत्नी व बच्चों का पता लगाने की कोशिश की तो आरोपियों ने सोलंकी को उसके परिवार से मिलाने के लिए 25 लाख रुपए की मांग की। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर कहा था कि सोलंकी भी अगर धर्म परिवर्तन कर ले तो वह अपने परिजनों से मिल सकेगा और उनके साथ रह सकेगा।पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर शेख परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 , 384 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



कराड में गणेश चतुर्थी से पहले गणेश प्रतिमा को फाइनल टच देते मूर्तिकार

# विकिरण का रिसाव बढ़ने की आशंका

## ● रूस और यूक्रेन ने परमाणु संयंत्र पर हमलों का किया दावा

भाषा। स्लोवियांस्क (यूक्रेन)

**रूस और यूक्रेन** ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में या उसके आस-पास रॉकेट तथा तोपों से हमले का दावा किया है। इन हमलों से विकिरण का रिसाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी और आशंका प्रकट की कि आसपास लगातार लड़ाई जारी रहने से इस संयंत्र को नुकसान पहुंच सकता है और विकिरण का रिसाव बढ़ सकता है। यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के शीघ्र बाद रूसी सैन्यबलों ने जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र और नीपर नदी के एक हिस्से के आसपास के क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। निकोपोल और माहरनेट्स शहरों समेत नदी के दूसरे क्षेत्र पर यूक्रेन का नियंत्रण है। ए दोनों शहर संयंत्र से करीब 10 किलोमीटर (छह मील) की दूरी पर हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने रविवार को बताया कि यूक्रेन की सेना ने पिछले कुछ दिन में दो बार संयंत्र पर गोलाबारी की और कुछ गोले रिएक्टर ईंधन और रेडियोधर्मी कचरे को जमा करने वाली इमारतों के पास गिरे। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रविवार को बताया कि विकिरण का स्तर सामान्य था। जापोरिज्जिया संयंत्र के छह रिएक्टर में से दो काम कर रहे हैं, जबकि अभी तक स्थिति का पूर्ण मूल्यांकन नहीं किया गया है। हालिया लड़ाई में पानी की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। इस बीच, एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि रविवार को एक और स्पष्ट हमले में रूसी सेना ने एक सशस्त्र यूक्रेनी ड्रोन को जापोरिज्जिया संयंत्र के पास मार गिराया। दनीप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र के गवर्नर वलांतिन रेजनिचेंको ने बताया कि रात में भारी गोलाबारी के बाद निकोपोल के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप रही। रॉकेट हमलों से माहरनेट्स में करीब एक दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इस शहर में करीब 45,000 लोग रहते हैं। जिले के प्रशासनिक प्रमुख येवहेन एवतुशेंको ने यह जानकारी दी। सिटी काउंसिल के सदस्य एनोतोलिए कुरतेव ने बताया कि जापोरिज्जिया शहर में भी रूस ने हमला किया।

## विशेषज्ञ जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के लिए रवानाः आईएईए के प्रमुख

**बर्लिन।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने सोमवार को कहा कि वह और उनके विशेषज्ञ यूक्रेन के जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के लिए निकल चुके हैं। ग्रोसी लंबे समय से जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में उनके विशेषज्ञों के जाने के लिए अनुमति मांग रहे थे। यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के शीघ्र बाद रूसी सैन्यबलों ने जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। ग्रोसी ने ट्वीट, आखिर वह दिन आ गया। सहयोग एवं सहायता मिशन...रवाना हो चुका है। ग्रोसी ने 13 अन्य विशेषज्ञों के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हमें यूक्रेन और यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र की रक्षा करनी होगी। इस मिशन की अगुवाई करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं... जो इस सप्ताह के अंत तक जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पहुंच जाएगा। आईएईए ने ट्वीट किया कि विशेषज्ञ संयंत्र को भौतिक रूप से हुए नुकसान का आकलन करेंगे, सुरक्षा प्रणालियों की कार्यक्षमता का पता लगाएंगे और कर्मचारियों की स्थिति सहित अन्य चीजों का मूल्यांकन करेंगे। रूस और यूक्रेन ने इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र में या उसके आस-पास हाल ही में रॉकेट तथा तोपों से हमलों का दावा किया है।

## सुरक्षा संबंधी मुद्दों के समाधान के बिना परमाणु समझौते का कोई मतलब नहीं : रईसी

भाषा। तेहरान

**ईरान के** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने सोमवार को कहा कि परमाणु समझौते को बहाल करने के लिए किसी भी रोडमैप पर तभी आगे बढ़ा जाएगा, जब अंतरराष्ट्रीय निरीक्षक देश में अघोषित स्थानों से यूरेनियम कण मिलने के संबंध में अपनी जांच बंद कर देंगे। रईसी ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना एक साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इजराइल को धमकी भी दी। उन्होंने कड़ा रुख दिखाने का प्रयास भी किया। ईरान की अर्थव्यवस्था और मुद्रा रियाल अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते बेहाल है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान में अघोषित स्थानों पर मिले मानव निर्मित यूरेनियम कणों के बारे में ईरान से जवाब मांगा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों, पश्चिमी देशों और आईएईए ने कहा है कि ईरान 2003 तक संगठित तरीके से परमाणु हथियार कार्यक्रम पर काम कर रहा था। हालांकि, ईरान परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिशों से इनकार करता रहा है।

### अमेरिका जा रहा ब्रिटेन का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत खराब हुआ

**लंदन।** ब्रिटेन का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अमेरिका के लिए पोर्ट्समाउथ नौसेना अड्डे से रवाना होने के बाद इंग्लैंड के दक्षिणी अपतटीय क्षेत्र में खराब हो गया। बताया जाता है कि युद्धपोत में कुछ यांत्रिक खराबी आ गई है जिसकी पड़ताल की जा रही है। तीन अरब पाउंड की लागत वाला यह पोत नौसेना बेड़े में पिछले साल पूरी तरह से शामिल हुआ था। खबर है कि खराबी आने के बाद यह अब आइल ऑफ वाइट के दक्षिण-पूर्वी समुद्री क्षेत्र में खड़ा है। ब्रिटेन की नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स में यांत्रिक खराबी की पड़ताल की जा रही है और यह दक्षिण तटीय अभ्यास क्षेत्र में है।

## पाक ने ड्रोन हमले के लिए हवाई क्षेत्र के उपयोग की अनुमति देने के अफगान मंत्री के आरोप को खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में अमेरिका के ड्रोन हमलों के लिए उसके हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने के तालिबान के अंतरिम रक्षा मंत्री के आरोप को खारिज करते हुए उनकी टिप्पणी को बेहद खेदजनक करार दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि यह टिप्पणी जिम्मेदार राजनयिक आचरण के मानदंडों का उल्लंघन है। अल-कायदा के सरगना आयमान अल-जवाहिरी को 31 जुलाई को मध्य काबुल में अमेरिकी ड्रोन से दागी गई मिसाइल से मार गिराए जाने के लगभग एक महीने बाद अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब ने रविवार को पाकिस्तान पर यह आरोप लगाए थे। पिछले साल 31 अगस्त को युद्धग्रस्त देश से अपनी सेना वापस बुलाए जाने के बाद अफगानिस्तान में यह अमेरिका का पहला ज्ञात हमला था। याकूब ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी ड्रोन पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं।

## फ्रांसीसी डॉक्टर ने डायना के अंतिम पलों वाली भयावह रात को याद किया

**पेरिस।** कार दुर्घटना में राजकुमारी डायना की मौत के 25 साल बाद भी फ्रांसीसी डॉक्टर फ्रेडरिक मैलीज को जब यह घटना याद आती है तो उन्हें लगता है कि क्या वह डायना को बचा सकते थे। पेरिस की अल्मा टनल में 31 अगस्त 1997 को प्रिंसेस डायना के साथ जो हादसा हुआ, उस दौरान उन्हें अंतिम क्षणों में जीवित देखने वाले कुछ लोगों में मैलीज भी शामिल थे। उन्होंने जब देखा तो एक महिला क्षत-विक्षत मर्सडीज कार में बेसुध पड़ी थी और सांस लेने में कठिनाई महसूस कर रही थी। उस दौरान एक पार्टी से अपने घर लौट रहे मैलीज के अनुसार, मुझे लगता है कि मेरा नाम इस भयावह घटना के साथ हमेशा जुड़ा रहेगा। मैं उनके अंतिम क्षणों के लिए खुद को थोड़ा बहुत जिम्मेदार मानता हूं। ब्रिटेन और दुनियाभर में डायना के प्रशंसक उनकी 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर रहे हैं।

## पाकिस्तान की अदालत ने इमरान के भाषण के सीधे प्रसारण पर लगी रोक हटाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर लगाई गई रोक हटा दी। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने इमरान द्वारा 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान सरकारी संस्थाओं को धमकाने और भड़काऊभाषण देने के बाद सैटेलाइट टीवी चैनलों पर उनके भाषणों का सीधा प्रसारण करने पर पाबंदी लगा दी थी। द डॉन अखबार के मुताबिक, 69 वर्षीय इमरान की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनाल्लाह ने कहा कि नियामक ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। उन्होंने पीईएमआरए को एक अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश भी दिया, जो अदालत में इस प्रतिबंध को जायज ठहरा सके मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है। रैली में दिए संबोधन में इमरान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ किए गए व्यवहार को लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों, पाकिस्तान चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के प्रमुख इमरान ने गिल को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजने की मांग स्वीकारने वाली अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को भी धमकी दी थी।

## भारतवंशी परिवार ने न्यू जर्सी स्थित घर में लगाई अमिताभ बच्चन की प्रतिमा

**वाशिंगटन।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के प्रति अपने प्यार का इजहार करने के लिए अमेरिका में बसे एक भारतवंशी परिवार ने न्यू जर्सी के एडिसन शहर में अपने घर के बाहर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की है। एडिसन में रिंकू और गोपी सेठ के घर के बाहर सथापित प्रतिमा का समुदाय के प्रख्यात नेता अल्बर्ट जसानी ने औपचारिक रूप से अनावरण किया। इस दौरान रिंकू और गोपी सेठ के घर के बाहर लगभग 600 लोग इकट्ठा हुए। बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी नागरिकों की आबादी के कारण एडिसन को अक्सर लिटिल इंडिया कहा जाता है। प्रतिमा को एक बड़े कांच के बक्से के अंदर रखा गया है। समारोह के दौरान लोगों ने पटाखे फोड़े और नृत्य किया। इंटरनेट सुरक्षा इंजीनियर गोपी सेठ ने कहा, वह मेरे और मेरी पत्नी के लिए किसी भगवान से कम नहीं हैं। सेठ ने कहा, उनकी जो चीज मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह न केवल उनका फिल्मी जीवन, बल्कि वास्तविक जीवन भी है... । वह लोगों के बीच कैसे पेश आते हैं, कैसे बातचीत करते हैं... । आप उनके बारे में सब कुछ जानते हैं।

## इराक : शिया धर्मगुरु के राजनीति से हटने की घोषणा के बाद झड़प, तीन व्यक्तियों की मौत

भाषा। बगदाद

**इराक** के एक प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र ने सोमवार को राजनीति से हटने की घोषणा की। इसकी प्रतिक्रिया में उनके नाराज सैकड़ों समर्थक सरकारी महल पहुंच गए। इस दौरान अल-सद्र और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें कम से कम तीन प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि शिया धर्मगुरु की घोषणा के बाद विरोध प्रदर्शनों के दौरान दंगा रोधी पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 15 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने इस दौरान आंसू गैस के गोले छोड़े जिसमें और 12 से अधिक घायल हो गए। इराक की सेना ने बढ़ते तनाव को शांत करने और झड़पों की आशंका को दूर करने के उद्देश्य से सोमवार को शहर भर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी। एक बयान के अनुसार, सेना ने धर्मगुरु के समर्थकों से भारी सुरक्षा वाले सरकारी क्षेत्र से तुरंत हटने और संघर्ष या इसकी खून बहने से रोकने के लिए आत्म-संयम का पालन करने का आह्वान किया। इससे यह आशंका उत्पन्न हो गई कि इराक में हिंसा भड़क सकती है जो पहले से ही राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है। इराक की सरकार में गतिरोध तब से आया है जब धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र की पार्टी ने अक्टूबर के संसदीय चुनावों में सबसे अधिक सीटें जीती थीं लेकिन वह बहुमत तक नहीं पहुंच पाए थे। उन्होंने आम सहमति वाली सरकार बनाने के लिए, ईरान समर्थित शिया प्रतिद्वंद्वियों के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया था। अल-सद्र के समर्थक जुलाई में प्रतिद्वंद्वियों को सरकार बनाने से रोकने के लिए संसद में घुस गए और चार सप्ताह से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं। उनके गुट ने संसद से इस्तीफा भी दे दिया है। यह पहली बार नहीं है जब अल-सद्र ने संन्यास की घोषणा की है। वह इससे पहले भी ऐसी घोषणा कर चुके हैं। कई लोगों ने अल-सद्र के इस कदम को वर्तमान गतिरोध के बीच प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बढ़त हासिल करने का एक और प्रयास करार दिया।



मलेशिया की सेना वहां की 65वीं नेशनल डे के कार्यक्रम से पहले परेड का रिहर्सल करते हुए

## सिंगापुर में बैंक से धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय महिला को छह महीने की जेल

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** ऋण प्राप्त करने के लिए, जाली दस्तावेज जमा कराकर बैंक से धोखाधड़ी करने के मामले में सोमवार को भारतीय मूल की एक महिला को छह महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। उप लोक अभियोजक धीरज सी. चैनानी ने कहा कि सितंबर 2018 में किरण कौर (29) के पास नौकरी नहीं थी और वह आर्थिक तंगी का सामना कर रही थी। इस दौरान उसकी नजर एक विज्ञापन पर पड़ी। द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार विज्ञापन के जरिए व्हाट्सऐप के जरिए उसने चार्ल्स नामक व्यक्ति से संपर्क किया। अदालती दस्तावेजों में चार्ल्स की पहचान जाहिर नहीं की गई है। चार्ल्स ने कौर से कहा कि वह उसकी मदद कर सकता है। उप लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी महिला ने चार्ल्स को बताया कि वह फिलहाल काम नहीं कर रही है और बैंक से कर्ज लेने के लिए उसके पास कोई केंद्रीय भविष्य निधि योगदान नहीं है।

## राजा कृष्णमूर्ति ने भारतवंशी महिलाओं के खिलाफ घृणा अपराध की आरोपी महिला पर कार्रवाई करने की अपील की

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने डलास की पुलिस को पिछले सप्ताह टेक्सास में भारतीय मूल की चार महिलाओं को प्रताड़ित करती और उनसे मारपीट करती दिखाई दी। महिला के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है।

**Public Notice**
This is to inform general public that Mrs. Meena has acquired the Built up Property no. 19 and Block no. 5 (5/19), area measuring 100 sq. yds. out of Khasra no. 185/768, situated in the area of Village Chandrawali Alias Shahdara, in the Abadi of Patel Gali, Vishwas Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi 110032 vide sale deed dated 08.06.2022 Doc. no. 5589 executed by Mr. Yashpal, Mr. Narender & Mr. Ashok Ahuja and Now, Mrs. Meena are intending to sell the above said property to Dhanna Ram Mali and Further, Dhanna Ram Mali mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. That Mrs. Suman Khanna is the owner of Property / H.I.G Flat bearing No. 4/20, admeasuring 127.48 sq. mtrs., Sitauted at Sector-4, Vaishali, Ghaziabad, U.P (the said property), by virtue of sale Deed dated 24.08.2022, Registration No.9253, executed by Mr. Kapil Verma through attorney of Mr. Vijay Kumar Khanna, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property, to Mr. Tanuj Garg or its nominee, who is taking Loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said Property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner/s its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## 10 देशों की 24 कंपनियों ने श्रीलंका में पेट्रोलियम उत्पाद बेचने में दिलचस्पी दिखाई: रिपोर्ट

**कोलंबो।** श्रीलंका के बिजली और ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि भारत सहित 10 देशों की 24 कंपनियों ने संकटग्रस्त देश में पेट्रोलियम उत्पाद बेचने में रुचि दिखाई है। समाचार पोर्टल कोलंबो पेज ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका इस समय भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और वहां विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी हो गई है। श्रीलंका की बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अमेरिका, चीन, भारत, रूस, ब्रिटेन, मलेशिया, नॉर्वे और फिलीपींस की 24 कंपनियों ने अभिरुचि पत्र (ईओआई) जमा किए हैं। इन कंपनियों ने देश के ऊर्जा क्षेत्र में दिलचस्पी दिखाई है। रिपोर्ट में कहा गया कि मंत्रालय द्वारा नियुक्त समिति अब इन प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी, और छह सप्ताह में प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी।

## एयरएशिया इंडिया की उड़ान 1 से

**मुंबई।** एयरएशिया इंडिया 1 सितंबर से लखनऊ से मुंबई और कोलकाता के लिए दैनिक सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। लखनऊ से बेंगलुरु, गोवा और दिल्ली को दैनिक सीधी उड़ानों के जरिए जोड़ने के लिए 5 अगस्त को एयरएशिया इंडिया द्वारा शुरू की गई सेवाओं के मौजूदा परिचालनों को बढ़ाते हुए अब यह विमानन सेवा कंपनी लखनऊ से मुंबई और कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। ये उड़ानें सुविधाजनक वन-स्टॉप यात्रा कार्यक्रमों के माध्यम से लखनऊ को अपने नेटवर्क पर अन्य हवाई अड्डों जैसे भुवनेश्वर, पुणे और गुवाहाटी से भी जोड़ती हैं। एयरएशिया इंडिया ने अपने प्रीमियम इन , फ्लाइट डाइनिंग मेनू गॉरमेयर में विशेष क्षेत्रीय व्यंजन गलौटी कबाब विद उल्टे तवे का पराठा भी पेश किया है। इस घोषणा के बारे में एयरएशिया इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अंकुर गर्ग ने कहा कि हम लखनऊ से दैनिक उड़ानों के जरिए हमारे दो केंद्रों मुंबई और कोलकाता को जोड़कर लखनऊ के संरक्षकों के लिए अपनी सेवाओं और नेटवर्क का विस्तार करने को लेकर उत्साहित हैं।

# रिलायंस 5जी में दो लाख करोड़ का निवेश करेगी



## ● सेवाएं दिवाली तक शुरू होंगीः अंबानी

भाषा। मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सोमवार को कहा कि समूह की दूरसंचार इकाई रिलायंस जियो 5जी नेटवर्क के विस्तार पर दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी और इस साल दिवाली तक देश के प्रमुख शहरों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। अंबानी ने आरआईएल की 45वीं सालाना आमसभा (एजीएम) की बैठक में यह घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जियो अगले साल के अंत तक पूरे देश में 5जी सेवाएं देने लगेगी। अंबानी ने कहा, समूचे देश में सही मायने में 5जी नेटवर्क खड़ा करने के लिए हम कुल दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जियो ने भारत जैसे बड़े आकार वाले देश के लिए 5जी सेवा शुरू करने के लिए सबसे तेज और सबसे महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। दो महीनों के भीतर, दिवाली तक हम दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में जियो 5जी की शुरुआत कर देंगे। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी सेवाएं महानगरों में शुरू होने के बाद जियो हर महीने अपनी मौजूदगी बढ़ाती जाएगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर, 2023 आने तक देश के हर कस्बे एवं तहसील तक जियो की 5जी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। रिलायंस ने हाल में संपन्न नीलामी में 88,078 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम खरीदा है। उसी समय कंपनी ने कहा था कि वह देश में उन्नत 5जी नेटवर्क खड़ा करेगी।

## रिलायंस रिटेल इस साल एफएमसीजी कारोबार शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल इस साल अपना दैनिक उपयोग के सामान (एफएमसीजी) का कारोबार शुरू करेगी। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की निदेशक ईशा अंबानी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि इस कारोबार का मकसद उत्पादों को विकसित करना और वितरित करना है। ईशा ने कहा कि एफएमसीजी कारोबार के तहत किफायती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की पेशकश कर प्रत्येक भारतीय की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इस साल हम अपना एफएमसीजी कारोबार शुरू करेंगे। इसके अलावा रिलायंस रिटेल भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए सामानों का विपणन भी करेगी।

### पेट्रोरसायन क्षमता का विस्तार करने के लिए 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी रिलायंस

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपनी पेट्रोरसायन क्षमता का विस्तार करने के लिए अगले पांच साल में 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सोमवार को कंपनी की वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह निवेश पीटीए संयंत्र स्थापित करने, पॉलिएस्टर क्षमता का विस्तार करने, विनाइल श्रृंखला की क्षमता को तीन गुना करने और संयुक्त अरब अमीरात में एक रसायनिक इकाई स्थापित करने में किया जाएगा।

## व्यापार समझौतों में एक जिला एक उत्पाद के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच का प्रयासः गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**भारत अपने** निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) तहत चिह्नित विभिन्न उत्पादों के लिए शुल्क मुक्त पहुंच हासिल करना चाहता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में सोने के आभूषण, खिलौने, हस्तशिल्प और हथकरघा में अपार संभावनाएं हैं। गोयल ने यहां सार्वजनिक खरीद पोर्टल जीईएम पर ओडीओपी उत्पाद सूची और स्टोरफ्रंट के शुभारंभ पर कहा कि हम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहे हैं। यहां हम इन सभी उत्पादों के लिए, शुल्क-मुक्त पहुंच की तलाश करेंगे। हम इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति बना सकेंगे एफटीए में दो या दो से अधिक देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अपने बीच व्यापार वाले उत्पादों पर सीमा शुल्क या तो काफी कम कर देते हैं या उसे पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। भारत ब्रिटेन, कनाडा और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। वाणिज्य विभाग इस पहल को बढ़ावा देने के लिए राज्यों और केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ काम कर रहा है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले को निर्यात क्षमता वाले उत्पादों की पहचान करके प्रत्येक को निर्यात केंद्र में बदलना है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे कार्यक्रमों को जोड़ने से इस पहल को और बढ़ावा मिलेगा।

**PUBLIC NOTICE**
General Public is Hereby Informed That We, Shiv Shankar S/o Late Mishri Lal & Smt. Lali Devi W/o Sh. Shiv Shankar R/o Juggi No. A-82, Budh Nagar, J.J Colony, Inder Puri, New Delhi-110012 Have Disinherited And Disowned Our Son Sh. Mukesh, His Wife Mrs. Sonia, His Daughters Ms. Jyoti, Ms. Kajal & His Son Master Om @ Ansh All R/o Juggi No. A-60, Budh Nagar, JJColony, Inder Puri, New Delhi-110012 From All Our Moveable And Immoveable Properties And Also Severed All Our Relationship With All Of Them Due To Their Adament And Impromptu Behavior As They All Of Them Are Disobeying Me And My Wife And Further They Are Out Of Our Control And Also They Misbave With Me & My Other Family Members. Any Person Dealing With Them In Any Manner Shall Be Doing So At His/her Own Risk And Responsibility.
PAWAN JAIN ADVOCATE
CH. NO. C-77, C.L. JOSEPH BLOCK,
TIS HAZARI COURTS, DELHI-110054

**PUBLIC NOTICE**
To, be known to all that I, **Mrs. GYAN JYOTI SAXENA W/O SHRI K.C. SAXENA R/O FLAT NO.23-D, POCKET-1, MAYUR VIHAR, PH-1 DELHI-110091,** is the owner of **DDA MIG FLAT NO.23-D, IST FLOOR, POCKET-1, MAYUR VIHAR, PH-1 DELHI-110091, VIDE DDA FILE NO.F/9/(13)1980/GEN/TP,** have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP,** of the above said property have been lost or misplaced and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi
(**LR No.723421/2022** dated **24.08.2022.**
Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named person** at above Address/Phone No.**9910507159**, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.
**Mrs. GYAN JYOTI SAXENA**

## श्रीलंकाई पीएम ने आईएमएफ टीम से कमजोर तबकों का ध्यान रखने को कहा

**कोलंबो।** गंभीर आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्द्धने ने दौरे पर आई अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की टीम से कर्ज के बोझ से दबे अपने देश के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों का ख्याल रखने का अनुरोध किया है। गुणवर्द्धने ने श्रीलंका के दौरे पर आई मुद्राकोष की टीम से मुलाकात के दौरान यह अनुरोध किया कि आर्थिक रूप से कमजोर समूहों के हितों का ध्यान रखा जाए ताकि वे जरूरी चीजों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। विदेशी मुद्रा के अभाव में जरूरी सामान की खरीद भी नहीं कर पाने वाले श्रीलंका को राहत पैकेज देने पर चर्चा के लिए आईएमएफ की टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर है।

# वैश्विक बाजार के कमजोर रुख से सेंसेक्स 861 अंक लुढ़का

## ● निफ्टी 17,500 अंक से नीचे फिसला

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 861 अंक से अधिक लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 861.25 अंक यानी 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,972.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,466.4 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 246 अंक यानी 1.4 प्रतिशत नुकसान के साथ 17,312.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 4.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में महिंद्रा एंड महिंद्रा रही। इसमें अलावा इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ मारुति, नेस्ले, एशियन पेंट्स, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था।

## घरेलू दवा कंपनियों को नए उत्पादों के विकास पर ध्यान देना चाहिए: मांडविया

भाषा। नई दिल्ली

**घरेलू दवा** कंपनियों को नवोन्मेषी उत्पादों के विकास पर ध्यान देना चाहिए, जिनके लिए वैश्विक बाजारों में अधिक कीमत मिलती है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यह बात कही। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री ने राष्ट्रीय दवा मूल्य प्राधिकरण (एनपीपीए) के रजत जयंती समारोह के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि उद्योग अनुसंधान पहल को मजबूत करता है, तो वह वैश्विक बाजार में नए समाधान पेश कर सकता है।

**शुद्धिपत्र**
ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00004411684, कर्जदार का नाम राकेश चौधरी सम्पत्ति पता डीडीए एलआईजी, एक्सपैंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी पाकेट-3 टाइप-ए बिन्दापुर दिल्ली के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 30-11-2021 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 15-02-2022, भौतिक कब्जा प्रकाशन दिनांकित 12-08-2022 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा डीडीए एलआईजी, एक्सपैंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी पाकेट-3 टाइप-ए बिन्दापुर दिल्ली के स्थान पर डीडीए एलआईजी, एक्सपैंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी पाकेट-3 टाइप-ए बिडनापुर दिल्ली वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको डीडीए एलआईजी, एक्सपैंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी पाकेट-3 टाइप-ए बिन्दापुर दिल्ली के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 30-08-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## अस्पताल में नवजात को जानवर द्वारा कुतरे जाने के आरोप को समिति ने झूठा बताया

# सरकार को बदनाम करने की साजिश: पाठक

**भाषा।** गोंडा/लखनऊ

**गोंडा** जिले में एक सरकारी अस्पताल में जन्मे नवजात शिशु को किसी जानवर द्वारा निवाला बनाए जाने के मामले से इनकार करते हुए राज्य सरकार ने इसे सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास बताया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति ने भी इस मामले को झूठा करार दिया है। फिलहाल प्रसूता के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक तरफ जहां लापरवाही पूर्वक कार्य करने के कारण नवजात की मौत होने के संबंध में अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है, वहीं दूसरी तरफ जांच समिति की रिपोर्ट के हवाले से जिलाधिकारी ने मृत शिशु पैदा होने की बात कहते हुए प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रशासन की तरफ से किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने से इनकार किया है। उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार देर रात ट्वीट किया, गोंडा के सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) मुजेहना में नवजात की संदिग्ध मौत से जुड़े मामले में मेरे निर्देश पर सीएमओ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) गोंडा द्वारा की गई जांच में सभी आरोप झूठे एवं बेबुनियाद पाए गए हैं। यह मामला निश्चित तौर पर विभाग व सरकार की छवि को धूमिल करने की मंशा से प्रेरित प्रयास प्रतीत होता है, जिसकी मैं भर्त्सना करता हूं।

सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से उप-मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, सपा को कोसने से फुर्सत मिल गई हो तो यह बताओ कि गोंडा में जो दर्दनाक घटना हुई है, उसके पीड़ितों को न्याय और सहायता कब मिलेगी? लखनऊ में बैठकर बोल वचन भाषणबाजी और मौखिक दिशा-निर्देश जारी करने से कुछ नहीं होता। सपा ने मदद की, सरकार कब करेगी? सपा ने एक अन्य ट्वीट में सरकार से पीड़ित परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग करते हुए दावा किया है कि अखिलेश यादव (सपा प्रमुख) ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की है। उल्लेखनीय है कि गोंडा के धानेपुर थाना क्षेत्र के बछईपुर गांव निवासी सिराज अहमद की पत्नी सायरा बानो को प्रसव पीड़ा के कारण शनिवार देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुजेहना में भर्ती कराया गया था। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसकी सांसें न के बराबर चल रही थीं। इस बीच, ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने नवजात को ऑक्सीजन पर रखने की बात कहते हुए दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया और परिजनों को वहां से बाहर निकाल दिया। परिजनों के मुताबिक, रविवार



**उप-मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि गोंडा के सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) मुजेहना में नवजात की संदिग्ध मौत से जुड़े मामले में मेरे निर्देश पर सीएमओ की जांच में सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद पाए गए हैं**

सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें बताया कि नवजात की मौत हो गई है।

परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने शिशु को देखा, तब पता चला कि उसे किसी जानवर ने अपना निवाला बनाया था। उन्होंने तत्काल घटना के बारे में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने रविवार को बताया कि महिला के भाई हारून ने रात्रि ड्यूटी पर तैनात अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की है। मामले में कानूनी कार्वाई की जा रही है। बाद में गुप्ता ने कहा कि स्थानीय थाने में प्रसूता के भाई की तहरीर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुजेहना के प्रसव चिकित्सा ड्यूटी स्टाफ (अज्ञात) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-304ए (लापरवाही पूर्वक कार्य करके किसी की मौत का कारण बनना) के तहत अभियोग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि तहरीर पर अभियोग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। सोमवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने कहा, जिलाधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ अभियोग दर्ज नहीं किया जा सकता। गंभीर धाराओं में तो बिल्कुल भी नहीं। उन्होंने कहा, प्रभारी निरीक्षक ने ऐसा करके गलत किया है। उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। साथ ही जिन लोगों ने इस प्रकरण को बेवजह तूल देकर विभाग की छवि खराब करने की कोशिश की है, उनके खिलाफ भी कार्वाई की जाएगी। इससे पहले, जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) ने मामले की जांच के लिए दो अलग-अलग समितियों का गठन किया था। नवजात शिशु को किसी जानवर द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने के आरोपों को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने रविवार देर रात गलत करार दिया। सीएमओ ने भी इसे गलत बताया। जांच समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने रविवार देर रात प्रेस के लिए जारी एक बयान में कहा कि रुद्रगढ़ नौसी निवासी सायरा बानो को 27 अगस्त को प्रसव पीड़ा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुजेहना में भर्ती कराया गया था और उसने 28 अगस्त को देर रात करीब डेढ़ बजे एक मृत शिशु को जन्म दिया। जिलाधिकारी के मुताबिक, अस्पताल में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने समस्त अभिलेखीय कार्यवाही पूरी करने के बाद रात 2.20 बजे मृत शिशु को उसके माता-पिता व अन्य परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि परिजन रात में ही मृत शिशु को लेकर घर चले गए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद स्टाफ अन्य चिकित्सीय कार्यों में व्यस्त हो गया। जिलाधिकारी के अनुसार, इस बीच दो अन्य महिलाओं को प्रसव के लिए देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और 28 अगस्त की सुबह करीब सात बजे मृत शिशु के परिजन कुछ अन्य लोगों के साथ दोबारा वहां पहुंच गए तथा सही ढंग से देखभाल न किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जिलाधिकारी के मुताबिक, परिजनों का आरोप था कि शिशु के होंठ को किसी जानवर ने कुतर दिया है। उन्होंने बताया कि अभिभावक खुद चिकित्सक और पुलिस बल की उपस्थिति में शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय ले गए।

## खाद्यान्न उठान व निर्गमन को लेकर डीएम ने की बैठक



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार की अध्यक्षता में खाद्यान्न उठान/निर्गमन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गोदामवार प्रभारियों, पूर्ति निरीक्षकों व खाद्यान्न पहुंचाने वाले ठेकेदारों से गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय व डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न का उठान समय से कराते हुए समय से वितरण भी कराना सुनिश्चित करें। इसमें यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायगी। उन्होंने सभी पूर्ति निरीक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि राशन वितरण समय से कराया जाय तथा वितरण के समय कोई भी लाभार्थी राशन वितरण से वंचित न रहने पाये। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि खाद्यान्न का उठान/निर्गमन समय से कराते हुए जनपद के सभी कोटेदारों के यहां समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाय, तथा समय से ही राशन का वितरण भी कराया जाय, ताकि राशन वितरण में किसी भी लाभार्थी को समास्या न होने पाये। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय, डिप्टी आर.एम.ओ प्रज्ञा मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक गोंडा सदर, करनैलगंज, तरबगंज, मनकापुर तथा एफसीआई विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरयू तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, प्रशासन ने कसी कमर



**गोंडा।** मंगलवार को पड़ने वाली कजली तीज (हरितालिका तीज) को लेकर इस बार शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कोरोना के कारण दो साल बाद पड़ने वाले इस पर्व को लेकर सरयू तट पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। करीब 60 किलोमीटर की दूरी नंगे पैर तय कर शिव भक्त पृथ्वीनाथ मंदिर, दुखहरण नाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। इसके लिये प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यह जानकारी देते जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार ने बताया कि सरयू तट पर करीब आधा दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कांवरियों को स्नान करने के लिए वैरीकेटिंग नदी में कराई गई है। प्रशासन द्वारा लगातार कांवरियों से नदी में बैरिकेडिंग ना पार करने अपील की जा रही है। कर्नलगंज से लेकर पृथ्वीनाथ मंदिर तथा दुखहरण नाथ मंदिर तक सुरक्षा के मद्देनजर प्रमुख चौराहों व रास्तों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने पंडाल लगाने वाले आयोजकों से प्रतिबंधित दोना, पत्तल, गिलास व चम्मच आदि का उपयोग न करने की अपील भी किया है। शिव भक्तों को जल चढ़ाने में तथा उस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दुखहरण नाथ मंदिर से लेकर शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज तक वैरीकेटिंग कराई गई है। वही पृथ्वीनाथ मंदिर तक लाइन से जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। दोनों प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरा के साथ चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। प्रशासन द्वारा भारी भीड़ को देखते हुए सोमवार की अर्ध रात्रि से ही जलाभिषेक का कार्यक्रम शुरू कराएगा।

## चोरी किया गया बच्चा फिरोजाबाद की महिला भाजपा पार्षद के घर में मिला

**मथुरा।** मथुरा रेलवे स्टेशन पर सो रही एक महिला की गोद से चुराया गया बच्चा सोमवार को फिरोजाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला पार्षद विनीता अग्रवाल के घर से बरामद हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बच्चा पार्षद ने कथित तौर पर हाथरस के बच्चा चोर गिरोह संचालक दम्पति से एक लाख 80 हजार रुपए में खरीदा था। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 24 अगस्त को तड़के साढ़े चार बजे मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म पर सो रही एक महिला के पास से चुराया गया सात माह का बच्चा आज फिरोजाबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 51 की महिला पार्षद विनीता के घर से बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि विनीता ने यह बच्चा एक लाख 80 हजार रुपए में एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के माध्यम से हाथरस के चिकित्सक दम्पति से खरीदा था। उन्होंने बताया कि बच्चे की चोरी की बाबत उसकी मां राधा देवी ने राजकीय रेलवे पुलिस कोतवाली मथुरा जंक्शन में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुश्ताक ने बताया कि उस दिन महिला देर रात अपनी बहन के पति के गुजर जाने पर शोक मनाकर लौटी थी और रात ज्यादा हो जाने पर वहीं प्लेटफार्म पर ही सो गई थी, तभी उसका बच्चा चोरी कर लिया गया। मुश्ताक ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), विशेष कार्य बल (एसओजी) तथा सर्विलांस टीम की संयुक्त तफ्तीश में पता चला कि हाथरस में एक चिकित्सक दम्पति बच्चे चुराने तथा बेचने का गिरोह चला रहा है। उन्होंने बताया कि इस दम्पति के लिए कई ऐजेंट भी काम कर रहे थे, जो एक ओर तो बच्चे के ग्राहक तलाशते हैं। साथ ही ऐसे लोग भी जुड़े थे, जो रेलवे स्टेशन और बस अड्डों से बच्चों को चुराते अथवा लावारिस बच्चों को अगवा कर बेच देते थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरोह के सरगना हाथरस के सिकन्दराराऊ निवासी डॉक्टर प्रेम विहारी और उसकी पत्नी डॉक्टर दयावती, बच्चा खरीदने वाली फिरोजाबाद नगर निगम की पार्षद विनीता अग्रवाल और उसके पति कृष्ण मुरारी अग्रवाल, इन दोनों को बच्चा बेचने वाली स्वास्थ्यकर्मी पूनम और बच्चा चोरी करने वाले दीप कुमार शर्मा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। मुश्ताक ने बताया कि बच्चा चोर गिरोह की गिरफ्तारी एवं बच्चे की बरामदगी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम को कुल 25 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की गई है।

## प्रेमी युगल की हत्या के मामले में तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र में एक युवती के परिजनों द्वारा युवती और उसके प्रेमी की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रेमिका और प्रेमी अलग-अलग धर्म के थे और इसलिए परिवार वालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। घटना के संदर्भ में पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया था कि दलित युवक अंकित (18) पड़रिया चेत सिंह निवासी मुजीबुल्लाह के यहां ट्रैक्टर चलाता था और इस बीच अंकित का मुजीबुल्लाह की बेटी अमीना (20) से प्रेम संबंध हो गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को परिवार के सदस्यों ने दोनों को कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके बाद दोनों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इसके बाद युवती के शव को दफना दिया गया तथा युवक के शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था। पुलिस के मुताबिक् इस मामले की जानकारी तब हुई जब शनिवार को एक किसान अपने गन्ने के खेत में काम करने के लिए गया और 18 वर्षीय युवक के शव को देखा। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू हुई। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान अंकित के रूप में हुई। अंकित के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा ट्रैक्टर चालक था और मुजीबुल्लाह के यहां ट्रैक्टर चलाता था। पिता ने बताया कि बेटे का शव मिलने के बाद वह मुजीबुल्लाह के घर गया तो पता चला कि ट्रैक्टर मालिक के घर भी एक लड़की की मौत हो गई है, जिसे कब्रिस्तान में दफन कर परिजन फरार हो गए हैं। इसके बाद उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में युवती का शव कब्रिस्तान से निकलवाया गया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों के शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने बताया कि मामले में अंकित के परिजनों की तहरीर पर शनिवार को आधी रात के बाद रुधौली पुलिस ने आरोपी इरशाद और उसके सगे भाई इरफान पुत्रगण मुजीबुल्लाह तथा चचेरे भाई इसरार के खिलाफ 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छिपाना) और अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दीपेंद्र चौधरी ने बताया था कि रुधौली थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया चेत सिंह में एक युवक और एक युवती के दो शव मिले हैं। इस प्रकरण में प्रेम संबंध की बात सामने आई है और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्वाई की जाएगी।

## बाबा जी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**गोंडा।** हजरत शाह महबूब मीना साहब (बाबा जी) की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आल इंडिया मुकाबला किरात व मुसाबका खिताब (भाषण प्रतियोगिता) आयोजित हुआ। जिसमें पूरे हिन्दुस्तान से सैकड़ों प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना ऑडियो क्लिप भेज कर हिस्सा लिया। उनमें से 20 मेधावियों को चुना गया। यह जानकारी देते हुए एमएसआईटीएम सीईओ हसन सईद ने बताया कि मुकाबला किरात में मो0 समीर जिला रामपुर ने प्रथम, जावेद अहमद मऊनाथ भंजन ने द्वितीय और मो0 जहांगीर आलम सूरजपुर छत्तीसगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में मौलवी मो0 नफीस बलरामपुर (उ0प्र0) ने प्रथम, मौलवी मो0 हाशिम रजा बाड़मेर (राजस्थान) ने द्वितीय और मो0 शकील गोरखपुर (उ0प्र0) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा मो0 जाकिर आलम, मेंहदी हसन, शोएब अहमद, मो तौसीफरजा, मो हाशिम, फिदा मोहम्मद, मसूद अहमद, आजम खान, मो0 तहसीन रजा, मो0 मामून, अब्दुल कादिर, मो0 वसी, अब्दुल खालिक एवं युनुस अली ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दरबारे आलिया मीनाइया की तरफसे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 रूपये नगद पुरस्कार के साथ ट्राफी, प्रमाण पत्र, बैग एवं पुस्तकें आदि भेंट की गईं। इस अवसर पर कारी निसार अहमद मीनाई, डॉ0 लायक अली, मौलाना सैय्यद शहजाद, बाबा फकीर मोहम्मद, वली मोहम्मद, बजरंगी बाबू, राजेंद्र मिश्रा एवं नूर अली आदि उपस्थित रहे।

## मैनपुरी में तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक तालाब में दो बहनों समेत तीन नाबालिग लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर को ए लड़कियां किशनी रोड के समीप तालाब में नहाने गई थीं, तभी वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमलेश दीक्षित ने पीटीआई-भाषा को बताया कि लड़कियों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि फुलवती (12), उसकी बहन जामवती (10) और उसकी सहेली खुशबू (नौ) स्टेशन रोड स्थित झुग्गी बस्ती में रहती थीं और आजीविका के लिए अपने माता-पिता के साथ प्लास्टिक, कचरा इकट्ठा करती थीं। रविवार की दोपहर वे किशनी रोड पर कूड़ा बीनने गई थीं, जहां उन्होंने गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में नहाने का फैसला किया।

## दुर्घटना में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के चिकित्सक के एक पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि दूसरे पुत्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुलतानपुर के चिकित्सक डॉ मनोज अग्रवाल के दोनों बेटे रविवार की देर रात्रि में कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम सौरमऊके पास कार से जा रहे थे तभी उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें बड़े बेटे कौस्तुभ (27) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छोटा बेटा कार्तिकेय भी गंभीर रूप से घायल है।

## आरेडिका में 87 वाँ अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक शमशेर सिंह कलसी के द्वारा सुप्रसिद्ध एथलीट एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री बहादुर प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।इस चैंपियनषिप में कुल 23 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के खिलाड़ी प्रतिभाग ले रहे हैं तथा इस एथलेटिक चैंपियनषिप में लगभग 49 इवेंट में खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। जिसमें मुख्य रूप से 100मी् पुरुषध्महिला दौड़, 500मी. पुरुष-महिला दौड़, लंबी कूद, हैमर थ्रोए पॉल वोल्टए डिस्क थ्रो, और रिले दौड़ आदि प्रतियोंगिताएं शामिल हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने के लिए शपथ ली और मार्च पास्ट निकालकर अपनी एकता का प्रदर्षन किया। आरेडिका के सांस्कृतिक संगठन द्वारा सभी खिलाड़ियों का स्वागत गीत से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नाडा की टीमए रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के टेक्निकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न खेलों के कोच एवं आरेडिका के खेल.कूद संघ के अध्यक्ष एसण् केण् कटियारए सचिव एसणएसणकेरो पीसीएमएम, एन डी राव, पीएफए जे एन पाण्डेयए पीसीईई संजय अग्रवाल एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी तथा खेलकूद संघ के कर्मचारियों सहित रेल सुरक्षा बल के जवान भी उपस्थित रहे।

## मुख्य न्यायाधीश के आश्वासन पर अधिवक्ताओं की हड़ताल स्थगित

**व्यवस्था न सुधरने पर 12 सितंबर को बार एसोसिएशन की होगी बैठक**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने पिछले चार दिन से चल रही हड़ताल स्थगित कर दी है। सोमवार 29 अगस्त से न्यायिक कार्य फिर से शुरू होगा। अगली बैठक 12 सितंबर को बुलाई गई है। जिसमें सुधार के कदमों की समीक्षा की जायेंगी। बार कार्यकारिणी की पूर्व पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इससे पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने वरिष्ठ न्यायमूर्तियों के साथ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व ? वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ बैठक में विचार विमर्श किया और मुख्य न्यायाधीश ने समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायमूर्ति के आश्वासन पर हड़ताल पंद्रह दिन के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता बुधवार से ही न्यायिक कार्य से विरत चल रहे थे। उनकी मांग है कि मुकदमों की सुनवाई और लिस्टिंग व्यवस्था सहित अन्य कठिनाइयों का हल निकाले। इसी कड़ी में मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने मुकदमों की रिपोर्टिंग और दाखिले को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। रविवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने पूर्व पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति के आश्वासन पर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय को वापस लेने और व्यवस्था में सुधार का आश्वासन देने के मामले पर चर्चा हुई। इसके बाद बार एसोसिएशन ने पंद्रह दिनों के लिए अपने न्यायिक कार्य से विरत रहने के निर्णय को स्थगित कर दिया। महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने कहा की सोमवार से न्यायिक कार्य किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता राधाकांत ओझा ने किया। बैठक में कार्यकारिणी के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता वी पी श्रीवास्तव ओ पी सिंह महेंद्र बहादुर सिंह जी एस चतुर्वेदी मनोज मिश्र संयुक्त सचिव प्रेस आशुतोष त्रिपाठी ने हिस्सा लिया। बार एसोसिएशन के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अधिवक्ताओं में विक्रांत पांडेय संतोष कुमार मिश्र प्रशांत सिंह रिंकू अतुल पांडेय अशोक कुमार सिंह उदय शंकर तिवारी अश्वनी कुमार ओझा राजीव शुक्ला ऋषेश श्रीवास्तव जी पी सिंह बीरेंद्र प्रसाद शुक्ल जगदीश सिंह बुंदेला आदि प्रमुख थे।

## दारोगा का रिश्वत मांगते हुए वीडियो वायरल, निलंबित

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले मे एक दारोगा द्वारा दुष्कर्म के मामले मे एक आरोपी का नाम प्राथमिकी से हटाने के बदले रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोमवार को आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कि वायरल वीडियो मे उस वक्त खखरेरू थाने मे तैनात दारोगा कन्हैयालाल गौतम दुष्कर्म के एक मामले मे एक आरोपी का नाम हटाए जाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मे मोलभाव की बात कहता नजर आ रहा है। एसपी ने कहा कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) से जांच कराई गई, जिसमे प्रथमदृष्टया मामला सही पाए जाने पर आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो दो से तीन महीने पुराना बताया जा रहा है, तब कन्हैयालाल गौतम खखरेरू थाने मे तैनात था।

## स्मृति ईरानी को न पहचान पाने वाले अमेठी के लेखपाल के खिलाफ जांच के आदेश

**अमेठी।** जिले मे एक पीड़ित की शिकायत पर अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी द्वारा फोन करने पर उन्हे नही पहचान पाने वाले लेखपाल के खिलाफ कार्यो मे लापरवाही बरतने के आरोप मे जांच के आदेश दिए गए है। मुसाफिरखाना के गांव पूरे पहलवान निवासी करुणेश ने 27 अगस्त को अमेठी के दौरे पर आई सांसद स्मृति ईरानी को शिकायत पत्र देकर कहा था कि उनके पिता शिक्षक थे तथा उनका निधन हो गया है। उनकी मां सावित्री देवी को पेंशन मिलनी है, जिसका सत्यापन लेखपाल दीपक नही कर रहे है। करुणेश ने कहा था कि इस वजह से उनकी मां को पेंशन नही मिल पा रही है जिस पर सांसद ने लेखपाल को फोन किया था लेकिन लेखपाल उन्हे पहचान नही पाया था।अमेठी की मुख्य विकास अधिकारी अंकुर लाठर ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कुरुणेश के शिकायत पत्र के मुताबिक मुसाफिरखाना के लेखपाल दीपक ने अपनी जिमेदारी के प्रति घोर लापरवाही दिखाई और अपनी जिमेदारी न निभाने के आरोप मे मुसाफिरखाना के उप जिलाधिकारी को इसकी जांच का जिम्मा सौपा गया है। जाँच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्वाई की जाएगी। गौरतलब है कि शुक्रवार को अमेठी के दौरे पर आई सांसद स्मृति ईरानी ने फरियादी कुरुणेश की शिकायत पर लेखपाल दीपक को फोन किया था लेकिन लेखपाल ने ईरानी और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर लाठर को न पहचान पाने की बात कही थी। लाठर ने तुरंत सांसद से फोन लेकर लेखपाल दीपक को कार्यालय आकर मिलने को कहा था। दीपक मुसाफिरखाना तहसील के गौतमपुर ग्राम सभा मे तैनात है।

## मंदिर में मूर्तियां क्षतिग्रस्त करने की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

**अलीगढ़।** जिले के बन्नादेवी थाना क्षेत्र स्थित रसलगंज पुलिस चौकी के नजदीक स्थित एक मंदिर मे रखी कुछ मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश के आरोप मे 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात 25 वर्षीय एक युवक को रसलगंज पुलिस चौकी के नजदीक एक अतिव्यस्त क्षेत्र मे स्थित एक मंदिर मे घुसकर वहां रखी मूर्तियो को नुकसान पहुंचाने के आरोप मे गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गिरफ्तार युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हो सकी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी पहचान की थी।


# शायरी के माध्यम से आज भी लोगों के दिलों में हैं फिराक

**फ़िराक गोरखपुरी की जयंती की पूर्व संध्या पर एकेडमी परिसर के गाँधी सभागार में फ़िराक शख्सियत और शायरी विषयक संगोष्ठी आयोजित**



**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज के तत्वावधान में शनिवार को फ़िराक गोरखपुरी के जयंती की पूर्व संध्या पर एकेडेमी परिसर के गाँधी सभागार में फ़िराकरू शख्सियत और शायरी विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारम्भ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ स्मृति चिह्न और शॉल देकर किया। एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि फ़िराक अपनी शायरी के माध्यम से आज भी लोगों के दिलों में बसे हैं। फ़िराक एक महबूब शायर हैं जिनकी शायरी का अपना अलग अंदाज है उन्होंने हिन्दी एवं उर्दू को अपनी शायरी में ऐसे पिरोया जैसे माले में मोती। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो सतपाल तिवारी निदेशक हिन्दी विभाग उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने कहा कि फ़िराक गोरखपुरी का नाम उर्दू शायरी में राष्ट्रीयता चिंतन लोक परंपरा और संस्कृति के लिए जाना जाता है। वह बहुआयामी शख्सियत के धनी थे। उनकी कुछ शायरी तथा गजलें सूरदास की याद दिलाती हैं। आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है। बालक तो हई चाँद पे ललचाया है। दर्पण उसे दे के कह रही है माँ। देख आईने में चाँद उतर आया है। संगोष्ठी के सम्मानित सरस्वती पत्रिका के सम्पादक एवं वरिष्ठ साहित्यकार रविनदंन सिंह फ़िराक की शख्सियत और उनकी शायरी पर बात करते हुए कहा कि फ़िराक इलाहाबाद की आबरू हैं। उनकी शायरी में जो कशिश है। वह अन्यत्र नहीं मिलती। उन्होंने जीवन में कई तरह से विषपान किया और अपनी शायरी में अमृत की बरसात की। फ़िराक के अंदर दरिया की खामोशी थीए रात का अंधेरा था और उसमें मौजूद था एक न खत्म होने वाला गम एक गहन उदासी और एकांत। संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता डॉ फाज़िल अहसन हाशमी उर्दू विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि फ़िराक गोरखपुरी ने हिन्दुस्तानी तहजीब और संस्कृति को अपनी शायरी के द्वारा उभारा है। उनकी शायरी प्यार और मोहब्बत की एक आवाज़ है। उनकी गजलें फिक्र और एहसास का एक हसीन संगम हैं। शायद यही वजह है कि उनकी शायरी इज़्हार नहीं एक विश्लेषण है। उन्होंने अपने दुख और सुख को शायरी का अंदाज़ बना कर पेश किया है। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन एकेडेमी की प्रकाशन अधिकारी ज्योतिर्मयी ने किया। कार्यक्रम में डॉ अमिताभ त्रिपाठी डॉ बीरेन्द्र कुमार तिवारी डॉ उषा मिश्रा शाम्भवी डॉ पीयुष मिश्रा शैलेन्द्र जय वज़ीर खान एम एस खान विवेक सत्यांशु रणंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वापसी के बाद हार्दिक का खेल और बेजोड़ हुआ : रोहित



भाषा। दुबई

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि हार्दिक पंड्या वापसी करने के बाद अपने खेल को बेहतर समझने लग गए हैं तथा बल्ले और गेंद से अपने प्रदर्शन को लेकर अधिक आश्वस्त हैं। हार्दिक के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने रविवार को एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। हार्दिक ने जहां गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए वहीं बल्लेबाजी में 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए जिसमें मोहम्मद नवाज पर लगाया गया विजई छक्का भी शामिल है। उन्होंने दबाव में बेहतरीन बल्लेबाजी का नजारा पेश किया। रोहित ने कहा कि हार्दिक ऐसा खिलाड़ी है जो जानता है कि मैच की भिन्न परिस्थितियों में उन्हें किस तरह से खेल दिखाना है। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, जबसे उसने (हार्दिक) वापसी की उसका प्रदर्शन बेजोड़ रहा है। जब वह टीम का हिस्सा नहीं था तो उसने यह पता लगाया कि उसको अपनी फिटनेस बनाए रखने के लिए क्या करना है और अब वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है। रोहित ने कहा, हम सभी जानते हैं कि वह कितना अच्छा बल्लेबाज है और वापसी करने के बाद उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अब वह अधिक शांत चित्त हो गया है और वह बल्लेबाजी या गेंदबाजी में क्या करना चाहता है इसको लेकर अधिक आश्वस्त है। हार्दिक ने रविवार को खेले गए मैच में काफी तेजी से गेंदबाजी की। रोहित ने कहा, वह वास्तव में बहुत तेज गेंदबाजी कर सकता है। हमने आज उसकी शार्ट पिच गेंदों में ऐसा देखा। यह अपने खेल को समझने से जुड़ा हुआ है और वह इस मामले में शानदार है। जब आपको प्रति ओवर 10 रन की दरकार हो तब दबाव में आप घबरा सकते हैं लेकिन वह किसी भी समय दबाव में नहीं आया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 147 रन पर आउट कर दिया था लेकिन शीर्ष क्रम की नाकामी के कारण उसके लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं रहा। रोहित ने कहा, लक्ष्य का पीछा करते हुए आधे ओवर पूरे होने के बाद भी हमें विश्वास था कि परिस्थिति कैसी भी हो हम जीत सकते हैं। हमें पूरा विश्वास था और जब आपको ऐसा विश्वास होता है तो इस तरह की चीजें हो सकती हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को आसानी से लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया। बाबर ने कहा, गेंदबाजी में हमने जिस तरह की शुरुआत की वह शानदार थी, लेकिन बल्लेबाजी में हमने 15 से 20 रन कम बनाए। गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे यह मैच रोमांचक बन गया था।

## यह जीत हार्दिक के लिए उपलब्धि से कम नहीं

**दुबई।** करियर को खतरे में डालने वाली पीठ की चोट के कारण चार साल पहले इसी प्रतिद्वंदी के खिलाफ इसी मैदान को छोड़ने वाले हार्दिक पंड्या के लिए एशिया कप के शुरुआती मैच में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत किसी उपलब्धि से कम नहीं है। हार्दिक ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए और बाद में 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन की उपयोगी पारी खेली जिसमें स्पिनर मोहम्मद नवाज पर लगाया गया विजई छक्का भी शामिल है। चार साल पहले पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके कारण उन्हे लगभग तीन साल तक खेल से बाहर रहना पड़ा। हार्दिक ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, इस जीत से मै बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। एक टीम के रूप में हमें चुनौती दी गई थी। रविंद्र जडेजा ने जिस तरह से अच्छी बल्लेबाजी की उससे भी मै खुश हूं। उन्होंने कहा, मुझे वे सभी बातें याद आ रही थी जब मुझे स्ट्रेचर पर ड्रेसिंग रूम ले जाया गया था। ऐसी परिस्थितियों से गुजरने और आज मौका मिलने पर आपको यह उपलब्धि जैसी लगती है। हार्दिक ने अपनी सफल वापसी का श्रेय भारतीय टीम के पूर्व फिजियो और वर्तमान में बीसीसीआई खेल विज्ञान के प्रमुख नितिन पटेल और मौजूदा अनुकूलन कोच सोहम देसाई को दिया। उन्होंने कहा, यह सफर बहुत अच्छा रहा और हमें कड़ी मेहनत का फायदा मिल रहा है लेकिन इस दौरान जिन्होंने भी मुझे फिट करने में भूमिका निभाई उनको कभी श्रेय नहीं मिला। मै हमेशा उन व्यक्तियों को श्रेय देना चाहता हूं जो इसके हकदार है। मैंने जिस तरह से वापसी की उसका श्रेय मै नितिन पटेल और सोहम देसाई को दूंगा। हार्दिक पाकिस्तान के खिलाफ मैच में एक बार में केवल एक ओवर के लिए ही रणनीति तैयार कर रहे थे और अगर भारत को जीत के लिए अंतिम ओवर में सात के बजाय 15 रन की जरूरत भी होती तो वह इसके लिए खुद को तैयार रखते। पंड्या ने मैच के बाद कहा, इस तरह के लक्ष्य का पीछा करने में आपको प्रत्एक ओवर के लिए रणनीति तैयार करनी होती है। मुझे शुरू से पता था कि उनकी टीम में (जिनके ओवर बचे है उनमें) एक युवा गेंदबाज (नसीम या शाहनवाज दहानी) और बाएं हाथ का एक स्पिनर (मोहम्मद नवाज) है।



## गेंदबाजी करते हुए खेल के बारे में सोचना गेंदबाजी कौशल जितना ही महत्वपूर्ण: भुवनेश्वर



**दुबई।** एशिया कप के पहले मैच में पाकिस्तान पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का मानना है कि प्रत्एक विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ ठोस योजना होना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मैदान पर अपने कौशल का प्रदर्शन करना। भुवनेश्वर ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विरोधी कप्तान बाबर आजम के विकेट सहित चार विकेट चटकाए। इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पाकिस्तानी कप्तान को अपने दूसरे ही ओवर में बाउंसर से हैरान किया जिन्होंने पुल करने की कोशिश में शॉर्ट फाइन लेग पर अर्शदीप सिंह को कैच थमाया। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है कि उसके पास पहले से ही योजना हो, फिर चाहे यह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी क्योंकि टी20 काफी तेजी से बदलने वाला प्रारूप है। विकेट से स्विंग करने में मदद नहीं मिल रही थी और उछाल भी अधिक था इसलिए हमने योजना बनाई। हम जानते थे कि बल्लेबाज की ताकत क्या है और जब हम कुछ और गेंद फेंकते है तो हमें बेहतर नजरिया मिलता है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, मेरा मानना है कि खेल के बारे में सोचना इतना ही महत्वपूर्ण है जितना आपका कौशल। भारतीय टीम ने शॉर्ट पिच गेंदों से पाकिस्तान के बल्लेबाजों को परेशान किया और आखिरकार विरोधी टीम को 147 रन पर समेट दिया। भुवनेश्वर को लगता कि बाबर के विकेट ने पाकिस्तान की योजना को नुकसान पहुंचाया क्योंकि पारी को संवारने के लिए वह उन पर निर्भर करती है। बाबर के आउट होने के बाद हमने यह नहीं सोचा था कि पाकिस्तान की आधी टीम आउट हो गई है। वह एक अच्छा खिलाड़ी है लेकिन तकनीकी रूप से नौ अन्य बल्लेबाज बाकी थे। एक टीम के रूप में हमें नहीं लगता कि अगर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आउट हो जाता है तो आधी टीम आउट हो जाती है। लेकिन हां एक बार जब वह आउट हो गए तो हमें पता था कि उनकी योजना प्रभावित होगी क्योंकि पारी को संजोकर रखने वाला बल्लेबाज आउट हो गया था। चोट से जूझने के बाद भुवनेश्वर ने लय हासिल कर ली है। अपनी गेंदबाजी के बारे में बात करते हुए इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने कुछ भी नहीं बदला है। मै उसी तरह अभ्यास कर रहा हूं। हर किसी लिए खराब मैच आता है लेकिन मैंने कुछ भी नहीं बदला है। कभी-कभी आपको भाग्य की आवश्यकता भी होती है। भुवनेश्वर रविवार के गेंदबाजी प्रदर्शन से खुश दिखे। मै केवल विकेटों से नहीं बल्कि प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

# पूर्व दिग्गजों ने हार के बाद भी पाकिस्तान की प्रशंसा की

भाषा। कराची

**आम तौर** पर भारत से हारने के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों की कड़ी आलोचना होती है लेकिन एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी से मिली हार के बावजूद पूर्व क्रिकेटरों ने अपनी टीम को सराहा है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा , दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच से पहले एक दूसरे के प्रति काफी सम्मान दिखाया जिससे भारत से हारने के बावजूद टीम की आलोचना नहीं हुई और हमारी टीम आखिरी ओवर तक जुझारूपन का प्रदर्शन करती रही। कराची में भी मैच को देखने के लिए जगह जगह बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। पूर्व टेस्ट स्पिनर इकबाल कासिम ने कहा , यह शानदार मैच था और काफी करीबी भी। शाहीन शाह अफरीदी के बिना भी पाकिस्तानी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। हमें चौथे तेज गेंदबाज की कमी खली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अगर 15-20 रन अधिक बनाए होते तो हम मैच जीत सकते थे। कासिम ने कहा , हमारे तेज गेंदबाजों खासकर नसीम शाह और शाहनवाज दहानी ने शानदार गेंदबाजी की। चोट के बावजूद नसीम ने जिस तरह आखिरी ओवर पूरा किया, वह देखना काफी प्रेरणास्पद था। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों टीमों के बीच उन्होंने ही अंतर पैदा किया।मुझे लगता है कि उन्होंने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया। हार्दिक ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमाल किया। वह चैम्पियन हरफनमौला है। पूर्व तेज गेंदबाज अकीब जावेद और सिकंदर बख्त ने हार्दिक और भुवनेश्वर कुमार की तारीफ की। दोनों ने शॉर्टपिच गेंदों का बखूबी इस्तेमाल किया और उसका फायदा भी मिला। बाबर आजम का विकेट और नसीम के पहले ओवर में विराट कोहली का कैच छूटना अहम साबित हुआ। पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा कि दो बड़ी टीमों के बीच मुकाबला रोचक होना ही था। पाकिस्तान ने अंत तक जैसा खेल दिखाया , वह देखकर अच्छा लगा। नसीम और मोहम्मद नवाज ने शानदार गेंदबाजी की। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कहा कि भारत ने बाबर के खिलाफ अच्छी रणनीति बनाई थी। उन्होंने कहा , बाबर को आउट करना आसान नहीं है तो भारत ने अचानक शॉर्ट गेंद डालकर चौका दिया।



### कोहली ने हारिस राउफ को अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी तोहफे में दी

**दुबई।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने यहां एशिया कप में पाकिस्तान पर टीम की पांच विकेट से जीत के बाद विरोधी टीम के तेज गेंदबाज हारिस राउफ को अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कोहली राउफ को अपनी जर्सी भेंट करते नजर आ रहे है। इसके बाद रविवार की रात खिलाड़ियों ने हाथ मिलाया।

### पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में तोमर को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया

**भोपाल।** रुद्राक्ष पाटिल ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल स्पर्धा में सोमवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी 6 स्पर्धा में तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर को शिकस्त दी। अठारह वर्षीय पाटिल और तोमर ने आठ खिलाड़ियों के सेमीफाइनल चरण में क्रमशः: 261.9 और 261.3 के स्कोर के साथ पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पाटिल ने यहां राज्य निशानेबाजी अकादमी परिसर में जूनियर विश्व कप के स्वर्ण पदक विजेता तोमर को 16-6 से मात दी।

### लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना और बेंजेमा ने रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वल्लाडोलिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस अनुभवी स्ट्राइकर ने बायर्न म्युनिख से बार्सिलोना के साथ जुड़ने के बाद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है। बार्सिलोना के कोच झावी हर्नांडेज ने भी कहा कि लेवांडोव्स्की असाधारण प्रदर्शन कर रहा है। बार्सिलोना अगर लेवांडोव्स्की पर निर्भर है तो रियाल मैड्रिड का दारोमदार करीम बेंजेमा पर टिका है।

### नेमार के गोल से पीएसजी ने मोनाको से ड्रा खेला

**पेरिस।** नेमार ने पहले पेनल्टी हासिल की और फिर उसे गोल में बदला जिससे पेरिस सेंट जर्मेन त्र (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के एक मैच में अधिकतर समय पिछड़ने के बावजूद मोनाको से।-। से ड्रॉ खेला। नेमार ने रविवार को खेले गए इस मैच में लियोनेल मेसी के पास पर मोनाको के डिफेंडर गुलेर्मो मरिपन की गलती से पेनल्टी हासिल की। रेफरी ने पहले पेनल्टी नहीं दी थी लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उन्होंने पीएसजी को पेनल्टी दे दी जिसे गोल में बदलने में नेमार ने कोई गलती नहीं की।

### उत्तराखंड ने दूसरे राज्य के खिलाड़ियों के रूप में तारे और जीवनजोत से करार किया

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड क्रिकेट संघ (सीएयू) ने आगामी घरेलू सत्र के लिए मुंबई के पूर्व कप्तान आदित्य तारे और जीवनजोत सिंह को राज्य से बाहर के खिलाड़ियों के रूप में अनुबंधित किया है। सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने पीटीआई को बताया कि स्वप्निल सिंह को भी दूसरे राज्य के खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा गया है।

### स्मार्टबॉक्सर सॉफ्टवेयर से ओलंपिक में मुक्केबाजों के पदक में इजाफे की उम्मीद

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और कर्नाटक के बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के शोधकर्ता 2024 ओलंपिक में देश के पदकों की संख्या को बढ़ाने के लिए स्मार्टबॉक्सर नाम का सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे है।

# मुंबई खिलाड़िज को 58-42 से हराकर चेन्नई क्विक गन्स प्लेऑफ में




भाषा। पुणे

**शानदार लय** में चल रहे रामजी कश्यप के हरफनमौला खेल और पी नरसेया के शानदार आक्रमण की मदद से चेन्नई क्विक गन्स ने अल्टीमेट खो-खो लीग में मुंबई खिलाड़िज पर 16 अंकों की जीत के साथ प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई किया। चेन्नई क्विक गन्स प्ले-ऑफ में जगह बनाने वाली तीसरी टीम है। टीम 58-42 की जीत ने तेलुगु योद्धाज को भी नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने में मदद की। ओडिशा जगरनॉट्स और गुजरात जायंट्स की टीमें पहले ही प्लेऑफ में प्रवेश कर चुकी हैं। अमित पाटिल की अगुवाई वाली चेन्नई क्विक गन्स ने इसके साथ ही मुंबई खिलाड़िज की अंतिम चार में जगह बनाने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### युवा महिला खिलाड़ियों की मदद के लिए एएफआई ने एचएसबीसी से साझेदारी की

**मुंबई।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देश में युवा महिला खिलाड़ियों के समर्थन के लिए सोमवार को एचएसबीसी इंडिया के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत प्रतिभावान लड़कियों को अंडर-14 और अंडर-16 श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से चुना जाएगा और वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया जाएगा।

### वाणी दो अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष 20 में रही

**स्काफ्टो (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट डिड्किसन्स स्काफ्टो ओपन में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रही। नीदरलैंड में पिछले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहने वाली वाणी ने यहां कुल दो अंडर 205 का स्कोर किया और शीर्ष 20 में जगह बनाई। लय तलाश रही त्वेसा मलिक ने लगातार दूसरी बार पार 69 का कार्ड खेला और वह कुल दो ओवर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर रही।

# अफगानिस्तान पर जीत के साथ आगाज करने उतरेगा बांग्लादेश

● आज होगा मुकाबला




भाषा। शारजाह

**बांग्लादेश** की टीम मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 प्रारूप में अपने रिकॉर्ड में सुधार की उम्मीद के साथ उतरेगी। पहले मैच में अफगानिस्तान के तेज गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं सके थे। दूसरी ओर टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रही शाकिब अल हसन की अगुवाई वाली बांग्लादेशी टीम इस प्रारूप में अपना रिकॉर्ड बेहतर करना चाहेगी। पिछले साल विश्व कप के बाद से उसने इस प्रारूप में 13 में ए दो ही मैच जीते हैं। फारूकी और नवीनुल हक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी थी। बांग्लादेश के हरफनमौला मेहदी हसन ने कहा कि उनकी टीम श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका के दावे का जवाब मैदान पर देगी जिन्होंने उनकी टीम से अफगानिस्तान को बेहतर आंका था।हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते कि यह टीम अच्छी है या वह टीम खराब है। यह मैदान पर साबित होगा। खराब खेलने पर अच्छी टीम भी हार सकती है और अच्छा खेलने पर बुरी टीम भी जीत सकती है। हसन ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ पहला मुकाबला काफी महत्वपूर्ण होगा। किसी भी टूर्नामेंट का पहला मैच काफी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे पता चलता है कि हम कहां तक जाएंगे और हम कैसा क्रिकेट खेलने वाले हैं क्योंकि इससे टीम की दिशा तय होती है। हसन ने कहा, अगर यह स्पिन के अनुकूल विकेट होता है तो अच्छा होगा क्योंकि दोनों टीम के पास स्तरीय स्पिनर हैं लेकिन मेरा मानना है कि जो टीम बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करेगी वह मैच जीतेगी।

## राजस्थान को हराकर मुंबई डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

भाषा। कोलकाता

**इंडियन सुपर** लीग की पूर्व चैम्पियन टीम मुंबई सिटी एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां राजस्थान यूनाइटेड को 5-। से करारी शिकस्त देकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। मुंबई सिटी एफसी पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। कोच डेस बकिंगघम की टीम ने ग्रेग स्टीवर्ट (10वें मिनट), लियानजुआला छांगटे (18वें मिनट) और मेहताब सिंह के गोल से शुरुआती 36 मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के दूसरे हाफ में अहमद जाहौह (63वें) और स्थानापन्न विक्रम प्रताप सिंह (90+2) ने गोल दागे। आई-लीग की टीम राजस्थान यूनाइटेड के लिए ज्ञानमर निकुम ने मैच के 67वें मिनट में टीम का इकलौता गोल किया। राजस्थान की टीम इस टूर्नामेंट में मोहन बागान को हरा चुकी है जबकि ईस्ट बंगाल के साथ उसने गोल रहित ड्रॉ खेला था।


# मोदी और खिलाड़ियों ने खेल दिवस पर बधाई दी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कई राजनेताओं और खिलाड़ियों ने भी देशवासियों को बधाई दी। महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती के मौके पर हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। मोदी ने ट्वीट किया, राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई और मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। हाल के वर्ष खेलों के लिए बहुत अच्छे रहे हैं। यह सिलसिला जारी रहे। कामना करता हूं कि खेल पूरे भारत में लोकप्रियता हासिल करते रहें। जूनियर खेल मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने ट्वीट किया, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। इराष्ट्रीय खेलदिवस 2022 के अवसर पर मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने भारत में खेलों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। भारत को एक खेल राष्ट्र बनाने के लिए मिलकर काम करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा, भारतीय हॉकी में शानदार योगदान देने वाले मेजर ध्यानचंद को राष्ट्रीय खेल दिवस पर श्रद्धांजलि। साथ ही उन सभी खिलाड़ियों को बधाई जिन्होंने अपने समर्पण और उल्लेखनीय प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। आगामी प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं। पूर्व खेल मंत्री और वर्तमान केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, इराष्ट्रीयखेलदिवस और मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मैं महान भारतीय हॉकी के जादूगर को विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। मैं उन खिलाड़ियों को सलाम करता हूं जो भारत के लिए खेले और देश को गौरवांवित किया। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा की अगुआई में खेल जगत ने बधाइयां दी। तेंदुलकर ने रूपा रानी टिर्की, पिंकी, नयनमोनी सेकिया और लवली चौबे का उदाहरण देते हुए अपना संदेश दिया। इन चारों ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला लॉन बॉल फोर (चार खिलाड़ियों की स्पर्धा) स्पर्धा में एतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। रूपा, लवली, नयनमोनी और पिंकी की कहानी आशा की कहानी है। उन्होंने ना केवल हमारे लिए एक कम ज्ञात खेल को फिर से पेश किया बल्कि अपने लिए उचित पहचान भी हासिल की। रूपा रानी टिर्की कभी कबड्डी खिलाड़ी थीं, नयनमोनी सेकिया एक भारोत्तोलक, पिंकी सिंह एक क्रिकेटर जबकि लवली चौबे एक धावक थी। वे एक ऐसे खेल के लिए एक साथ आए जिसके बारे में काफी लोग नहीं जानते थे। अब उनके नाम पर एतिहासिक स्वर्ण है। इसके साथ उन्होंने इस पुरानी कहावत को सही साबित किया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। एक अरब 30 करोड़ लोगों के देश में हमें बाधाओं को तोड़ने और खेल में जीत से क्या रोक सकता है? इस राष्ट्रीय खेल दिवस पर आइए हम भारत को खेल प्रेमी राष्ट्र से खेल खेलने वाला देश बनाने के अपने सामूहिक प्रयास को जारी रखें। चोपड़ा ने ट्वीट किया, महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है और मैं भारत को खेलते हुए देखने को लेकर उत्सुक हूं। सिर्फ इसी दिन नहीं बल्कि पूरे साल। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने लिखा, मेरा खेल मुझे सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई। पूर्व भारतीय क्रिकेटरों युवराज सिंह, मिताली राज और दिनेश कार्तिक ने भी सोशल मीडिया पर देशवासियों को बधाई दी। युवराज ने लिखा, आज और रोजाना खेल भावना को सलामउ महान चैंपियनों के इस देश का नागरिक होने पर गर्व है,कार्तिक ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में जिसने अपना जीवन उस खेल को समर्पित कर दिया है जिसे वह प्यार करता है, मैं कह सकता हूं कि खेल किसी के लिए कितना मायने रखता है। ऐसे सभी खिलाड़ियों और लोगों को जो खेल खेलना या देखना पसंद करते हैं उन्हें इराष्ट्रीयखेलदिवस की शुभकामनाएं। मिताली ने ट्वीट किया, राष्ट्रीय खेल दिवस दिवंगत मेजर ध्यानचंद की विरासत की याद दिलाता है।







### हॉकी इंडिया के नए संविधान मसौदे से संतुष्ट एफआईएच ने कहा, विश्व कप ड्रॉ पर खतरा नही

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ( एफआईएच) ने सोमवार को हॉकी इंडिया चुनावों पर अपनी स्थिति साफ करते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश में इस खेल का संचालन करने वाली प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा भेजा गया संशोधित मसौदा संविधान पूरी तरह से उसके नियमों के मुताबिक है। एफआईएच ने यह भी कहा कि अगले साल 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप का ड्रॉ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आठ सितंबर को होगा।

### सुपर हैवीवेट मुक्केबाज मोहम्मद अजहर को डब्यूबीसी इंडिया खिताब

**गुरूग्राम।** दिल्ली के मुक्केबाज मोहम्मद अजहर ने यहां धर्मवीर सिंह पर सर्वसम्मति से जीत दर्ज करके सुपर फीदरवेट वर्ग में डब्ल्यूबीसी इंडिया का खिताब जीता। रविवार की रात को हुआ यह मुकाबला 32 मिनट तक चला जिसमें जजों ने अजहर को 79-72, 76-75, 79-72 से विजेता घोषित किया। पहले दौर में 25 वर्षीय अजहर को हार का सामना करना पड़ा था। तब तीनों जजों ने उनके खिलाफ फैसला दिया था लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और अगले सात दौर में जीत दर्ज करके मुकाबला अपने नाम किया। अजहर तकनीकी तौर पर बेहतर मुक्केबाज साबित हुए। उनके नाम पर अब पांच जीत दर्ज हो गई हैं।

# खेल में दम दिखाकर ध्यानचंद को किया याद

**लखनऊ।** स्व.मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें खिलाड़ियों ने अपने दमखम दिखाए। अण्डर-18 वर्ग की जूडो एवं शतरंज प्रतियोगिता का परिणाम। शतरंज : बालक वर्गः-1. अथर्व रस्तोगी 2. सन्यम श्रीवास्तव 3. अक्षराज श्रीवास्तव 4. प्रणव रस्तोगी 5. दिव्यांश पाण्डेय 6. शुभ श्रीवास्तव बालिका वर्गः-1. निशा भूषन 2. श्रीपर्णा राय 3. गारगी सिंह, जूडो : बालिका वर्ग:20किग्रा प्रथम-अर्चना दीक्षित द्वितीय-अवनी साहू तृतीय-स्राव्या अग्रवाल-24 किग्रा प्रथम-रश्मी, तृतीय-आराध्या शंकर 28किग्रा,प्रथम-वैष्णवी कश्यप द्वितीय-सिद्दि तिवारी तृतीय-आराध्या साहू-35 किग्रा प्रथम-आकृशिखा द्वितीय-वैष्णवी वर्मातृतीय-तन्वी सिंह, 35 किग्रा.प्रथम-सोनम भारतीद्वितीय-निष्ठा द्विवेदी तृतीय-अन्वी वर्मा, बालक वर्गः-35किग्राप्रथम-अयान आलमद्वितीय-रवि राकेश तृतीय-निशान्त शर्मा 40किग्राप्रथम-क्षितिजद्वितीय-कार्तिकेय गुप्तातृतीय-राहुल यादव ,45किग्रा प्रथम-सूरज सिंह द्वितीय-अमित तृतीय-शहनवाज, 50किग्रा,प्रथम-राजीव कुमार द्वितीय-शिवम तृतीय-अभिरतन पाल 55किग्रा,प्रथम-सुजल कुमार द्वितीय-सूर्यप्रताप सिंह तृतीय-हरि प्रकाश 55किग्रा,प्रथम-सुमित वाल्मीकी द्वितीय-दिव्याशू कुमार तृतीय-लकी कुमार



## साइ सेंटर ने भी दी श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** भारत के प्रधान मंत्री के खेलों के प्रति दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए युवा मामले एवं खेल मंत्रालय व भारतीय खेल प्राधिकरण 29 अगस्त को खेल दिवस के उपलक्ष पर विद्यालीय छात्रों को ओलंपियन/राष्ट्रमंडल के पदक विजेता एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जिन्होंने देश का नाम गौरान्वित किया है से वार्तालाप करने एवं उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित होने को अवसर प्रदान कर रही है। आज इन खिलाड़ियों ने स्कूलों में बातचीत कर खेल के लिए उत्साह वर्धन किया। विजय यादव, राष्ट्रमंडल 2022 (जूडो) स्वर्ण पदक विजेता सत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल, वाराणसी, मनोज सरकार, टोक्यो पैरालंपिक्स (बैडमिन्टन)कांस्य पदक विजेता टॉनब्रिज स्कूल, देहरादून,-सुश्री कोकलिका वारी, वर्ल्ड आर्चरी यूथ चैपियनशिप 22 स्वर्ण पदक विजेता एम डी जैन इण्टर कालेज, आगरा के अलवाअन्य कई विद्यालयों ने भाग लिया। इस संबंध में क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ ने सहायता प्रदान की। क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ में स्टाफ एवं खिलाड़ियों के मध्य विभिन्न प्रकार के गेम हुए। जिन्हे 4 हाउसों में बांटा गया, विजयी टीम को ध्यान चंद ट्राफी दी जायेगी।